09 दिसंबर, 2024
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, अष्टमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 51

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
M.Sc. Nursing
Post Basic B. Sc. Nursing
B.Sc. Nursing
GNM
ANM
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
BMLT
DMLT
OT ASSISTANT
ECG
OPHTHALMIC ASST.
CRITICAL CARE (ICU)
RADIO-IMAGING
ANESTHESIA TECH.
DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
D-PHARM
B-PHARM

## छठी विधानसभा के पहले सत्र के लिए दोनों पक्ष तैयार

# रविंद्र नाथ महतो फिर स्पीकर बनेंगे, नेता प्रतिपक्ष अभी नहीं

- प्रोटेम स्पीकर प्रो स्टीफन मरांडी नये विधायकों को दिलायेंगे शपथ
- राज्यपाल का अभिभाषण और अनुपूरक बजट भी पेश किया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की छठी विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से होगा। सत्ता पक्ष और विपक्ष ने इसकी तैयारी कर ली है। रविवार को दोनों पक्षों के विधायकों की अलग-अलग हुई बैठकों में सत्र के दौरान अपनायी जानेवाली रणनीतियों को अंतिम रूप दिया गया। चार दिवसीय यह सत्र 12 दिसंबर तक चलेगा। इस सत्र में प्रोटेम स्पीकर प्रो स्टीफन मरांडी द्वारा नये सदस्यों को शपथ दिलाने के अलावा अध्यक्ष का चुनाव होगा और राज्यपाल के अभिभाषण के बाद अनुपूरक बजट पेश किया जायेगा। सत्ता पक्ष की तरफ से प्रो रविंद्र नाथ महतो को स्पीकर बनाये जाने का फैसला कर लिया गया है, जबकि विपक्ष की तरफ से विधायक दल का नेता नहीं चुने जाने के कारण इस सत्र में नेता प्रतिपक्ष नहीं होगा।

**ऐसा होगा सदन का नजारा :** छठी विधानसभा का नजारा पूरी तरह बदला होगा। राज्य गठन के बाद पहली बार सत्ता पक्ष दो तिहाई से अधिक बहुमत के साथ ट्रेजरी बेंच पर बैठेगा। इसमें झामुमो के 34, कांग्रेस के 16, राजद के चार और भाकपा माले के दो सदस्य होंगे। उधर विपक्ष की तरफ केवल 24 सदस्य होंगे, जिनमें भाजपा के 21 और जदयू, लोजपा-आर और आजसू के एक-एक विधायक होंगे। पहली बार जेएलकेएम के एक विधायक भी सदन में दिखेंगे।

### कुल 19 सदस्य पहली बार सदन में दिखेंगे



छठी विधानसभा में कुल 81 सदस्य चुन कर आये हैं। इनमें से 19 ऐसे हैं, जो पहली बार विधायक बने हैं। इनमें मो ताजुद्दीन (राजमहल), निशात आलम (पाकुड़), आलोक सोरेन (शिकारीपाड़ा), धनंजय सोरेन (बोरियो), रोशनलाल चौधरी (बड़कागांव), निर्मल महतो (मांडू), प्रदीप प्रसाद (हजारीबाग), कुमार उज्ज्वल दास (सिमरिया), मंजू कुमारी (जमुआ), जयराम महतो (डुमरी), श्वेता सिंह (बोकारो), चंद्रदेव महतो (सिंदरी), रागिनी सिंह (झरिया), शत्रुघ्न महतो (बाघमारा), पूर्णिमा साहू (जमशेदपुर पूर्वी), जगत मांझी (मनोहरपुर), सुदीप गुड़िया (तोरपा), रामसूर्य सिंह मुंडा (खूंटी), सुरेश बैठा (कांके) और नरेश प्रसाद सिंह (विश्रामपुर) शामिल हैं।

### सीएम ने तैयारी के साथ सत्र में शामिल होने को कहा



विधानसभा सत्र के मद्देनजर मुख्यमंत्री आवास में सत्ता पक्ष (झामुमो, कांग्रेस, राजद और भाकपा माले) के नवनिर्वाचित विधायकों की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में प्रो रविंद्र नाथ महतो को फिर से स्पीकर बनाने का फैसला किया गया। संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि सत्र शुरू होने से पहले हुई बैठक में मुख्यमंत्री की ओर से कई निर्देश दिये गये हैं। मुख्यमंत्री ने सभी को तैयारी के साथ सत्र में शामिल होने को कहा है। उन्होंने निर्देश दिया है कि पिछली हेमंत सोरेन सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा हो और विपक्ष की ओर से जो भी बातें रखी जायें, उनका तर्कों के साथ जवाब दिया जाये।

### भाजपा विधायकों की बैठक में बनी रणनीति



विधानसभा सत्र के मद्देनजर भाजपा विधायकों की बैठक रविवार को प्रदेश मुख्यालय में हुई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत सभी नवनिर्वाचित विधायक शामिल हुए। बैठक में छठी विधानसभा के पहले सत्र के दौरान अपनायी जानेवाली रणनीति को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में विधायक दल का नेता नहीं चुने जाने की बाबत कहा गया कि इस पर उचित समय पर फैसला किया जायेगा। सभी विधायकों को मजबूत हौसलों के साथ अपनी बात रखने और जनहित के मुद्दों पर समन्वय बना कर काम करने को कहा गया, ताकि सत्ता पक्ष पर दबाव बनाया जा सके।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक्शन में आय बढ़ाने के उपायों पर फोकस

- राज्य के आठ लोक उपक्रमों को लाभांश का 30 फीसदी देने का निर्देश
- झारखंड शहरी परिवहन निगम लिमिटेड को बंद करने का फैसला

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य सरकार की आय बढ़ाने के लिए नये-नये उपायों पर काम शुरू कर दिया है। उन्होंने राज्य के आठ लोक उपक्रमों को लाभांश का 30 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार को देने का निर्देश दिया है। इन लोक उपक्रमों ने अपने गठन के बाद से अब तक राज्य सरकार को लाभांश नहीं दिया है। इनमें झारखंड राज्य खनिज विकास निगम, झारखंड स्टेट बिवरेजेस कॉरपोरेशन, झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम, झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन, झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन, जुडको, रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन, झारखंड एक्सप्लोरेशन एंड माइनिंग कॉरपोरेशन शामिल हैं। जानकारी के अनुसार इनमें से केवल झारखंड राज्य खनिज विकास निगम लिमिटेड ने लाभांश की घोषणा की थी, लेकिन 15 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किया। इसके अलावा राज्य सरकार ने बंद पड़े झारखंड शहरी परिवहन निगम लिमिटेड (जेयूटीसीएल) को स्थायी रूप से बंद करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर आयोजित समीक्षा के दौरान यह बात सामने आयी कि राज्य सरकार के 16 लोक उपक्रमों ने तीन साल से अपनी वैधानिक वित्तीय रिपोर्ट जमा नहीं की है। वित्त विभाग के प्रधान सचिव ने इन लोक उपक्रमों को जल्द से जल्द रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। समीक्षा बैठक में लोक उपक्रमों की ऑडिट रिपोर्ट, लाभांश और अतिरिक्त पूंजी पर भी चर्चा हुई। यह निर्णय लिया गया कि जिन लोक उपक्रमों ने अपनी जिम्मेदारियां नहीं निभायी हैं, उनके निदेशकों पर कंपनी अधिनियम के तहत मुकदमा चलाया जा सकता है और जुर्माना लगाया जा सकता है।

# खनन राजस्व मॉडल का अध्ययन करने ओड़िशा और छत्तीसगढ़ जायेगी टीम

- वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने दी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के राजस्व बढ़ाने के निर्देश के अनुरूप वित्त विभाग ने भी एक पहल की घोषणा की है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बताया है कि राज्य का खनन राजस्व बढ़ाने के लिए झारखंड का उच्चस्तरीय दल जल्दी ही ओडिशा और छत्तीसगढ़ का दौरा करेगा। यह दल वहां के खनन राजस्व मॉडल का अध्ययन करेगा। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि झारखंड में देश का 40 फीसदी खनिज होने के बावजूद 11 से 12 हजार करोड़ रुपये का ही राजस्व मिलता है, जबकि ओड़िशा को खनन से 50 हजार करोड़ रुपये मिलते हैं। 2016-17 में ओड़िशा को खनन से 49 सौ करोड़ रुपये मिले थे, जो 2021-22 में बढ़कर 50 हजार करोड़ हो गये।

**मंईयां सम्मान योजना के लिए 17700 करोड़ की जरूरत :** राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि सरकार मंईयां सम्मान योजना सहित कई कल्याणकारी योजनाओं की लागत को कवर करने में जुट गयी है। अकेले मंईयां सम्मान योजना के लिए प्रति वर्ष कम से कम 17700 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी।

**1.36 लाख करोड़ बकाये पर कही यह बात:** वित्त मंत्री ने केंद्र के पास 1.36 लाख करोड़ के बकाये पर तर्क दिया कि राजनीतिक नैतिकता यही है कि केंद्र सरकार से निष्पक्षता से कार्य करने और धन जारी करने की मांग की जायेगी।

## न्यूज रील्स

### बांग्लादेशी सैनिकों की हिमाकत, असम में घुसे

गुवाहाटी। हिंदुओं के खिलाफ हिंसा पर उतारू बांग्लादेश की हिमाकत दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। अब असम के श्रीभूमि जिले में एक मंदिर का निर्माण कार्य बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बांग्लादेशी सैनिक) के हस्तक्षेप के बाद अस्थायी रूप से रोक दिया गया। हालांकि श्रीभूमि जिला प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि यह केवल भ्रम की स्थिति थी, और चर्चा के बाद इसे सुलझा लिया गया। श्रीभूमि के जिला आयुक्त प्रदीप कुमार द्विवेदी ने बताया कि भ्रम की वजह अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मंदिर के पुनर्निर्माण स्थल के पास एक काले रंग का प्लास्टिक कवर था। उन्होंने कहा, सीमा के पास मनसा मंदिर का पुनर्निर्माण हो रहा था और श्रमिकों ने वहां एक छोटा सा तंबू बनाया, जिससे बीजीबी के जवान वहां आये। बीजीबी के हस्तक्षेप के कारण निर्माण कुछ समय के लिए रोक दिया गया और शाम को फ्लैग-मीटिंग के बाद भ्रम दूर हो गया।

### जॉर्ज सोरोस के संगठन से जुड़ी हैं सोनिया: भाजपा

नयी दिल्ली। अमेरिकी कारोबारी जॉर्ज सोरोस और कांग्रेस के रिश्तों को लेकर भाजपा ने एक बार फिर मोर्चा खोल दिया है। भाजपा ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक के बाद एक कई पोस्ट करके कहा कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी का जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन द्वारा वित्तपोषित एक संगठन से संबंध है। भाजपा ने कहा कि यह संगठन भारत विरोधी और अलगाववाद का समर्थक है। भाजपा ने कहा कि फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स इन एशिया पैसिफिक (एफडीएल-एपी) फाउंडेशन की सह-अध्यक्ष के रूप में सोनिया गांधी जॉर्ज सोरोस फाउंडेशन द्वारा वित्त पोषित संगठन से जुड़ी हुई हैं। पोस्ट में भाजपा ने सोनिया गांधी और कांग्रेस के खिलाफ कई आरोप लगाये। भाजपा ने दावा किया कि फोरम ऑफ डेमोक्रेटिक लीडर्स इन एशिया पैसिफिक (एफडीएल-एपी) कश्मीर को लेकर विवादित बयान दिये हैं।

# निजी अस्पताल अब शव नहीं रोक सकेंगे

## स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने की घोषणा

- बिल के लिए शव को रोकने पर होगी कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**जामताड़ा।** नवनियुक्त स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा है कि अब राज्य के निजी अस्पताल किसी का शव नहीं रोक सकेंगे। बिल भुगतान या किसी अन्य कारण से यदि शव को रोका जायेगा, तो कड़ी कार्रवाई होगी। डॉ अंसारी रविवार को धनबाद के गोविंदपुर फकीरडीह चौक पर मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वह सोमवार को कार्यभार संभालने के बाद यह आदेश जारी करेंगे। उन्होंने कहा कि निजी अस्पताल में इलाज के दौरान अगर किसी मरीज की मौत होती है, तो बिना बिल चुकाये शव परिजनों को सौंपना होगा। उन्होंने कहा कि निजी अस्पतालों के मनमाने रवैये पर लगाम कसना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। मंत्री के अनुसार स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से सुस्त है। स्वास्थ्य को व्यवसाय के रूप में देखा जाना ठीक नहीं है। निजी अस्पतालों ने सारे मापदंड बिगाड़ दिये हैं। आयुष्मान के मापदंड की प्रक्रिया हर हाल में पूरी करनी होगी। लोग स्वास्थ्य के साथ व्यवसाय करने लगे हैं। इस पर वह रोक लगायेंगे। उन्होंने कहा कि लोग दो कमरे किराये पर लेकर अधिकारियों को रिश्वत देकर आयुष्मान की मान्यता ले लेते हैं। उनका एकमात्र मकसद गरीबों को लूटना है। मंत्री ने कहा कि आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज करने वाले सभी निजी अस्पतालों की उच्चस्तरीय जांच करायी जायेगी। जांच में दोषी पाये जाने वालों पर सख्त कार्रवाई भी की जायेगी।

## पलामू के पांडू में दलित परिवार पर टूटा प्रशासन का कहर

# बेटी की बारात आने से पहले हाइकोर्ट के आदेश के बाद तोड़ दिया घर

- छह माह पहले मिला था नोटिस, गरीबी के कारण नहीं दे सका था जवाब

मनोज सिंह



**पांडू।** पलामू जिले के पांडू में तीन दलित परिवारों पर प्रशासन का कहर टूटा है। प्रशासन ने हाइकोर्ट के आदेश पर कजरूकला पंचायत निवासी ललन राम, बिंदू राम और विजय राम के घरों को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया है। रैयत सिद्धि पांडेय ने हाइकोर्ट में अपील की थी कि तीनों ने उनकी जमीन पर घर बनाया है। हाइकोर्ट ने कुछ घरों के कुछ हिस्सों को तोड़ने का आदेश दिया था, लेकिन प्रशासन ने पूरे घर को ही ध्वस्त कर दिया। जानकारी के अनुसार तीनों परिवारों को घर खाली करने का नोटिस छह महीने पहले ही दिया गया था, लेकिन गरीबी के कारण उसका जवाब दाखिल नहीं किया जा सका।

### सोमवार को आनी थी बेटी की बारात

इस पूरी घटना में सबसे खास बात यह है कि बिंदू राम की बेटी इंदू कुमारी की शादी सोमवार को है। प्रशासनिक कार्रवाई के बाद अब यह शादी टल गयी है।

### पीएम आवास के तहत मिला था घर

तीनों दलित परिवारों को पीएम आवास के तहत घर मिला था। घर का कुछ हिस्सा रैयती जमीन पर बना था। यह निर्माण पांडू के बीडीओ और सीओ के सत्यापन के बाद ही हुआ था। पैसा भी दलित परिवार के खाते में तमाम औपचारिकताओं के बाद भी डाला गया था। फिर रैयती जमीन पर पीएम आवास कैसे बन गया, यह बड़ा सवाल है।

### परिवार को कोई परेशानी नहीं होगी: मजिस्ट्रेट

इस मामले की बाबत मजिस्ट्रेट रणवीर कुमार ने कहा कि हाइकोर्ट के आदेश के बाद यह कार्रवाई की गयी है। हाइकोर्ट ने छह महीने पहले ही सभी परिवारों को नोटिस दिया था, लेकिन किसी ने उसका जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि तीनों परिवारों के लिए अस्थायी व्यवस्था कर दी गयी है। उनको कोई परेशानी नहीं होगी।

YASH ENTERPRISES
Deals In :
All Types of CP Bath Fitting,
Pumps, Sanitaryware, Pipes & Fitting

J.J Road, Beside, Deepak Trading
Upper Bazar, Ranchi - 01
Mob.: 9835901322, 9709082614

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 71,500 रु./10 ग्राम
चांदी 94,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 09 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# चुनाव हारने के बाद दोराहे पर खड़ी झारखंड भाजपा

## झारखंड में अगर सफल होना है तो झारखंडी चेहरों को आगे करना होगा

**आजाद सिपाही विशेष**

**झारखंड विधानसभा चुनाव में लगातार दूसरी बार पराजित हो चुकी भारतीय जनता पार्टी आज ऐसे दोराहे पर खड़ी है, जहां से उसे न आगे का सही रास्ता नजर आ रहा है और न ही पुराने दिनों की तरफ लौटने का कोई जरिया। एक पखवाड़े पहले संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा की पराजय आंकड़ों की दृष्टि से तो सबसे बड़ी है ही, झारखंड में अब तक की सबसे खराब भी है। इस पराजय के बाद अब झारखंड की हवा में यह सवाल तैरने लगा है कि प्रदेश भाजपा के सामने अब कौन सा रास्ता बचा है। पार्टी अब क्या करेगी। यह सवाल इसलिए भी उठ रहा है, क्योंकि यह पहली बार है, जब झारखंड भाजपा अपने विधायक दल के नेता का चुनाव करने के लिए विधायकों की बैठक तक नहीं बुला पा रही है। नयी विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है, लेकिन इसमें कोई नेता प्रतिपक्ष नहीं होगा। झारखंड भाजपा अपनी हार के कारणों की तलाश में जुटी है, लेकिन उसने उन चूकों की तरफ ध्यान नहीं दिया है, जो हार का कारण बन गयीं। अपने कोर वोटरों और स्थानीय नेतृत्व की उपेक्षा के अलावा भाजपा ने कुछ ऐसी गलतियां भी की, जो उसकी दुर्गति का कारण बन गयी। पार्टी जब तक इन गलतियों से सीख नहीं लेगी और पुरानी नीतियों पर चलती रहेगी, तब तक कम से कम झारखंड में उसका बेड़ा पार लगना फिलहाल मुश्किल दिखाई पड़ रहा है। क्या है झारखंड भाजपा की दुविधा और चुनाव के दौरान उसके द्वारा की गयी गलतियों का असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

झारखंड का सियासी माहौल अब शांत हो चुका है। विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद नयी सरकार ने कामकाज संभाल लिया है और नयी विधानसभा का पहला सत्र भी नौ दिसंबर से शुरू हो रहा है। शांत हो चुके इस सियासी माहौल में एक सवाल, जो सबको परेशान कर रहा है, वह यह है कि झारखंड भाजपा अब आगे क्या करेगी। प्रदेश में दोबारा खड़ा होने के लिए उसके पास कौन से रास्ते हैं। यह सवाल इसलिए भी उठ रहा है, क्योंकि चुनावी हार के बाद पार्टी का हौसला बुरी तरह पस्त दिखाई दे रहा है। हालत यह है कि पार्टी अपने विधायक दल के नेता का चुनाव भी नहीं करा पा रही है, ताकि उसे विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बनाया जा सके। महज एक चुनावी हार ने भाजपा को भीतर तक हिला दिया है। उसके नेता कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं हैं। लेकिन अहम सवाल यही है कि भाजपा आगे क्या करेगी। भाजपा की इस पराजय का एक कड़वा सच यह भी है कि आदिवासी वोटर अब उससे पूरी तरह कट चुके हैं। झारखंड के निर्माण में भाजपा की भले भूमिका रही हो, लेकिन राज्य के लिए उसकी नीतियां अब यहां के आदिवासियों को पसंद नहीं आ रहीं।

### नये प्लान पर काम करेगी भाजपा

वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में हार के बाद भाजपा ने बाबूलाल मरांडी को अपने पाले में लाकर नये प्लान पर काम करना शुरू किया था। उसे लगा था कि आदिवासी चेहरे को कमान सौंपने से उससे छिटक गये आदिवासी दोबारा उससे जुड़ जायेंगे। बाबूलाल मरांडी ने जम कर मेहनत की, पूरे प्रदेश की यात्राएं की और भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने का प्रयास किया। लेकिन 2024 के चुनाव से ठीक पहले जिस तरह उन्हें दरकिनार कर दिया गया, वह बहुत से लोगों को रास नहीं आया। बाहरी नेताओं ने स्थानीय नेतृत्व को हाई जैक कर लिया था। इसलिए अब अनुमान लगाया जा रहा है कि भाजपा झारखंड में खुद को दोबारा खड़ा करने के लिए नये प्लान पर काम करेगी। इसके तहत स्थानीय नेतृत्व को कमान सौंपना और नेताओं के बीच की प्रतिद्वंद्विता को खत्म करना शामिल है। सवाल यह भी है कि क्या भाजपा आदिवासी वोटों का मोह छोड़कर नये सिरे से नया नेतृत्व तलाश करे। इसका जवाब शायद नहीं है, क्योंकि यदि बाबूलाल मरांडी नहीं होते, तो भाजपा की हालत और बुरी हो सकती थी, ऐसा लोगों का मानना है।

### दूर जा चुके हैं आदिवासी वोटर

अब भाजपा को यह स्वीकार करने में तनिक भी संकोच नहीं करना चाहिए कि झारखंड का आदिवासी समाज उससे लगातार कटता रहा है। इसे समझने के लिए सिर्फ एक उदाहरण काफी है। इस साल हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा आदिवासियों के लिए आरक्षित सभी पांच सीटें हार गयी। इन्हीं पांच सीटों के अंतर्गत विधानसभा की 28 आरक्षित सीटें आती हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा को आदिवासियों के लिए आरक्षित 28 विधानसभा सीटों में 26 पर हार मिली थी। इस बार तमाम तिकड़म के बावजूद भाजपा की झोली में सिर्फ एक आदिवासी सीट मिली है। झामुमो छोड़ कर भाजपा में आये पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने अपनी आदिवासी सीट जीत कर भाजपा की लाज बचायी है।



### भाजपा से क्यों कटे आदिवासी

भाजपा में अपनी बुरी हार पर मंथन जरूर होगा। कारणों की पड़ताल की जायेगी कि भाजपा की यह दुर्गति अपने ही बनाये झारखंड में क्यों हो गयी। भाजपा के इस हाल में पहुंचने की पटकथा 2014 में लिखी गयी, जब झारखंड की जनता ने देश की तरह नरेंद्र मोदी पर भरोसा कर भाजपा को स्पष्ट बहुमत दिया था। भाजपा ने पहली चूक रघुवर दास को सीएम बना कर की। इससे पहले आदिवासी समाज से बाबूलाल मरांडी और अर्जुन मुंडा को भाजपा ने सीएम बनाया था। पहली बार भाजपा ने झारखंड में गैर आदिवासी सीएम का प्रयोग किया। तत्कालीन विपक्ष ने उन्हें बाहरी और गैर-आदिवासी बता कर आदिवासी समाज की गोलबंदी शुरू की। इस बीच पत्थलगड़ी और सीएनटी-एसपीटी एक्ट पर सरकार के कदम से भी आदिवासी समाज को गोलबंद करने का विपक्ष को मौका मिला।

### स्थानीय नेतृत्व हाशिये पर रहा

इस बार बाहर के गैर-आदिवासी चुनाव प्रभारी आये, तो उन्होंने स्थानीय नेतृत्व को इस कदर किनारे रखा कि उनकी कोई पहचान ही नहीं बन पायी। बाबूलाल मरांडी प्रदेश अध्यक्ष और भाजपा के संभावित सीएम फेस होते हुए भी महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस की भूमिका में नहीं आ पाये। नतीजा सबके सामने है। भाजपा अगर किसी आदिवासी का सीएम फेस सामने रखती, तो इस बार भले उसे भरोसा जीतने में आंशिक सफलता मिलती, लेकिन अगली बार के लिए यह उसके हित में ही साबित होती।

### अब ओबीसी और पिछड़े भी छिटकने लगे

झारखंड में भाजपा के तीन बड़े परंपरागत वोट बैंक थे- ओबीसी, कुर्मी और सवर्ण। लेकिन पूरे चुनाव में तीनों समुदायों का कोई चेहरा नहीं दिखा। भाजपा ने पूरी तरह छिटक चुके आदिवासी वोटरों का विश्वास जीतने में दिन-रात एक कर दिया। वह तो ठीक था, लेकिन कोर वोटर लगभग अनदेखा कर दिया। परिणाम हुआ कि न खुदा ही मिला न विसाले-सनम। भाजपा को पता है कि झारखंड में आदिवासी समाज का बहुत बड़ा हिस्सा शिबू सोरेन के झामुमो के साथ है। कई बार की कोशिशों के बावजूद भाजपा उसे पूरी तरह हिला नहीं सकी। इसीलिए दस साल पहले भाजपा ने वहां ओबीसी कार्ड खेला था और इसी फार्मूले पर रघुवर दास चेहरा बनकर उभरे थे।

आदिवासियों के बाद झारखंड में सबसे बड़ा वोट बैंक कुर्मियों का है। इस समूह से भाजपा के पास कभी शैलेंद्र महतो, आभा महतो एवं रामटहल चौधरी सरीखे स्थापित नेता हुआ करते थे। लेकिन आज भाजपा इस मामले में भी कमजोर है।

झारखंड भाजपा की दूसरी चिंता इसी बात को लेकर है कि आदिवासियों के साथ अब उसके कोर वोटर भी उससे छिटकने लगे हैं। आदिवासी वोटर तो भाजपा से पूरी तरह छिटक ही चुके हैं, लेकिन कुर्मी और ओबीसी वोटरों का छिटकना भाजपा के लिए घातक हो सकता है। देवघर, छतरपुर और कांके जैसी अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटों पर भाजपा की हार से यह बात साफ हो गयी है कि अनुसूचित जाति का बड़ा वर्ग भी अब भाजपा को पसंद नहीं कर रहा है। भाजपा को इस संकट से पार पाने के लिए अब नये नेतृत्व को सामने लाने पर फोकस करना होगा।

### पार्टी का झारखंडीकरण करना जरूरी

भाजपा के साथ एक और बड़ी समस्या यह है कि वह अब तक खुद को झारखंडी नहीं बना सकी है। मन-मिजाज और कार्यशैली से ही किसी पार्टी की पहचान बनती है और लोग उससे जुड़ते हैं। लेकिन यह एक हकीकत है कि भाजपा 24 साल बाद भी झारखंड को आत्मसात नहीं कर सकी है। झारखंडी अस्मिता पर भाजपा का कोई स्पष्ट फार्मूला नहीं बना है। भाजपा का नेतृत्व अब भी प्रवासियों के हाथ में है, जिसे आदिवासी-मूलवासी मानने को तैयार नहीं हैं। भाजपा के पास ऐसा कोई नेता नहीं है। जो किसी आदिवासी के गांव में चला जाये और स्थानीय भाषा में बात करे। इस चुनाव में यह बात साफ दिखी। इसलिए पार्टी को अब खुद का झारखंडीकरण करना होगा। उसे अपने झंडे में हरे रंग का आकार बढ़ाना होगा।

---

# अलग होगी छठी विधानसभा की तस्वीर : आधी आबादी की दिखेगी धमक, पहली बार कोई निर्दलीय विधायक नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** छठी झारखंड विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू होगा। सत्र 9 से 12 दिसंबर तक चलेगा। पांचवीं विधानसभा से छठी विधानसभा का स्वरूप व तस्वीर अलग होगी। बहुत कुछ बदला हुआ नजर आयेगा। कई चेहरे नये दिखेंगे, कई गायब मिलेंगे। राज्य गठन के बाद पहली बार आधी आबादी की धमक भी दिखेगी। इस बार सदन में विभिन्न दलों से 12 महिलाएं जीत कर आयी हैं। सदन में 20 नये चेहरे दिखेंगे। पुराने के साथ नये मंत्री भी सदन में नजर आयेंगे। इस बार सत्ता पक्ष और मजबूत दिखेगा वहीं विपक्ष कमजोर। 2024 के चुनाव में इंडी गठबंधन को शानदार जीत मिली है। सत्ता पक्ष की ओर से 56 विधायक रहेंगे तो विपक्ष की ओर से 25 विधायक। पहली बार कोई निर्दलीय विधायक सदन में नहीं होगा।

इंडी गठबंधन की ओर से झामुमो के 34, कांग्रेस के 16, राजद के 4 व माले के 2 विधायक हैं। जबकि विपक्ष में भाजपा के 21, जदयू, लोजपा व आजसू के एक-एक विधायक हैं। झारखंड लोकतांत्रिक मोर्चा के जयराम महतो हैं। जयराम महतो ने साफ कर दिया है कि वह सरकार की अच्छी नीतियों का ही समर्थन करेंगे, अन्य मुद्दों पर विरोध रहेगा।



पांचवीं विधानसभा के कई प्रमुख सदस्य इस बार चुनाव हार गये हैं। इस बार उनकी आवाज नहीं गूंजेगी। भाजपा की ओर से फायरब्रांड नेता भानु प्रताप शाही, विरंची नारायण, अनंत ओझा, रणधीर सिंह, सीनियर विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, आजसू प्रमुख सुदेश महतो, लंबोदर महतो, माले के विनोद सिंह आदि प्रमुख हैं। पिछली सरकार के चार मंत्री भी चुनाव हार गये हैं। इनमें झामुमो के मिथिलेश ठाकुर, वैद्यनाथ राम, बेबी देवी व कांग्रेस के बन्ना गुप्ता हैं। सदन में मिथिलेश ठाकुर व बन्ना गुप्ता की कमी सरकार को खलेगी। भाजपा की ओर से आवाज बुलंद करने वाले प्रमुख विधायक हार गये हैं, इसलिए सरकार को थोड़ी राहत भी मिलेगी।

सदन में नये-पुराने मंत्री भी दिखेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का हौसला बुलंद है। उनके नेतृत्व में सरकार ने सत्ता में शानदार वापसी की है। इसलिए वह सदन में आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। विपक्ष पर और अधिक हमलावर रहेंगे। पुराने मंत्रियों में दीपक बिरूआ। दीपिका पांडेय सिंह, रामदास सोरेन, हफीजुल हसन व इरफान अंसारी रहेंगे तो नये मंत्रियों में राधाकृष्ण किशोर, संजय प्रसाद सिंह यादव, सुदिव्य कुमार सोनू, चमरा लिंडा, योगेंद्र महतो व शिल्पी नेहा तिर्की हैं। सरकार की ओर से इन्हीं को जबाव देना है। सबसे सीनियर मंत्री राधाकृष्ण किशोर हैं तो सबसे युवा शिल्पी नेहा तिर्की।

विधासभा अध्यक्ष का चुनाव 10 दिसंबर को होगा। संभावना है कि रविंद्रनाथ महतो एक बार फिर विधानसभा अध्यक्ष हो सकते हैं। कांग्रेस और भाजपा ने विधायक दल के नेता का चयन नहीं किया है। राजद विधायक दल के नेता सुरेश पासवान हैं। कांग्रेस की ओर से विधायक दल के नेता की घोषणा तो हो सकती है। लेकिन भाजपा फिलहाल विधायक दल के नेता बिना ही सदन में रहेगी। भाजपा अभी नाम पर मंथन कर रही है। नेता के चयन में विलंब की संभावना है। सारे समीकरण देखे जा रहे हैं। विधानसभा का शीतकालीन सत्र यदि बुलाया जाता है तब या फिर बजट सत्र में भाजपा नेता का चयन कर सकती है। भाजपा में सीपी सिंह व प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी दावेदार हैं। भाजपा का फोकस अब सदस्यता अभियान पर है। फरवरी-मार्च में नये अध्यक्ष का चुनाव भी होना है। जयराम महतो पर भी सबकी नजर रहेगी। सदन में इनकी परीक्षा होगी।

सदन में कई पुराने चेहेरे फिर से दिखेंगे। इनमें मनोज यादव, नागेंद्र महतो, देवेंद्र कुंवर, हेमलाल मुर्मू, सत्येंद्र तिवारी, सुरेश पासवान, संजय कुमार सिंह यादव, प्रकाश राम, जनार्दन पासवान आदि फिर से जीत कर आये हैं।

### मनोनीत विधायक की परंपरा खत्म

**झारखंड गठन के बाद पहली बार सदन में एंग्लो इंडियन समुदाय का प्रतिनिधित्व भी नहीं दिखेगा। संविधान में किये गये संशोधन के अनुसार देश के सभी राज्यों की विधानसभा से एंग्लो इंडियन समुदाय का प्रतिनिधित्व खत्म कर दिया गया है। पिछली विधानसभा में ग्लेन जोसेफ गालस्टन को इस समुदाय से विधायक मनोनीत किया गया था। इनको लेकर विधानसभा में सदस्यों की संख्या 82 हो जाती थी। लेकिन अब चुने हुए 81 विधायक ही सदन में रहेंगे। एंग्लो इंडियन समुदाय से मनोनीत विधायक को भी वही सुविधाएं मिलती थीं जो चुने गये विधायकों को मिलती है। सदन में इस बार यह बदलाव भी देखने को मिलेगा।**

---

# सत्र के दौरान विधानसभा परिसर की 200 मीटर परिधि में रहेगी निषेधाज्ञा

**रांची (आजाद सिपाही)। षष्टम झारखंड विधानसभा का प्रथम सत्र 9 से 12 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान रांची डीसी और एसएसपी के संयुक्तादेश पर विधानसभा परिसर के 200 मीटर के दायरे में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन और घेराव आदि आयोजित नहीं किये जा सकेंगे। सुरक्षा की दृष्टिकोण से सदर एसडीओ ने बीएनएसएस की धारा-163 के झारखंड विधानसभा परिसर के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा जारी की है। यह निषेधाज्ञा 9 दिसंबर के सुबह आठ बजे से 12 दिसंबर की रात दस बजे तक के लिए लागू रहेगी। इस दौरान उस क्षेत्र में पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होने, किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र जैसे-बंदूक, राइफल, रिवाल्वर, पिस्टल, बम, बारूद आदि लेकर निकलने, किसी प्रकार का धरना-प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आमसभा का आयोजन करने के साथ किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना वर्जित रहेगा।**

---

# सभी एसएसपी और एसपी जनता से अच्छा व्यवहार करें : डीजीपी

**डीजीपी ने आम जनता के प्रति पुलिसकर्मियों के व्यवहार में सुधार लाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किये**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को उनके अधीन थानों में समय पर एफआइआर दर्ज करने और जनता के साथ अच्छा व्यवहार करने का निर्देश दिया है। डीजीपी ने आम जनता के प्रति पुलिसकर्मियों के व्यवहार में सुधार लाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किये हैं। डीजीपी ने साइबर अपराध, एसटी-एससी, ह्यूमन ट्रैफिकिंग एवं महिला अपराध से संबंधित भुक्तभोगी के आवेदन पर आवेदित थाने में ही एफआइआर दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई किये जाने के लिए निर्देश दिया है। उन्होंने किसी भी पीड़ित महिला के आवेदन पर क्षेत्र के संबंध में विचार किये बिना अविलंब आवेदित थाने में एफआइआर दर्ज किये जाने के लिए निर्देश दिया है। साथ ही सभी क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक एवं सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया कि अपने-अपने जिलों और क्षेत्र में ऐसी व्यवस्था कायम करें कि यदि थाना प्रभारियों के जरिये आम जनता के आवेदन पर आवश्यक कार्रवाई नहीं की जाती है, तो वे अपनी शिकायतों को वरीय अधिकारियों (आइजी, डीआइजी, एसपी) के पास दर्ज करा सकें। डीजीपी ने पुलिस अधीक्षक और क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक को भ्रमण के दौरान थानेदारों और थाने पर पदस्थापित मुंशी और अन्य कर्मियों को आम जनता के प्रति अच्छा व्यवहार करने के लिए प्रेरित करने का भी निर्देश दिया। डीजीपी ने इस संबंध में सीआइडी के आइजी और स्पेशल ब्रांच को निर्देश दिया कि प्रत्येक जिले में उनके इकाई से प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों और पुलिसकर्मियों को निर्देश दें कि वे जनता के साथ दुर्व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मियों पर निगाह रखें।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.8 °c | 11.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.02 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.18 बजे |



# राज्य में 22 से शुरू होगा भाजपा का सदस्यता पर्व : डी पुरंदेश्वरी

## भाजपा ने संगठन पर्व 2024 में 11. 35 करोड़ सदस्यता के साथ पार किया 11 करोड़ का लक्ष्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधानसभा चुनाव के कारण झारखंड में स्थगित पार्टी का सदस्यता संगठन महापर्व अब 22 दिसंबर से विधिवत प्रारंभ होगा। इसको लेकर रविवार को नगड़ी रांची स्थित स्वर्णरेखा बैंक्वेट हॉल में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए झारखंड की सदस्यता प्रभारी सह आंध्रप्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष सांसद डी पुरंदेश्वरी ने कहा कि भाजपा का सदस्यता कार्यक्रम अभियान नहीं बल्कि संगठन महापर्व है। भाजपा यह संगठन महापर्व अन्य पर्व की तरह अपने विशाल परिवार के साथ मनाती है।




### अब पार्टी संगठन महापर्व में जुट गयी है : बाबूलाल

प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व के बाद अब पार्टी संगठन महापर्व में जुट गयी है। संगठन महापर्व का लक्ष्य सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी और सर्वसमावेशी भाजपा का निर्माण। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जनता ने पार्टी को पूरा आशीर्वाद दिया है। भले हम विधानसभा चुनाव में संख्या बल में पीछे रह गये लेकिन 59 लाख लोगों का समर्थन भाजपा को मिला है। चुनाव एक पड़ाव है लेकिन हम जनता के बीच बार-बार जायेंगे। अपने नीतियों कार्यक्रमों के माध्यम से जायेंगे। सर्वस्पर्शी सर्वव्यापी और सर्वसमावेशी भाजपा ही विकसित झारखंड का आधार है। झारखंड से लोकतंत्र विरोधी, राष्ट्रविरोधी, विकास विरोधी ताकतों से लड़ने के लिए भाजपा के संघर्षशील और मजबूत संगठन को को निरंतर गति देनी है।

### 15 और 16 को सभी जिलों में आयोजित होगी कार्यशाला: कर्मवीर

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने पीपीटी के माध्यम से सदस्यता महापर्व के कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि प्रदेश के तर्ज पर आगामी 15 एवं 16 दिसंबर को सभी जिलों में कार्यशालाएं आयोजित होगी। जिसने प्रदेश से नेता शामिल होंगे। जबकि 18 और 19 दिसंबर को सभी 515 मंडलों में कार्यशाला का आयोजन होगा। 22 दिसंबर को सदस्यता महापर्व का विधिवत शुभारंभ होगा। 25 दिसंबर को झारखंड निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर प्रदेश भर में सदस्यता के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे।

**भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी :** आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। पार्टी ने वर्ष 2014 में ऑनलाइन के माध्यम से सदस्यता कार्यक्रम को प्रारंभ किया था। जिसमें पूरे देश में 9 करोड़ सदस्य बने थे। आज चार राज्यों जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड को छोड़कर जिसमें विधानसभा चुनाव के कारण सदस्यता कार्यक्रम स्थगित था, के बावजूद पार्टी ने अब तक देश भर में 11 करोड़ के लक्ष्य को पार करते हुए 11.35 करोड़ सदस्य बना लिये हैं। चार राज्यों में सदस्य पूरी होने के बाद यह संख्या 14 करोड़ तक जा सकती है। भाजपा के कार्यकर्ता जो ठान लेते हैं उसे पूरा कर दिखाते हैं।

**भाजपा विचारों और कार्यकर्ताओं की धनी पार्टी :** भाजपा विचारों और कार्यकर्ताओं की धनी पार्टी है। हमारे पास देश के लिए जीने मरने का जज्बा है। विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय हमारे नेता के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। सदस्यता पर्व के माध्यम से हम प्रत्येक बूथ के प्रत्येक घर तक पहुंचना है।

**भाजपा के कार्यकर्ता चुनौतियों को अवसर में बदलने का जानते हैं हुनरः डॉ लक्ष्मीकांत :** प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता चुनौतियों को अवसर में बदलने का हुनर जानते हैं। यह सदस्यता महापर्व का कार्यक्रम मजबूत और संघर्षशील भाजपा बनाने का अवसर है। यह पर्व कार्यकर्ताओं का समाज से संपर्क, संबंध बढ़ाने का अवसर है। यह पर्व नये नेतृत्व को भी गढ़ता है। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने कहा कि सदस्यता संगठन महापर्व के माध्यम से हमें प्रदेशभर में भाजपा की नयी राजनीतिक सुगंध को पहुंचाना है। यह पर्व लोकसंग्रह और शक्ति संचय का भी पर्व है।

**भाजपा की विचार यात्रा भारतीय विचारों से परिपूर्णः नागेंद्र त्रिपाठी :** क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा की विचार यात्रा भारतीय विचारों से परिपूर्ण है जबकि समाजवाद, पूंजीवाद, साम्यवाद जैसे विचार विदेशी प्रभाव से प्रभावित है। विकसित भारत का संकल्प भारत को गरीबी, अशिक्षा, कुपोषण को दूर करके ही पूरा किया जा सकता है। एकात्म मानव दर्शन अंत्योदय का चिंतन और कार्यान्वयन ही विकसित भारत बनाने में सहायक है। भाजपा के विचारों और कार्यक्रमों को हमें जन-जन तक बार-बार ले जाना है। भाजपा केवल चुनाव के लिए नहीं है बल्कि समाज के हर वर्ग को राष्ट्र की प्रगति में जोड़ने के लिए संकल्पित है। राष्ट्र विरोधी शक्तियां भारत को तोड़ने के लिए दिन रात सक्रिय हैं। जिनकी योजना को भाजपा कार्यकर्ता ही विफल कर सकते हैं।

# सीएम ने रविंद्र नाथ के पिता के निधन पर जताया शोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने निवर्तमान स्पीकर रविंद्र नाथ महतो के पिता के निधन पर शोक जताया है। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को ट्वीट कर कहा है कि झामुमो के वरिष्ठ नेता और नाला से विधायक रविंद्रनाथ महतो के पिता गोलक बिहारी महतो के निधन की दुःखद सूचना मिली। मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विषम घड़ी सहन करने की शक्ति और साहस दें।



# लालू यादव और राबड़ी देवी से मिले मंत्री संजय प्रसाद यादव



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग तथा उद्योग विभाग (झारखंड) के मंत्री संजय प्रसाद यादव ने पदभार संभालने के बाद रविवार को पटना में राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और बिहार में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव से मुलाकात की। उनसे कई विषयों पर मार्गदर्शन लिया और विचार विमर्श भी किया। तीनों लीडरों ने संजय प्रसाद यादव को राज्य हित और जनहित में काम करने की नसीहत दी। कहा कि निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक गरीबों के उत्थान के लिए काम करें। गांव-गांव जाकर गरीबों के दुख दर्द को समझें और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करें। राज्य, समाज और देश के विकाश के लिए हमेशा अग्रसर रहें एवं काम के माध्यम से विरोधियों को जबाव दें। संजय प्रसाद यादव के साथ राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने भी नेताओं से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — रोग-शोक-दुःश्चिन्ताओं से छुटकारा मिलेगा,सुख-सुविधा के साधन बनेंगे।
- **वृष** — परिश्रम प्रयत्न से जटिल समस्या का समाधान मिलेगा,कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण।
- **मिथुन** — रोजी-रोजगार में सफलता,माता पिता का सहयोग, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।
- **कर्क** — विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकाश होगा,परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी।
- **सिंह** — कठिन परिश्रम-प्रयत्न से आजीविका के क्षेत्र में सपलता, आत्मबल एवं कर्मबल में वृद्धि होगी।
- **कन्या** — नौकरी-व्यापार की स्थिति में सुधार, नई आशाओं का उदय होगा, धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे।
- **तुला** — परिस्थितियों में सुधार,नौकरी में बदलाव होने की संभावना,विविध समस्याओं का समाधान।
- **वृश्चिक** — स्वास्थ्य में सतर्कता आवश्यक है,राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा, चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी।
- **धनु** — आत्मविश्वास की वृद्धि,रूके कामों में प्रगति, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।
- **मकर** — आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी, साहसिक कार्य में सफलता,संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति।
- **कुंभ** — लाभकारी प्रयास सफल होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा।
- **मीन** — चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

# गैर असैनिक सेवा से 6 बनेंगे आइएएस

**रांची (आजाद सिपाही)।** गैर असैनिक सेवा से 21 अधिकारियों के नाम आइएएस के लिए यूपीएससी को दे दिया गया है। राज्य सरकार के निर्देश के बाद कार्मिक विभाग के अधिकारियों ने नयी दिल्ली जाकर अफसरों की सूची यूपीएससी को सौंपी दी है। इनमें स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी, योजना विकास सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के नाम हैं जिन्होंने आइएएस में सेवा देने के लिए आवेदन दिया था। हालांकि, पूर्व में भी इनके नाम यूपीएएसी को भेजे गये थे, लेकिन कुछ बिंदुओं पर आपत्ति किये जाने के बाद मामला लटका हुआ था। जिसे अब दूर किया गया है। बता दें कि गैर असैनिक सेवा यानि झारखंड प्रशासनिक सेवा को छोड़कर दूसरी सेवाओं से आइएएस बनने के लिए 6 रिक्तियां झारखंड को मिली थीं। इन पदों के लिए सभी विभागों से योग्य पदाधिकारियों के आवेदन मांगे गये थे। 30 अधिकारियों के नाम भेजे जाने थे, लेकिन कार्मिक विभाग को सिर्फ 23 अधिकारियों के ही आवेदन मिले जिनमें से दो अधिकारियों के आवेदन रिजेक्ट हो गया था। इसके बाद 21 लोगों के नाम आइएएस सेवा के लिए भेजे गये हैं। यूपीएससी इन्हें साक्षात्कार के लिए आमंत्रित करेगा। इनमें सिर्फ 6 को आइएएस सेवा मिलेगी। सारा कुछ फाइनल होने के बाद एक जनवरी से इन्हें आइएएस सेवा में प्रमोट किया जायेगा।

# मंईयां योजना में हो रही लापरवाहियों से माताएं-बहनें परेशान : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर राज्य सरकार को निशाने में लिया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट शेयर कर कहा कि प्रदेश की माताएं-बहनें मंईयां सम्मान योजना में हो रही लापरवाहियों से सशंकित हैं। चार महीनों से लंबित किश्त का भुगतान न होने से इन महिलाओं का धैर्य अब जवाब देने लगा है। फॉर्म भरने और जानकारी प्राप्त करने के लिए अंचल कार्यालयों में जाने वाली महिलाओं को अव्यवस्था और लचर प्रणाली का शिकार होना पड़ रहा है। इस लचर रवैये ने सरकार की मंशा पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। मुख्यमंत्री अविलंब स्थिति का संज्ञान लें और चार महीनों के लंबित किश्त भुगतान का सुनिश्चित करने के साथ-साथ मंईयां सम्मान योजना की प्रक्रिया को सरल बनायें, ताकि माताएं-बहनें आसानी से योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।



# मधुकॉन कंपनी के मुंशी की हत्या, शव कुएं में फेंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** तमाड़ थाना क्षेत्र के सलगाडीह पत्थर खदान मधुकॉन कंपनी के मुंशी तुमला गंगाधर (55 वर्ष) की अपराधियों ने हत्या कर दी और उसके शव को सलगाडीह कासमबुरुडीह पथ महुआडांड़ के पास एक कुएं में फेंक दिया। रविवार को तमाड़ पुलिस ने उक्त कुआं से शव को बरामद किया है। शव को उसकी मोटरसाइकिल से बांध कर कुआं में डाल दिया गया था। मिली जानकारी के अनुसार रांची-टाटा रोड के निर्माण कार्य के समय मधुकॉन कंपनी ने सलगाडीह पहाड़ को लीज पर लिया गया था। वहीं पर कंपनी द्वारा घर बनाया गया था, उसी घर में मुंशी के तौर पर पिछले दस-बारह साल से रहता था। मूल रूप से मृतक आंध्र प्रदेश का रहने वाला था। रविवार सुबह लोग धान काटने जा रहे तो एक खेत में खून का निशान व मोटरसाइकिल का टूटा इंडिकेटर लाइट देखा। वहां से थोड़ी दूरी पर जीतू मुंडा के खेत में स्थित कुआं में रस्सी देखा। फिर पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकाला तो उसकी मोटरसाइकिल नंबर जेएच 01एएम6667 भी कुआं से मिली। शव प्लास्टिक की मोटी रस्सी में बंधा हुआ था। शव के चेहरे और गर्दन के पास जख्म के निशान पाये गये। देखने से ऐसा लग रहा है कि इसकी अन्यत्र हत्या कर शव को छिपाने के लिए इस खेत के कुआं में डाल दिया गया। शक की सुई प्रेम प्रसंग पर भी बतायी जा रही है। मृतक शराब भी पीता था। पुलिस ने एसएफएल टीम से भी जांच पड़ताल किया और कई साक्ष्य इकट्ठा किये। तमाड़ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा दिया है। तमाड़ थानेदार रोशन कुमार ने बताया कि हर एंगल पर जांच की जा रही है। हत्यारे जल्द पकड़े जायेंगे।



# हम जनता के हक, अधिकार और स्वाभिमान की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेंगे : सुदेश

- मूलवासी, झारखंडी और पिछड़ों के हित में सामाजिक और राजनीतिक लड़ाई को अपने मुकाम तक पहुंचायेगी आजसू पार्टी
- झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के परिणाम को लेकर आजसू पार्टी की समीक्षा बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हम जनादेश का सम्मान करते हैं और इंडिया गठबंधन द्वारा जनता के साथ किये गये लुभावने वादे को पूरा किये जाने की अपेक्षा सरकार से करते हैं। सरकार जनता के हित में पहले दिन से ही कार्य करे न कि चुनावी वर्ष से काम शुरू करे। चुनाव में हार-जीत लगी रहती है। परिणाम भले हमारे पक्ष में नहीं रहे लेकिन हम जनता के हक, अधिकार और स्वाभिमान की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखेंगे।

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित झारखंड विधानसभा चुनाव-2024 के परिणाम की समीक्षा बैठक के दौरान कहीं। समीक्षा बैठक में पार्टी की संसदीय बोर्ड के सदस्य और विधानसभा चुनाव के प्रत्याशी शामिल हुए। जनहित से जुड़े सकारात्मक मुद्दों में हम सरकार के साथ खड़े रहेंगे लेकिन जहां भी जनविरोधी निर्णय आयेंगे वहां हम धारदार विपक्ष की भूमिका निभायेंगे। यह चुनाव इंडिया गठबंधन ने विकास के आधार पर नहीं बल्कि जातीय धुर्वीकरण के आधार पर लड़ा है। जातीय धुर्वीकरण ही इस गठबंधन का आधार है। हमारे गठबंधन के साथियों के साथ समन्वय स्थापित न होना भी इस अप्रत्याशित परिणाम का कारण रहा। आजसू के सभी कार्यकर्ता पूर्व की तरह जनता के बीच जायेंगे। उनके बीच उनके लिए काम करेंगे और यदि सरकार अपने वादों पर पिछड़ों को 27% आरक्षण तथा 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति, युवाओं के लिए रोजगार, वृद्धा व विधवा पेंशन और दिव्यांग यक्तियों के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाकर 2500 करने तथा जातीय जनगणना के मुद्दे पर प्रभावी ढंग से आगे बढ़ते नहीं दिखेगी तो हम इन मुद्दों का जनता को फिर से गोलबंद करेंगे तथा मूलवासी, झारखंडी एवं पिछड़ों के हित में सामाजिक और राजनीतिक लड़ाई को अपने मुकाम तक पहुंचायेंगे। बेरोजगारी इस राज्य में एक बड़ा मुद्दा है। यह समस्या अपने विकरालतम रूप में जनता के सामने खड़ी है। यह देखना होगा कि वर्तमान सरकार किस रूप में और किस हद तक इस समस्या का समाधान करने में रुचि दिखती है।




### निंदक नियरे राखिए...

बैठक के दौरान कई नेताओं ने पार्टी नेतृत्व को सकारात्मक सलाह भी दी। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व को कबीरदास के उस दोहे को याद रखना चाहिए, जिसमें कहा गया है,

*निदंक नियरे राखिए, आंगन कुटी छबाय*
*बिन पानी साबुन बिना निर्मल करे सुभाय।*

यानी अपने आलोचकों को अपने घर के पास ही रहने देना चाहिए। इससे बिना साबुन और पानी के मन और शरीर साफ रहता है। पार्टी नेतृत्व को आलोचकों से दूरी बनाने की बजाय नजदीकी बढ़ानी चाहिए, ताकि जमीनी हकीकत का पता चलता रहे।

### अपनी रणनीति को मजबूत करेंगे : चंद्रप्रकाश

पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष सह गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि हम जनता की भावनाओं को अच्छे से समझने में नाकाम रहे। स्थानीय मुद्दों का चुनाव से गायब होना जनता को रास नहीं आया। साथ ही सरकार की विफलताओं को जनता के बीच सही से न पंहुचा पाना भी इस चुनाव परिणाम की मुख्य वजहों में से एक रहा। हम जनता के विश्वास को दोबारा जीतने के लिए समर्पित हैं और इसके लिए अपनी रणनीति को मजबूत करेंगे।

# एफएन नीलेश बने राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश महासचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनीत शर्मा ने एफएन नीलेश को संगठन का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया। यह जानकारी संगठन की ओर से दी गयी। महासचिव नियुक्त किये जाने के उपलक्ष्य पर नीलेश ने अध्यक्ष सुनीत शर्मा को आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन्हें गुरूतर दायित्व दिया है और संगठन ने जो उनके ऊपर विश्वास व्यक्त किया उस पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा और संगठन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए संगठन के अन्य अधिकारियों से मिलकर प्रयास करूंगा। एफएन नीलेश के महासचिव नियुक्त किये जाने पर पंचायती राज के महानगर अध्यक्ष अंजनी रंजन, त्रिभुवन कुमार, विशाल, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के अध्यक्ष रितेश कुमार, विक्की कुमार, अमित सत्यार्थी, पूनम सिन्हा, उज्ज्वल अग्रवाल, भूश्रेष्ठ महतो एवं काफी संख्य में अधिवक्ताओं ने बधाई दी।



# भानु प्रताप शाही ने इरफान अंसारी के डॉक्टरी डिग्री पर उठाये सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बीजेपी नेता भानु प्रताप शाही ने वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री डॉ, इरफान अंसारी की डॉक्टरी डिग्री पर सवाल खड़ा किया है। भाजपा की बैठक में शामिल होने आये भानु प्रताप शाही ने राज्य के वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को लेकर बड़ी बात कही है।

राज्य के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री भानु प्रताप शाही ने कहा कि डॉ इरफान अंसारी के सर्टिफिकेट पर शुरू से ही प्रश्न चिह्न था। इरफान अंसारी अपने नाम के आगे डॉक्टर लगाते हैं और बताते हैं उन्होंने रशिया से एमबीबीएस किया है। कई बार हम लोगों के मन में शंका उत्पन्न होती है कि वह असली डॉक्टर हैं या नकली डॉक्टर हैं। भानु प्रताप शाही ने कहा कि अब उनको अपनी डिग्री की सत्यता प्रमाणित करने का अवसर ईश्वर ने उन्हें प्रदान किया है।

### छह महीने तक डॉ इरफान के कार्यों को देखेंगे

भानु प्रताप शाही ने कहा कि पहली बार जब उनकी सरकार बनी थी तो वो अक्सर इस बात को लेकर नाराज रहते थे कि उन्हें स्वास्थ्य मंत्री नहीं बनाया गया। इसके लिए वह कई बार दिल्ली भी गये थे कि उन्हें स्वास्थ्य मंत्री बनाया जाये और बन्ना गुप्ता को हटाया जाये। ईश्वर ने अब उनकी सुन ली है। अब उन्हें साबित करना होगा। आज झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। ऐसे में उम्मीद है कि इरफान अंसारी और सरकार अच्छा काम करेगी और हम लोगों ने सरकार को 6 महीने का समय दिया है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No.1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 09 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# हरमू और स्वर्णरेखा नदी का ड्रोन से किया जायेगा सर्वे

## नदी के अस्तित्व बचाने की फिर कोशिश

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने हरमू नदी के विकास के लिए अब तक जो काम हुआ है उसकी वर्तमान स्थिति की रिपोर्ट जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश जुडको के अधिकारियों को दिया है। जितने सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बने हैं उनमे से कितने काम कर रहे हैं और कितने बंद हैं। उसका भी सर्वे कराने को कहा है। साथ ही जो पाथवे बना था उसकी स्थिति की भी रिपोर्ट मांगी है। प्रधान सचिव ने हरमू नदी के साथ स्वर्णरेखा के पाट की मूल चौड़ाई का आंकलन करने के लिए ड्रोन कैमरे से नदी की शुरूआत से अंत तक की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कराने का निर्देश दिया है।



**अतिक्रमण पर भी तैयार होगी रिपोर्ट :** हरमू नदी के दोनों किनारों पर अतिक्रमण की वर्तमान स्थिति पर रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा गया है। यह भी कहा कि यह पता लगायें कि हरमू नदी में कहां-कहां नालों का गंदा पानी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने नदी के किनारों को चौड़ा करने के लिए योजना बनाने का आदेश दिया। प्रधान सचिव ने सभी रिपोर्ट समय सीमा के भीतर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सरकार एक बार भी हरमू नदी को बचाने को लेकर गंभीर हो गयी है। हरमू नदी के कारण स्वर्ण रेखा नदी का अस्तित्व भी खतरे में है। हरमू नदी का गंदा पानी स्वर्णरेखा में जा रहा है, जिससे इस नदी का पानी भी खतरनाक हो गया है। राजधानी के लिए दोनों नदियों का महत्व है।

### स्वर्णरेखा नदी की वास्तविक चौड़ाई का पता लगाने का निर्देश

नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने रांची की प्रमुख नदी स्वर्णरेखा के सौंदर्यीकरण और विकास पर भी अधिकारियों को निर्देश दिया है। उन्होंने स्वर्णरेखा नदी की वास्तविक चौड़ाई का पता लगाने के लिए ड्रोन कैमरे का उपयोग करने को कहा है। इसके साथ स्वर्णरेखा नदी के किनारों पर धार्मिक कार्यों एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए क्या क्या किया सकता है, इसकी रिपोर्ट भी जल्द उपलब्ध कराने को कहा है।

हरमू नदी के विकास पर करोड़ों रुपये फूंके जा चुके हैं। लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। कोई खास सुधार नहीं हो सका है।

# राजेश कच्छप को समाजसेवी शंभू सिंह ने किया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एचइसी (धुर्वा) क्षेत्र के जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता शंभू सिंह ने शनिवार को खिजरी के विधायक राजेश कच्छप के लुपुंगटोली (नामकुम) स्थित आवास पर मुलाकात की। इस अवसर पर श्री सिंह ने विधायक राजेश कच्छप को पुष्प गुच्छ व शॉल भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर सिंह ने कहा कि युवा और कर्मठ विधायक राजेश कच्छप के प्रति खिजरी विधानसभा क्षेत्र की जनता ने एक बार फिर विश्वास जताते हुए उन्हें विजयी बनाकर विधानसभा भेजा है। श्री कच्छप जनहित के प्रति सदैव समर्पित रहे हैं। जन समस्याओं के यथाशीघ्र निदान की दिशा में उनकी तत्परता एक आदर्श जनप्रतिनिधि का परिचायक है। श्री सिंह ने कहा कि खिजरी विधानसभा क्षेत्र की जनता को बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए सदैव तत्पर रहने वाले जनप्रतिनिधि श्री कच्छप की कार्यशैली अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए भी अनुकरणीय है। उन्होंने विधायक कच्छप को नयी पारी की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सौदाग पंचायत के मुखिया पतरस सहित अन्य मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की आज पदभार ग्रहण करेंगी



रांची (आजाद सिपाही)। सोमवार को अपराह्न 02:00 बजे झारखंड सरकार के नवनिर्वाचित कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, नेपाल हाउस डोरंडा, रांची में पदभार ग्रहण करेंगी।

### बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन का अधिवेशन संपन्न

रांची (आजाद सिपाही)। बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन, झारखंड राज्य इकाई का 20वां वार्षिक अधिवेशन 08 दिसंबर को रिम्स ऑडिटोरियम बरियातू, रांची में आयोजित किया गया। बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन, झारखंड राज्य इकाई की अध्यक्षता कॉमरेड अमित कुमार ने की, महासचिव कॉमरेड प्रकाश उरांव ने महासचिव पद को सुशोभित किया और देश के कोने-कोने से आये बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन के शीर्ष नेताओं का स्वागत किया और सभी साथियों से एकजुटता की अपील की। इस बैठक में फेडरेशन बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष कॉमरेड नागेवर ने वर्तमान में बैंकिंग माहौल में हो रहे तकनीकी बदलावों के बारे में बताया और उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण के बारे में सरकार की नीति का विरोध किया। महासचिव कॉमरेड नीलेश पवार ने पांच दिवसीय बैंकिंग और कार्य-जीवन संतुलन तथा बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अपने अधिकारियों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में बताया और महासचिव (बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन, बिहार राज्य इकाई कॉमरेड गणेश पांडे, महासचिव (बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन, ओड़िशा राज्य इकाई), कॉमरेड कमलजीत महापात्रा, अध्यक्ष (बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन, झारखंड राज्य इकाई) ने अपने विचार व्यक्त किये। झारखंड राज्य के सभी हिस्सों से बैंक ऑफ इंडिया के लगभग 1500 अधिकारी सदस्यों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और इस कार्यक्रम को पूर्ण रूप से सफल वनाया।

### डायबिटीज कैंप में 100 लोगों की नि:शुल्क जांच की गयी



रांची (आजाद सिपाही)। लायंस क्लब हजारीबाग और सीता डायग्नोस्टिक सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में डायबिटीज कैंप का आयोजन रविवार को किया गया। झील परिसर में सुबह 6.30 बजे से अनुमानतः 100 लोगों की नि:शुल्क जांच की गयी। उक्त आयोजन में लायंस क्लब हजारीबाग के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। हमारे विधायक सदर प्रदीप प्रसाद भी इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज करायी। इस मौके पर डॉ मॉरफिन की प्रसिद्ध मशीन ग्लूको वन का भी वितरण जरूरतमंद लोगों के बीच किया गया। लायंस क्लब के सदस्यों जिसने अरविंद अग्रवाल, दीपक पसरीचा, मनोज श्रीवास्तव, विकास कुमार, रवि श्रीवास्तव, महेश खंडेलवाल गप्पी उपस्थित रहे। लायंस क्लब हजारीबाग की अध्यक्षा सुधा वर्मा ने सभी को धन्यवाद प्रेषित किया।

### साबरमती सिनेमा पर प्रतिबंध लगे : कैलाश यादव

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बीजेपी पर प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा देश में समाज को बांटने की राजनीति कर रही है। इन दिनों देशभर में साबरमती सिनेमा के माध्यम से एक वर्ग मुस्लिम समाज को टारगेट कर तुष्टिकरण और नफरत का संदेश देने का काम कर रहा है। यादव ने कहा कि बीजेपी ने फिल्म निदेशक विवेक अग्निहोत्री के निर्देशन में विगत समय इसी तरह कश्मीर फाइल सिनेमा की झूठी कहानी को प्रकाशित कराकर देशभर में प्रोपगंडा खड़ा करने का काम किया था और अब उसी तरह फिल्म निर्देशक धीरज सरना के निर्देशन में साबरमती सिनेमा को प्रकाशित कर समाज में विध्वंश फैलाने के लिए तरजीह दे रहा है। कैलाश यादव ने कहा कि फिल्म सेंसर बोर्ड केंद्र की मोदी सरकार के इशारे पर काम कर रहा है जबकि सेंसर बोर्ड को निष्पक्ष और पारदर्शी होना चाहिए क्योंकि एक विशेष जाति धर्म और वर्ग पर निशाना साधने और अपमानित करने के दृष्टिकोण से साबरमती सिनेमा बनाया गया और परमिशन दिया गया है। इसलिए प्रशासन से मांग है कि साबरमती सिनेमा को राज्य में प्रतिबंध लगा देना चाहिए।

### 179वें नि:शुल्क श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। पुंदाग स्थित संस्था के श्री कृष्ण प्रणामी (मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम आश्रम) मंदिर के प्रांगण में रविवार को 179वें नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन किया गया। मोहनलाल अग्रवाल माता कुसुम देवी अग्रवाल के सौजन्य से संस्था की वरिष्ठ सदस्य विद्या देवी अग्रवाल और उनके परिवार एवं प्रणामी समाज के सदसयों के सहयोग से किया गया। 1300 श्रद्धालुओं के बीच अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का वितरण शुरू किया गया। अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा कार्य में संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, विशाल जालान, ओमप्रकाश सरावगी, विष्णु सोनी, पवन पोद्दार, जगदीश अग्रवाल, संजय गोयल, विजय अग्रवाल, सज्जन पाड़िया, सुरेश चौधरी, सुरेश अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, पूर्णमल सर्राफ, सुनील पोद्दार, शिव भगवान अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश शर्मा, अंजनी अग्रवाल, धीरज कुमार गुप्ता, चंद्रदिप साहू, महेश वर्मा, हरीश कुमार, महिला समिति की विद्या देवी अग्रवाल, संतोष देवी अग्रवाल पाड़िया, सुनीता अग्रवाल, अमिता जालान उपस्थित थे। यह जनकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने दी।

# अमर कुमार बाउरी के नेतृत्व में दलित समाज होगा एकजुट : समन्वय समिति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को अनु. जाति समाज के विभिन वर्ग के प्रमुख लोगों की बैठक अखिल भारतीय अनु. जाति समन्वय समिति के केंद्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुमार रजक की अध्यक्षता में कोकर रांची में हुई। बैठक में रविदास समाज से रामलगन राम, संतोष रवि, नायक समाज से नीरज नायक, मुकेश नायक, पसवान समाज से बबन पासवान सागर पासवान, वाल्मिकी समाज से गोबिंदा वाल्मिकी सुपन समाज से जीवन राम, तमना राम पासी समाज से भोला चौधरी, तूरी समाज रंजीत नाग, करण नयक भुइयां समाज से दिलीप राम मिर्धा समाज से आशीष राम आदि उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित लोगों ने वर्तमान विधानसभा चुनाव और दलित राजनीति पर चर्चा की गयी। बैठक में उपस्थित समाज के सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी झारखंड में दलितों की मुखर आवाज हैं। उन्होने कहा कि अमर कुमार बाउरी के बढ़ते कद और मुखर अवाज के कारण चुनाव हराया गाया है। अध्यक्षता करते हुए उपेंद्र रजक ने कहा कि अमर बाउरी राज्य में दलित शोषित को न्याय व अधिकार के लिए सड़क से लेकर सदन तक अवाज उठाते थे जो लोगों को पच नहीं रहा था। बैठक में विनोद राजन, राजेश राम, संजय रजक, कृष्णा राम, महावीर नायक, विनोद पासवान, उमेश राम आदि उपस्थित थे।



# विधायक राजेश कच्छप को जीत की बधाई दी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को खिजरी विधानसभा के विधायक आवास में सामाजिक संगठन आदिवासी लोहरा समाज केंद्र समिति के अध्यक्ष ठुमा तिर्की की अगुवाई में खिजरी विधानसभा के विधायक राजेश कच्छप को विधानसभा चुनाव 2024 की जीत की बधाई दी गयी। विधायक ने कहा इस बार हेमंत 2 की सरकार में लोहरा जनजाति की समस्या का निदान होना तय है।

इस मुलाकात कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय अध्यक्ष ठुमा तिर्की, मीडिया प्रभारी संजय लोहरा, सचिव राहुल बेसरा, अनगड़ा प्रखंड अध्यक्ष क्लेश लोहरा, कांके प्रखंड अध्यक्ष अनूप लोहरा, जगमोहन लोहरा, रामनाथ लोहरा, गणेश लोहरा, राजेंद्र लोहरा, पंचू तिर्की, कइतका लोहरा, देवकी देवी, जूली देवी, दीपाली देवी, बलकाहीं देवी, पूनम देवी एवं अन्य शामिल हुए।



# एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में 50 पौधे लगाये गये




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को नेहरू युवा केंद्र रांची(युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा एल्युमनी एसोसिएशन मारवाड़ी कॉलेज, विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के सहयोग से कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स के साथ एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम किया गया जिसमे लगभग 50 पौधे लगाये गये। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में समाज सेवी दीपक सिंह, एल्युमनी एसोसिएशन मारवाड़ी कॉलेज के अध्यक्ष गौरव मित्तल, कलाकृति के निदेशक धनंजय कुमार रहे। साथ ही कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स के बच्चें ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। यह कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र, रांची के जिला युवा अधिकारी के निर्देश में हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रवण कुमार, पुरुषोत्तम, आशिफ, रोहित कुमार एवं अन्य सदस्य का योगदान रहा।

## क्लैट 2025 में डीपीएस रांची के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

# संस्कृति पाठक ऑल इंडिया रैंक 34 के साथ स्टेट टॉपर बनीं

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक क्षमता का प्रदर्शन किया है, जिसमें कई छात्रों ने कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर संस्कृति पाठक ऑल इंडिया रैंक 34 हासिल किया एवं स्टेट टॉपर बनीं। इसी के साथ ही, अन्य छात्रों ने भी उल्लेखनीय रैंक हासिल करके अपनी कानूनी योग्यता और विश्लेषणात्मक क्षमताओं का प्रदर्शन किया। क्वालीफायर में प्रभव शानू (एआइआर 183), ईश बसु (एआइआर 664), अक्षत जैन (एआइआर 1832), सावनजीत (एआइआर 1932), मयंक राज (एआइआर 6835), सुधिष्णा शर्मा (एआइआर 7147), अर्चिता मीनल भेंगराज (एआइआर 9754) और सृष्टि खत्री (एआइआर 17202), आद्रिका प्रवीण (एआइआर 33279) आदि शामिल हैं। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में 20 से अधिक छात्रों ने सफलता प्राप्त की है क्योंकि सफल विद्यार्थियों की सूची अभी भी जारी है।

ये प्रतिभाशाली विद्यार्थी अब विभिन्न प्रतिष्ठित राष्ट्रीय लॉ कॉलेजों में अपनी शैक्षणिक यात्रा शुरू करने के लिए तैयार हैं, जो कानून के क्षेत्र में आशाजनक करियर की नींव रखेंगे।

छात्रों को उनके असाधारण प्रदर्शन पर बधाई देते हुए डॉ आरके झा, डीपीएस रांची के प्राचार्य ने कहा, यह उपलब्धि हमारे छात्रों के समर्पण और कड़ी मेहनत का प्रमाण है। मुझे विश्वास है कि वे कानूनी क्षेत्र में अपने लिए एक जगह बनायेंगे एवं विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

# एक ही मंच पर 108 कलाकारों ने प्रस्तुत किया रवींद्र संगीत

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** अर्चा साहित्य कला अकादमी के तत्वावधान में रविवार को आर्यभट्ट सभागार में हुआ। शंख ध्वनि और वेद पाठ के साथ द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में झारखंड के विभिन्न जिलों से आये 108 कलाकारों ने संगीत प्रस्तुत किया। 108 कलाकार एक साथ मिलकर एक मंच पर एक ही समय में 15 रवींद्रसंगीत प्रस्तुत किये। इसमें महिला और पुरुष कलाकार दोनों थे। इस कार्यक्रम में संगीत का म्यूजिक शांतिनिकेतन से बनकर आया है। इन सातों मेंटरों में लिली मुखर्जी, अपराजिता भट्टाचार्य, कुमकुम बनर्जी, डॉ पंपा सेन विश्वास, परोमिता चौधरी, अपरूपा चौधरी और रूमकी दास शामिल थी। इन मेंटरों के साथ हमारे झारखंड की प्रसिद्ध रवींद्रसंगीत गुरु प्रणति लाहिड़ी अभिभावक के रूप में मौजूद थे। संगीत प्रस्तुति के समय सभी कलाकारों का परिधान साड़ी और पजामाकुर्ता एक ही कलर का था। सभी कलाकारों को अंग वस्त्र सर्टिफिकेट और मोमेंटो से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, रांची विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा, दिल्ली से प्रोफेसर डॉ अमिताभ मुखर्जी, पूर्व सीएमडी एचइसी अभिजीत घोष, पूर्व अध्यक्ष एफजेसीसीआइ कुणाल आजमानी, बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष सिद्धार्थ घोष, प्रवीर लाहिड़ी, रेखा मंडल मौजूद थे। इस कार्यक्रम को देखने के लिए दिल्ली, कोलकाता, हैदराबाद, पटना, हजारीबाग, जमशेदपुर, धनबाद और चाइबासा से लोग आये थे। रांची से भी संगीत प्रेमी, साहित्य प्रेमी बड़ी संख्या में भाग लिये।

# जन सेवा मंच के नि:शुल्क कैंप में 100 से अधिक लोगों ने लिया लाभ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जन सेवा मंच के द्वारा रविवार को रातू रोड स्थित बद्री भवन गली में निशुल्क कैंप का आयोजन कर वोटर कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित मंईयां योजना का फॉर्म भरवाया गया। कैंप का आयोजन रानी मिश्रा एवं सतीश मिश्रा के नेतृत्व में किया गया।


कैंप में लगभग 100 से अधिक लोगों ने सरकारी योजनाओं का लाभ लिया। जन सेवा मंच के संस्थापक सदस्य निशांत यादव ने बताया कि मंच द्वारा लगातार 3 वर्षों से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ जन जन पंहुचाने का कार्य किया जाता रहा है। इस आयोजन में मुख्य रूप से अमित अग्रवाल, कुणाल वर्णवाल, सुनील वर्णवाल, मुन्ना, रोहित शर्मा, अभी ओझा, राजू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No.1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


# सरना कोड प्राप्त करना आदिवासियों का मौलिक अधिकार : चमरा लिंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** प्रखंड के रन्हे मिनी स्टेडियम में रविवार को अभिनंदन समारोह सह आभार यात्रा में एसटी एससी ओबीसी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा पहुंचे। जहां सैकड़ों की संख्या में मौजूद कार्यकर्ता और लोगों का आभार व्यक्त किया। बुक और गुलदस्ता देखकर स्वागत किया। चिल्ड्रेन एजुकेशन एकेडमी प्लस टू स्कूल के द्वारा नृत्य और गान कर स्वागत किया गया। इस दौरान चमरा लिंडा ने बिशुनपुर की जनता को धन्यवाद देते हुए कहा कि एसटी एससी व ओबीसी समाज के स्वाभिमान को बढ़ाने के लिए कार्य किया जायेगा। सरना कोड प्राप्त करना हम आदिवासियों का फंडामेंटल राइट है, अब हम सरना कोड लेकर रहेंगे। बिशुनपुर को चयन करके सीएम हेमंत सोरेन ने स्पेशल जिम्मेवारी दी है जिसे हम पूरे झारखंड में एसटी, एससी, ओबीसी वर्ग के लिए विकास की गाथा लिखेंगे। आदिवासी का लाभ लेने के लिए जो आदिवासी बहनों से शादी करते है इस पर भी कानून बनेगा। उन्होंने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा दिल्ली में घर बनायेंगे और वहां हमारे क्षेत्र से बच्चे जायेंगे और रहकर यूपीएससी की तैयारी कर आइएएस व आइपीएस बनकर ही घर लौटेंगे। साथ ही उन्होंने उपस्थित महिलाओं से आग्रह करते हुए कहा है कि घरों में शराब बनाना बंद करें शराब हमारे विकास का बाधक है। मंईयां सम्मान योजना के तहत 2500 मिलेंगे अब आप अपने बच्चों को डीएवी और डीपीएस जैसे बड़े विद्यालयों में भेज कर पढ़ सकते हैं। शिवराम कश्यप ने कहा मैं आप सभी के सामने यह वादा करता हूं आपने जो विधायक चुन कर दिया है वह झारखंड के 80 विधायकों पर सबसे भारी पड़ेगा। आपका परिश्रम को नमन करते हैं आपका परिश्रम को देखते हुए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आपके विधायक को पूरे झारखंड की जिम्मेवारी दी है। साथ ही उन्होंने कहा शरीर के अंतिम रक्त तक हम आपके साथ रहेंगे।

## मंत्री को दिया गया ज्ञापन

अभिनंदन सह आभार यात्रा में पहुंचे कल्याण मंत्री चमरा लिंडा से स्वयंसेवकों, सहियाओं वह निजी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

## इनकी रही मौजूदगी

इस मौके पर मुख्य रूप से अशोक उरांव, शिवराम कश्यप, ललिता लिंडा, सतवंती देवी, संजीव उरांव, कृष्णा लोहरा, विजय साहू, लाल उरांव, विनोद उरांव, संजय उरांव, कामाख्या भगत, बलिराम लाल, सत्येंद्र उरांव, चंद्रदेव उरांव, देवेंद्र उरांव और शीला कुजूर सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

# ओड़िशा के सिमलीपाल से गुड़ाबांधा वन क्षेत्र में पहुंची बाघिन, अलर्ट जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** ओड़िशा के सिमलीपाल वन क्षेत्र से एक मादा बाघ भागकर गुड़ाबांदा वन क्षेत्र में आ गयी है। बाघिन के आने की खबर से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वन विभाग के मुताबिक एक मादा बाघ बालिजुड़ी पंचायत के लाड़काबासा-पांड्रापाथर क्षेत्र में ट्रैक किया गया है। कुछ समय से जीपीएस सिस्टम से कनेक्ट नहीं हो रहा है। क्षेत्र के ग्रामीणों को सावधान किया गया है। जंगल के आसपास रास्ते से आवागमन नहीं करने की हिदायत दी गयी है। वन विभाग के कर्मी अभिलाष महतो ने बताया कि महाराष्ट्र से लाकर ओड़िशा के सिमलीपाल में कुछ बाघों को छोड़ा गया है, जिसमें दो बाघ सिमलीपाल से दूर चले गये हैं। एक मादा बाघ को झारखंड के गुड़ाबांदा वन क्षेत्र के पांड्रापाथर और लाड़काबासा आसपास ट्रैक किया गया है। बाघिन के गले में जीपीएस ट्रैकर कॉलर लगाया गया है, जिसकी मदद से उसके मूवमेंट की जानकारी ली जा रही है। ओड़िशा और झारखंड वन विभाग के कर्मचारी इसपर नजर बनाये हुए हैं।

# 2 करोड़ कार्ड्स-इन-फोर्स का आंकड़ा पार कर लिया है एसबीआइ कार्ड ने

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** एसबीआइ कार्ड, भारत के सबसे बड़े प्योर प्ले क्रेडिट कार्ड जारीकर्ता, ने 2 करोड़ कार्ड्स-इन-फोर्स का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार कर लिया है। यह उपलब्धि देश भर में अभिनव समाधान प्रदान करने और ग्राहकों के अनुभवों को बढ़ाने के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। एसबीआइ कार्ड के एमडी एवं सीइओ अभिजीत चक्रवर्ती ने कहा कि एसबीआइ कार्ड ब्रांड 'लाइफ को आसान बनायें' के मूल्यवान सिद्धांत पर आधारित है। 2 करोड़ कार्ड जारी करने का आंकड़ा पार करना हमारे ग्राहकों द्वारा हम पर रखे गये विश्वास और आत्मविश्वास का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि एसबीआइ कार्ड ने वित्त वर्ष 19 और वित्त वर्ष 24 के बीच कार्ड्स-इन-फोर्स में लगभग 25 प्रतिशत और स्पेंड्स में 26 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि देखी है। कंपनी के पास आज भारत भर में एक मजबूत ग्राहक अधिग्रहण नेटवर्क है, जिसमें बैंक और ओपन मार्केट शामिल हैं। एसबीआइ कार्ड क्रेडिट कार्डों का एक विविध पोर्टफोलियो प्रदान करता है, जिसमें विशेष ओरम, एक सुपर-प्रीमियम कार्ड और प्रीमियम सेगमेंट के लिए सुविधा संपन्न एसबीआइ कार्ड एलीट शामिल है। कैशबैक एसबीआइ कार्ड, सिंपलीक्लिक एसबीआइ कार्ड, सिंपलीसेव एसबीआई कार्ड और एसबीआइ कार्ड प्लस जैसे क्रेडिट कार्ड विभिन्न ग्राहक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तयशुदा लाभ प्रदान करते हैं।

एसबीआइ कार्ड को-ब्रांडेड ट्रैवल कार्ड प्रदान करता है जैसे, क्रिसफ्लायर एसबीआइ कार्ड, एयर इंडिया सिग्नेचर एसबीआइ कार्ड, बीपीसीएल एसबीआइ कार्ड और आइआरसीटीसी एसबीआइ कार्ड जो विश्व भ्रमण करने वालों और यात्रा करने वालों की जरुरतों को पूरा करता है। इसके साथ ही, रिटेल-केंद्रित क्रेडिट कार्ड, जिसमें टाइटन एसबीआइ कार्ड और रिलायंस एसबीआइ कार्ड शामिल हैं जो लाइफस्टाइल खर्च को मूल्यवान बनाते हैं। आज, एसबीआई कार्ड क्रेडिट कार्ड देश के सभी प्रमुख भुगतान नेटवर्क पर उपलब्ध हैं। इन वर्षों में, एसबीआइ कार्ड ने निर्बाध डिजिटल ऑनबोर्डिंग, उन्नत सुरक्षा सुविधाओं और मजबूत रिवार्ड्स कार्यक्रमों को शुरू करने के लिए प्रौद्योगिकी का भी उपयोग किया है, जिससे यह आज लगभग 2 करोड़ भारतीय ग्राहकों के लिए पसंदीदा विकल्प बन गया है।

# उद्योग मंत्री से चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने की शिष्टाचार मुलाकात की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** उद्योग एवं श्रम मंत्री संजय यादव से अध्यक्ष परेश गट्टानी के नेतृत्व में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्हें व्यापार और उद्योग जगत की ओर से बधाई दी। मुलाकात के क्रम में चैंबर ने राज्य के औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के उद्देश्य से विभाग द्वारा किये जानेवाले प्रयासों में सकारात्मक सहभागिता के लिए मंत्री को आश्वस्त किया। इस क्रम में चैंबर अध्यक्ष ने श्रम विभाग द्वारा राज्य में प्रभावी किये गये न्यूनतम मजदूरी दर को अव्यवहारिक बताते हुए उद्योग एवं श्रमिकों के हित में इसमें संशोधन हेतु विचार का आग्रह किया। यह भी कहा कि राज्य में किस प्रकार रोजगार के नये अवसर बढ़ें, इसपर हम सरकार के साथ मिलकर कार्य करने के लिए उत्साहित हैं। प्रतिनिधिमंडल ने श्रम कानूनों में जटिलता, फैक्ट्रियों में वर्कर्स और नियोजकों के बीच आपसी विवाद, लाइसेंसिंग प्रणाली में जटिलता के कारण औद्योगिक इकाइयों के संचालन में होनेवाली कठिनाइयों के साथ ही राज्य में रुग्ण होते उद्योगों के रीवाईवल हेतु सरकार के स्तर से आवश्यक हस्तक्षेप पर भी वार्ता की। यह भी कहा गया कि विभाग, नियोजक और श्रमिकों के संयुक्त प्रयास से ही हम अपने राज्य को विकसित राज्यों की श्रेणी में शीर्ष पायदान पर लाने में सफल हो सकते हैं। राज्य के विकास से जुड़े बिंदुओं पर व्यापारियों और उद्यमियों के साथ चैंबर भवन में आकर विमर्श करने के लिए भी मंत्री ने चैंबर को भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में चैंबर के कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष धीरज तनेजा और श्रम उप समिति के चेयरमैन प्रमोद सारस्वत शामिल थे। यह जानकारी प्रवक्ता सुनील सरावगी ने दी।

## पूर्व सीओ ओम प्रकाश यादव पर विभागीय कार्यवाही चलाने का आदेश

**रांची (आजाद सिपाही)।** नामकुम की तुंबाटोली में सेना के नाम पर अधिग्रहित जमीन के अवैध तरीके से स्थानांतरण के मामले में झारखंड सरकार ने तत्कालीन अंचल अधिकारी नामकुम ओम प्रकाश यादव पर विभागीय कार्यवाही चलाने का आदेश दिया है। सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी गणेश कुमार को विभागीय जांच पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। ओम प्रकाश यादव से 15 दिनों के अंदर लिखित बयान मांगा गया है। अपर समाहर्ता रांची उपास्थापन पदाधिकारी बनाये गये हैं। मामले पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सहमति के बाद ओमप्रकाश यादव पर विभागीय कार्यवाही संचालित करने का निर्णय लिया गया है। उल्लेखनीय है कि नामकुम की तुंबाटोली में सेना के नाम पर करीब 400 एकड़ जमीन अधिग्रहित की गयी थी, लेकिन जमीन को कुछ जमीन कारोबारियों ने अधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग से दूसरे को बेच दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री ने निगरानी जांच का आदेश भी जारी किया था, लेकिन इस आदेश के पहले मामले को लेकर नामकुम थाना में केस दर्ज किया जा चुका था।

### वैश्य मोर्चा के पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों का शपथ ग्रहण समारोह

# वैश्यों की अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं : महेश्वर साहू

**समाज के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखने का संकल्प**

**16 दिसंबर से झंडा लगाओ अभियान, 22 दिसंबर को लगेगा प्रशिक्षण शिविर**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रविवार को रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा के नीचे झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों को शपथ ग्रहण कराया गया। वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने केंद्रीय पदाधिकारियों एवं सदस्यों को समाज और संगठन के प्रति निष्ठा रखने एवं संघर्ष में समर्पित भाव से साथ देने की शपथ दिलायी। सभी पदाधिकारियों, सदस्यों एवं जिलाध्यक्ष को निर्देश दिया गया कि 16 दिसंबर को अपने-अपने घरों, प्रतिष्ठानों में वैश्य मोर्चा का झंडा लगा कर झंडा लगाओ अभियान की शुरूआत करेंगे। यह भी तय किया गया कि सभी स्तर के पदाधिकारियों के लिए आगामी 22 दिसंबर को रांची में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसके पूर्व केंद्रीय पदाधिकारी और जिलाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र में बैठक करके समाज के बुनियादी मुद्दों को जानने का काम करेंगे। इसके पूर्व सभी लोगों ने महात्मा गांधी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि देकर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने कहा कि संविधान में वैश्य एवं पिछड़ों के समग्र विकास के लिए काफी प्रावधान किये गये हैं, लेकिन सरकार और प्रशासन द्वारा लगातार अनदेखी की जाती रही है। यह काफी दुखद है। वैश्य मोर्चा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्र में जुझारू आंदोलन शुरू करना होगा। अब उपेक्षा और जुल्म बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

इस अवसर शपथ ग्रहण करने वालों में कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल, हीरानाथ साहू, मोहन साव, वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार साहू, रामसेवक प्रसाद, डॉ माधवचंद्र मंडल, केंद्रीय उपाध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद, लक्ष्मण साहू, प्रमोद चौधरी, प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता, उप-प्रधान महासचिव सह प्रवक्ता उपेंद्र प्रसाद, अशोक गुप्ता, केंद्रीय महासचिव दिलीप प्रसाद, आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

# खेल स्टेडियम बनवाने को लेकर भाजपा नेता ने सांसद को सौंपा मांग पत्र

**खेल स्टेडियम बनने से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रौशन करेंगे खिलाड़ीः पुटूश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** भाजपा नेता सह रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी धनंजय कुमार पुटूस ने हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल से मुलाकात किया। इस दौरान रामगढ़ कैंट के फुटबॉल मैदान को खेल स्टेडियम के रूप में विकसित करवाने के लिए एक मांग पत्र सौंपा है। सांसद मनीष जायसवाल को दिए मांग पत्र में धनंजय कुमार पुटूस ने कहा है कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हमारे रामगढ़ जिला के शहरी क्षेत्र रामगढ़ कैंट में खेलने के लिए एक मैदान शहर के बीचो-बीच छावनी परिषद के सीइओ आवास के बगल में फुटबॉल मैदान है। जहां पर खिलाड़ी खेलकूद का अभ्यास करते हैं और युवा लड़के-लड़कियां सेना, पुलिस बहाली और ओलंपिक आदि की तैयारी करते हैं। इस मैदान में समय समय पर फुटबॉल, क्रिकेट टूर्नामेंट और अन्य खेलों का भी आयोजन होता है। अगर इस मैदान को एक अच्छे खेल स्टेडियम के रूप में विकसित किया जाये तो हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले रामगढ़ जिला के खिलाड़ियों को खेलकूद के क्षेत्र में आगे बढ़ने एवं युवाओं को सेना, पुलिस आदि बहाली और ओलंपिक की तैयारी करने में काफी सहायता मिलेगी। जो आगे चलकर हमारे रामगढ़ जिला के साथ हजारीबाग लोकसभा का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रौशन करेंगे। पुटूस ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल जनहित के मुद्दों के प्रति सकारात्मक नजरिया रखते हैं और युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने का काम करते हैं। हमे पूर्ण विश्वास है कि सांसद महोदय हमारे मांग पत्र पर संज्ञान लेंगे और जल्द ही रामगढ़ के फुटबॉल मैदान को एक शानदार खेल स्टेडियम के रूप में विकसित किया जायेगा। धनंजय कुमार पुटूस ने इस मांग पत्र की प्रतिलिपि रामगढ़ डीसी और रामगढ़ कैंट के सीइओ को भी सौंपने की बात कही है।

# वॉल्कन बजाज शोरूम में सीएनजी फ्रीडम और पल्सर एन-25 को एसपी ने किया लांच

**ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए लोकप्रिय होगी बाइकः अजय कुमार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** विश्व की पहली सीएनजी फ्रीडम बाइक बजाज कंपनी ने लांच की है। रामगढ़ शहर के वॉल्कन बाजार शोरूम में रविवार को सीएनजी फ्रीडम और पल्सर एन 25 बाइक को एसपी अजय कुमार, वत्सल पोद्दार और विवेक पोद्दार ने संयुक्त रूप से लांच किया। इस दौरान उन्होंने कंपनी और शोरूम के कर्मियों को बधाई दी। एसपी अजय कुमार ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग और प्रदूषण की वजह से हमारा समाज बीमार हो रहा है। सीएनजी फ्रीडम बाइक इन सब प्रदूषण को तो दूर करेगी ही, साथ ही इसका बेहतरीन मॉडल और लुक ग्राहकों को भी पसंद आयेगा। एसपी ने बताया कि पूरी दुनिया अब कृत्रिम चीजों से हटकर प्राकृतिक चीजों पर निर्भर हो रही है। पहले थ्री व्हीलर और फोर व्हीलर में सीएनजी का इस्तेमाल होता था, लेकिन अब टू व्हीलर भी सीएनजी के साथ सुरक्षित साबित होगा। उन्होंने बताया कि कंपनी का यह बेहतरीन फीचर लोगों को अच्छा लगेगा। उन्होंने कहा कि सीएनजी टैंक किसी भी परिस्थिति में विस्फोट ही करेगा, चाहे दुर्घटना कितनी भी बड़ी हो। कंपनी इस मानक पर अगर खरी उतरती है, तो सीएनजी बाइक सड़कों पर एक नयी पहचान बन सकती है। मौके पर मौके पर शोरूम के मालिक दिनेश पोद्दार, शोरूम मैनेजर अभिजीत कुमार सिन्हा, सर्विस मैनेजर मोहित सिंह, अभित ठाकुर, सोनू थापा, संजय, सुदीप, अभित रॉय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# रामगढ़, रजरप्पा और घाटो में फिर शुरू हुआ ईंट-भट्ठा का कारोबार

**ईंट-भट्ठा में सीसीएल कोलियरी और दामोदर नदी से पहुंचता है अवैध कोयला**

**रात के अंधेरे में ट्रैक्टर और दिन उजाले में साइकिल से भट्ठों में गिरता है कोयला**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** कोयले का अवैध कारोबार घाटो, रामगढ़ और रजरप्पा थाना क्षेत्र में शुरू हुआ है। भट्ठों में दिन और रात अवैध कोयला गिराया जा रहा है। जिसे रोकने टोकने वाला कोई नहीं है। यह कारोबार अगले छह माह तक चलेगा। बीच-बीच में अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर पकड़कर पुलिस अपनी कर्तव्यों की इतिश्री करते रहेगी।

**कहां-कहां से भट्ठों में पहुंचता है अवैध स्टीम कोयला।**

पड़ताल में यह बात सामने आई है कि भट्ठों में कोयला आपूर्ति कुंदरू-सरैया के निकट दामोदर नदी के साथ सीसीएल रजरप्पा कोलियरी से चोरी कर किया जाता है। दामोदर नदी से जानलेवा सुरंग बनाकर कोयला निकासी कर भट्ठों में कोयला तस्कर मुहैया कराते हैं। इसके अलावे सीसीएल की कोलयरी से भी कोयला चुराकर भट्ठों में पहुंचाया जाता है। अगर समय रहते अवैध खनन नहीं रोका गया तो आगे कई लोग अपनी जान से भी जा सकती है। इधर घाटो में भी सीसीएल की बंद पड़ी खदान और वन भूमि क्षेत्र में अवैध खनन कर भट्ठों में कोयले की आपूर्ति की जाती है।

**रात में ट्रैक्टर और दिन में साइकिल से भट्ठों में पहुंचता है कोयला :** सूत्रों ने बताया कि भट्ठों में कोयला गिराने की तरीकों में कई बदलाव किये गये हैं। शर्त है कि दिन में किसी भी कीमत पर अवैध कोयला की ढुलाई ट्रैक्टर से नहीं करनी है। अगर रात में छूट मिला है तो उसका भी एक समय निर्धारित किया जायेगा। उसके अनुसार ही कोयला की ढुलाई होगी। हां एक बात अलग है कि भट्ठा संचालक दिन में कोयला की जरूरत है तो वो साइकिल से गिरा सकते हैं।

# कट्टरपंथ का खतरा

बांग्लादेश में हालिया सत्ता परिवर्तन के बाद से ही हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समूहों पर होनेवाले हमले अंतरराष्ट्रीय चिंता का कारण बने हुए हैं। हैरत की बात है कि बांग्लादेश की कामचलाऊ सरकार इन हमलों को रोकने से ज्यादा दिलचस्पी इनका खंडन करने में लेती दिख रही है। उसका इन हमलों पर आधिकारिक स्पष्टीकरण यह है कि भारत का मीडिया इन हमलों को बढ़ा-चढ़ा कर दिखा रहा है। ऐसे में अमेरिका की यह प्रतिक्रिया खासी अहम हो जाती है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों पर वह नजर बनाये हुए है और उम्मीद करता है कि वहां सभी नागरिकों के मानवाधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जायेगी। बांग्लादेश में जिन हालात में शेख हसीना को इस्तीफा देकर वहां से निकलना पड़ा और मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार का मुख्य सलाहकार बनाया गया, उसने कई तरह के सवाल खड़े किये। इस नयी सरकार पर इस्लामिक कट्टरपंथी तत्वों के प्रभाव को लेकर आशंकाएं भी पहले दिन से थीं, लेकिन मोहम्मद यूनुस की अमेरिका से करीबी भी काफी चर्चा में रही। कुछ हलकों में कहा जा रहा था कि उन्हें अमेरिका का परोक्ष समर्थन हासिल है। बहरहाल, अल्पसंख्यकों पर हमलों को लेकर अमेरिका की ताजा प्रक्रिया आने के बाद इस बात पर नजर बनी हुई है कि उनकी सुरक्षा को लेकर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के रुख में किस तरह का और कितना बदलाव आता है। अब तक अंतरिम सरकार के रुख ने इन आशंकाओं को मजबूती ही दी है कि उसकी नीतियां न सिर्फ बांग्लादेश के बल्कि पाकिस्तान के भी इस्लामी कट्टरपंथी तत्वों को बढ़ावा दे सकती हैं। इसका ताजा उदाहरण है पाकिस्तानियों और पाकिस्तानी मूल के लोगों को वीजा देने के नियमों में ढील देने का फैसला। अंतरिम सरकार के इस फैसले के मुताबिक अब इन लोगों को बांग्लादेश की यात्रा करने के लिए सिक्यॉरिटी क्लीयरेंस लेना जरूरी नहीं होगा। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि इस फैसले से भारत की सुरक्षा चिंताएं बढ़ेंगी। वजह यह है कि इससे पाकिस्तान में सक्रिय आतंकवादी तत्वों का बांग्लादेश आना आसान हो जायेगा। ध्यान रहे, बांग्लादेश के साथ भारत की 4000 किलोमीटर लंबी सीमा लगती है। 2001 से 2006 के बीच बीएनपी-जमात-ए-इस्लामी शासन के दौरान बांग्लादेश में सक्रिय आतंकी तत्वों के कई कारनामे भारत भुगत चुका है। जाहिर है, पड़ोसी देश का घटनाक्रम भारत के लिए बड़ी कूटनीतिक चुनौती पैदा करता दिख रहा है। मसला सिर्फ अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों या वहां की कानून-व्यवस्था की स्थिति तक सीमित नहीं है। अंतरिम सरकार को यह समझना होगा कि हिंदुओं की सुरक्षा के प्रति उदासीनता दिखाना ठीक नहीं है और भारत उसका मित्र देश है।

**बांग्लादेश के साथ भारत की 4000 किलोमीटर लंबी सीमा लगती है। 2001 से 2006 के बीच बीएनपी-जमात-ए-इस्लामी शासन के दौरान बांग्लादेश में सक्रिय आतंकी तत्वों के कई कारनामे भारत भुगत चुका है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजॉम ने कहा कि हर माता-पिता जानते हैं कि सोशल मीडिया की लत उनके बच्चों को मानवीय संपर्क से अलग-थलग कर सकती है। बच्चों को तनाव, चिंता, और देर रात तक बर्बाद होने वाले अंतहीन घंटे मिलते हैं। राज्य सीनेटर नैंसी स्किनर, जिन्होंने कानून लिखा, ने कहा, 'सोशल मीडिया कंपनियों ने अपने प्लेटफॉर्म को उपयोगकत्र्ताओं, विशेष रूप से हमारे बच्चों को आदी बनाने के लिए डिजाइन किया है।'**

# माता-पिता अपने बच्चों के लिए क्या कर सकते हैं!

श्रीनिवास माधव



**माता-पिता अपने बच्चों के साथ दोस्ती का निर्माण करें। भारत मेरा देश है... मैं अपने माता-पिता, शिक्षकों और बड़ों का सम्मान करूंगा..., बच्चे स्कूलों में पिडिमर्री वेंकट सुब्बाराव द्वारा लिखित शपथ लेते हैं। जबकि बच्चे अपने माता-पिता और बड़ों का सम्मान करने की शपथ लेते हैं, माता-पिता को अपने बच्चों के साथ बिताये समय की गुणवत्ता पर भी विचार करना चाहिए।**

भारत एक युवा राष्ट्र है, जिसमें 25 वर्ष से कम आयु के 600 मिलियन से अधिक लोग हैं। जनसांख्यिकीय लाभांश युवाओं को प्रमुख चुनौतियों का सामना करने के लिए सशक्त बनाने पर निर्भर करता है, कुछ आभासी और कुछ मूर्त। सोशल मीडिया, एक प्रशंसित लोकतांत्रिक उपकरण और माता-पिता का अभिशाप है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूजॉम ने कहा कि हर माता-पिता जानते हैं कि सोशल मीडिया की लत उनके बच्चों को मानवीय संपर्क से अलग-थलग कर सकती है। बच्चों को तनाव, चिंता, और देर रात तक बर्बाद होने वाले अंतहीन घंटे मिलते हैं।

राज्य सीनेटर नैंसी स्किनर, जिन्होंने कानून लिखा, ने कहा, 'सोशल मीडिया कंपनियों ने अपने प्लेटफॉर्म को उपयोगकत्र्ताओं, विशेष रूप से हमारे बच्चों को आदी बनाने के लिए डिजाइन किया है।' केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री, अश्विनी वैष्णव ने 16 नवंबर को अपने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के संबोधन के दौरान टिप्पणी की कि डिजिटल प्लेटफॉर्म को चलाने वाले एल्गोरिदम अक्सर ऐसी सामग्री को प्राथमिकता देते हैं, जो सनसनीखेज या विभाजनकारी कथाओं को बढ़ा कर जुड़ाव को अधिकतम करती है।

**ऑस्ट्रेलिया अभी भी आयु सत्यापन के लिए उपयोग किये जाने वाले तंत्र का पता लगा रहा है।**

28 नवंबर को, ऑस्ट्रेलियाई संसद ने ऑनलाइन सुरक्षा संशोधन (सोशल मीडिया न्यूनतम आयु) विधेयक 2024 पारित किया, जिसमें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को अपने प्लेटफॉर्म तक पहुंचने से रोकने के उपायों को लागू करने के लिए अनिवार्य किया गया।

दुनिया के सबसे सख्त कानून के तहत, जिसे एक साल के भीतर लागू किया जाना है, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बच्चों को पहुंच की अनुमति देने के लिए $32 मिलियन तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि हम चाहते हैं कि हमारे बच्चों का बचपन हो और माता-पिता को पता हो कि हम उनके साथ हैं।

फ्रांस में एक कानून है, जिसके तहत 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों द्वारा सोशल मीडिया का उपयोग करने के लिए माता-पिता की सहमति की आवश्यकता होती है, जबकि ब्रिटेन ऑस्ट्रेलिया की पहल का अध्ययन कर रहा है। विज्ञापन फ्रांस यूरोपीय संघ में प्रतिबंध लगाने की वकालत कर रहा है। हालांकि, आयु सत्यापन एक बड़ी चुनौती होगी।

यूके मीडिया नियामक, ऑफ कॉम द्वारा किये गये एक सर्वेक्षण से पता चलता है कि 8 से 17 वर्ष की आयु के 22 प्रतिशत बच्चे सोशल मीडिया ऐप पर 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के होने के बारे में झूठ बोलते हैं।

ऑस्ट्रेलिया अभी भी आयु सत्यापन के लिए उपयोग किये जाने वाले तंत्र का पता लगा रहा है। दूसरी ओर ऑनलाइन गेमिंग एक बढ़ती हुई चिंता बन गयी है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा गेमिंग डिसऑर्डर के रूप में मान्यता प्राप्त, गेमिंग की लत शैक्षणिक प्रदर्शन और सामाजिक संपर्कों को बाधित करती है, जिससे बच्चों की भलाई को और भी अधिक खतरा होता है। सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 सोशल मीडिया मध्यस्थों पर उचित परिश्रम की बाध्यताएं डालते हैं। इन प्लेटफॉर्म को बच्चों के लिए हानिकारक गैर-कानूनी जानकारी को हटाने की दिशा में तेजी से कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

जैसा कि संसद में सुझाव दिया गया है कि संचार और आइटी पर स्थायी समिति को इन मुद्दों को संबोधित करने और भारतीय युवाओं और उनके माता-पिता को डिजिटल अभिशाप से बचाने की आवश्यकता है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के राष्ट्रीय औषधि उपचार केंद्र द्वारा 2018 में किये गये राष्ट्रीय सर्वेक्षण से पता चला है कि 18 वर्ष से कम आयु के 1.18 करोड़ युवा नशीली दवाओं के दुरुपयोग से प्रभावित हैं।

माता-पिता अपने बच्चों के साथ दोस्ती का निर्माण करें। भारत मेरा देश है... मैं अपने माता-पिता, शिक्षकों और बड़ों का सम्मान करूंगा..., बच्चे स्कूलों में पिडिमर्री वेंकट सुब्बाराव द्वारा लिखित शपथ लेते हैं। जबकि बच्चे अपने माता-पिता और बड़ों का सम्मान करने की शपथ लेते हैं, माता-पिता को अपने बच्चों के साथ बिताये समय की गुणवत्ता पर भी विचार करना चाहिए। क्या वे उनकी समस्याओं को सुनते हैं? क्या वे उनकी सफलताओं का जश्न मनाते हैं? क्या वे अपने अच्छे कामों की प्रशंसा करते हैं? प्रशंसा एक मजबूत रिश्ते की नींव है। जो लोग सराहना करते हैं, उन्हें जरूरत पड़ने पर रचनात्मक आलोचना करने का भी अधिकार है।

आइसलैंड जैसे देशों ने अनिवार्य अभिभावक प्रतिज्ञा लागू की है, जहां माता-पिता अपने बच्चों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने, उनके अच्छे कार्यों की प्रशंसा करने, आवश्यकता पड़ने पर नहीं स्वीकार करने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि उन्हें पर्याप्त पोषण, नींद और व्यायाम मिले। माता-पिता और बच्चों के बीच मजबूत बंधन को बढ़ावा देकर, माता-पिता अपने बच्चों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने, सकारात्मक कार्यों की सराहना करने और लचीलापन बढ़ाने का संकल्प ले सकते हैं।

## देश-विदेश की खबरें

# महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर होंगे,105 विधायकों ने शपथ ली

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा के विशेष सत्र के दूसरे दिन रविवार को 105 विधायकों ने शपथ ली। कई विधायकों ने इवीएम के मुद्दे पर 7 दिसंबर को शपथ लेने से इनकार करते हुए सदन से वॉकआउट कर दिया था, जिसके बाद शपथ रोक दी गयी थी।

रविवार को कांग्रेस के नाना पटोले, विजय वडेट्टीवार और अमित देशमुख, एनसीपी-एसपी नेता जितेंद्र अव्हाड, शिवसेना वइळ के आदित्य ठाकरे ने सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होते ही शपथ ली। इससे पहले शनिवार को 173 विधायकों ने शपथ ली थी। इनमें समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी और रईस शेख भी शामिल रहे। अब बाकी बचे नौ विधायक सोमवार को शपथ लेंगे।

इधर, राहुल नार्वेकर लगातार दूसरी बार विधानसभा के स्पीकर चुने गये। दरअसल, रविवार को स्पीकर पद के लिए उनके अलावा किसी ने नामांकन नहीं भरा। ऐसे में कोलाबा सीट से विधायक नार्वेकर का निर्विरोध चुना गया। 2022 में एकनाथ शिंदे के शिवसेना से अलग होकर सीएम बनने के बाद राहुल नार्वेकर को ही स्पीकर बनाया गया था, तब शिवसेना ठाकरे गुट ने उन पर विधायकों की अयोग्यता पर फैसला देने में देर करने का आरोप लगाया था। शपथ ग्रहण से पहले विपक्ष के नेताओं ने उट फडणवीस से मुलाकात की। ये सभी विधानसभा में डिप्टी स्पीकर के पद की मांग को लेकर पहुंचे थे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ बंगाल में प्रदर्शन, ढाका की साड़ियों को जलाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** कोलकाता के सॉल्ट लेक इंटरनेशनल बस टर्मिनस के पास प्रदर्शन में लोगों ने बांग्लादेश की जमदानी साड़ियों को जलाया। उन्होंने बांग्लादेश के सामान का बहिष्कार करने का आह्वान किया और चेतावनी दी कि अगर तिरंगे का अपमान और हिंदुओं पर हमले जारी रहे, तो भारत के लोग चुप नहीं बैठेंगे।

पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुए। कोलकाता, कांथी, काकद्वीप, संदेशकाली और पुरुलिया में हिंदुत्ववादी संगठनों की ओर से आयोजित रैलियों में सैकड़ों लोग शामिल हुए। इन प्रदर्शनों में लोगों ने हिंदू पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की तत्काल रिहाई की भी मांग की।



कोलकाता के सॉल्ट लेक इंटरनेशनल बस टर्मिनस के पास प्रदर्शन में लोगों ने बांग्लादेश की जमदानी साड़ियों को जलाया। उन्होंने बांग्लादेश के सामान का बहिष्कार करने का आह्वान किया और चेतावनी दी कि अगर तिरंगे का अपमान और हिंदुओं पर हमले जारी रहे, तो भारत के लोग चुप नहीं बैठेंगे।

**बांग्लादेशी उत्पादों के बहिष्कार की अपील :** एक प्रदर्शनकारी ने कहा, हम बांग्लादेश में हिंदुओं को लगातार निशाना बनाये जाने और भारत विरोधी नफरत फैलाने वाले बयानों की कड़ी निंदा करते हैं। हम चुप नहीं बैठेंगे। इसलिए, इन साड़ियों को जला कर हम बांग्लादेशी उत्पादो का बहिष्कार करने की अपील कर रहे हैं। दूसरे प्रदर्शनकारी ने कहा कि यह कैसा बांग्लादेश है? जो लोग 1971 के स्वतंत्रता संग्राम में लड़े थे, अब वे अपनी ऐतिहासिक धरोहर को मिटाने की कोशिश कर रहे हैं।

**कांथी में शुभेंदु अधिकारी ने किया विरोध रैली का नेतृत्व :** कांथी में आयोजित विरोधी रैली का नेतृत्व राज्य के विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने किया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की कट्टरपंथी ताकतों के खिलाफ सभी सनातनी एकजुट हैं। उन्होंने कहा कि 1971 में बांग्लादेश के स्वाधीनता संग्राम में 30 हजार से अधिक भारतीयों की शहादत को अब वहां के कट्टरपंथी भूल गये हैं। रविवार की रैली सीमा पार के तत्वों के लिए एक चेतावनी है कि वे इस प्रकार की नफरत फैलाने वाली बयानबाजी बंद करें। अधिकारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल और संयुक्त राष्ट्र के दिशानिर्देशों का पालन करते हुए नरेंद्र मोदी सरकार उचित कदम उठायेगी।

# किसानों ने शंभू बॉर्डर से दिल्ली मार्च टाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**शंभू बॉर्डर (पटियाला)।** पंजाब के 101 किसानों ने रविवार को दूसरी बार शंभू बॉर्डर से दिल्ली कूच करने की कोशिश की, लेकिन हरियाणा पुलिस ने उन्हें घग्गर नदी के पुल पर रोक लिया। करीब पौने 4 घंटे बाद जत्थे को वापस लौटना पड़ा। किसान नेता पंधेर का कहना है कि सोमवार को दोनों फोरम फैसला करेंगे कि आगे कब जाना है। 101 किसानों का जत्था दोपहर 12 बजे धरनास्थल से दिल्ली कूच के लिए निकला। पुल पर पुलिस और किसानों के बीच बहस हुई। हरियाणा पुलिस ने किसानों से दिल्ली जाने का परमिशन लेटर मांगा। उन्होंने कहा कि बिना परमिशन के वह दिल्ली नहीं जा सकते। इसके बाद किसानों ने बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश की। इस पर हरियाणा पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। इसके बाद पुलिस ने किसानों को चाय बिस्किट ऑफर किये और फूल भी बरसाये। फिर भी किसान दिल्ली कूच करने पर अड़े रहे। पुलिस ने दोबारा आंसू गैस के गोले दागे और वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया। इसमें 8 किसान घायल हो गये। एक किसान की हालत गंभीर है। उसे चंडीगढ़ पीजीआइ रेफर किया गया है। ऐसे में जत्थे को वापस बुलाने का फैसला लिया गया।

# सीरियाई राष्ट्रपति ने इस्तीफा दिया, देश छोड़कर भागे

- सेना बोली- उनकी सत्ता खत्म, लोगों ने राष्ट्रपति भवन लूटा
- टैंकों पर चढ़ कर जश्न मना रहे विद्रोही

एजेंसी

**दमिश्क।** सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद देश छोड़ कर भाग चुके हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक सेना ने असद के देश छोड़ने की पुष्टि करते हुए कहा कि राष्ट्रपति की सत्ता खत्म हो चुकी है। सीरिया में पिछले 11 दिनों से विद्रोही गुटों और सेना के बीच कब्जे के लिए लड़ाई चल रही थी। विद्रोही लड़ाकों ने रविवार को राजधानी दमिश्क पर कब्जा कर लिया है। असद के देश छोड़ने के बाद सीरियाई पीएम ने विद्रोहियों को सत्ता सौंपने का प्रस्ताव दिया है। पीएम मोहम्मद गाजी अल जलाली ने एक वीडियो में कहा है कि वो देश में ही रहेंगे और जिसे भी सीरिया के लोग चुनेंगे, उसके साथ मिलकर काम करेंगे।

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले एक हफ्ते में विद्रोहियों ने राजधानी दमिश्क के अलावा सीरिया के चार बड़े शहरों पर कब्जा कर लिया है। इनमें अलेप्पो, हमा, होम्स और दारा शामिल हैं। विद्रोही लड़ाके राजधानी दमिश्क में दारा शहर की तरफ से घुसे थे, जिस पर उन्होंने 6 दिसंबर को कब्जा किया था। दारा वही शहर है, जहां से 2011 में राष्ट्रपति बशर अल-असद के खिलाफ विद्रोह की शुरूआत हुई थी और पूरे देश में जंग छिड़ गयी थी। दारा से राजधानी दमिश्क की दूरी करीब 100 किमी है। यहां स्थानीय विद्रोहियों ने कब्जा किया है। वहीं, अलेप्पो, हमा और होम्स इस्लामी चरमपंथी ग्रुप हयात तहरीर अल-शाम की गिरफ्त में है। संघर्ष की वजह से अब तक 3.70 लाख लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। हालांकि लोग असद सरकार के गिरने की खुशी मना रहे हैं। लोगों के सेना के टैंकों पर चढ़कर सेलिब्रेट करने के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

**असद ने 11 दिन में सत्ता गंवाई :** सीरिया में 27 नवंबर को सेना और सीरियाई विद्रोही गुट हयात तहरीर अल शाम (एचटीएस) के बीच 2020 के सीजफायर के बाद फिर संघर्ष शुरू हुआ था। इसके बाद 1 दिसंबर को विद्रोहियों ने सीरिया के दूसरे सबसे बड़े शहर अलेप्पो पर कब्जा कर लिया। इसे राष्ट्रपति बशर अल असद ने सीरिया की जंग के दौरान 4 साल की लड़ाई के बाद जीता था।

अलेप्पो जीतने के 4 दिन बाद विद्रोही गुटों ने एक और बड़े शहर हमा और फिर दक्षिणी शहर दारा पर कब्जा कर लिया। इसके बाद राजधानी दमिश्क को दो दिशाओं से घेर लिया है। दारा और राजधानी दमिश्क के बीच सिर्फ 90 किमी की दूरी है। इस तरह असद ने सिर्फ 11 दिन के भीतर अपनी सत्ता गंवा दी और सीरिया पर असद परिवार के 50 साल का शासन खत्म हुआ।

# कनाडा में भारतीय स्टूडेंट की हत्या

**कनाडा के एडमोंटन शहर में बतौर सिक्योरिटी गार्ड काम करते थे हर्षनदीप सिंह**

एजेंसी

**कनाडा।** कनाडा में 20 साल के एक भारतीय छात्र की बेरहमी से हत्या कर दी गयी है। छात्र हर्षनदीप सिंह पंजाब के रहने वाले थे। वह कनाडा के एडमोंटन शहर में बतौर सिक्योरिटी गार्ड काम करते थे। हर्षनदीप की हत्या सीसीटीवी में कैद हो गयी थी, इसका वीडियो वायरल हो रहा है। घटना बीते 6 दिसंबर को एडमोंटन की है। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि हर्षनदीप सिंह को एक अपार्टमेंट की सीढ़ियों के रास्ते भागने की कोशिश करते समय पीछे से गोली मारी गयी। जिस शख्स ने हर्षनदीप पर गोली चलायी, उसके अलावा एक लड़का और एक महिला भी मौके पर मौजूद थी। जब हर्षनदीप ने भागने की कोशिश की तो महिला ने पीछे से पकड़ कर उसे रोकना चाहा। इसके ठीक बाद हमलावर ने हर्षनदीप पर गोली चला दी। हर्षनदीप पंजाब में कहां के रहने वाले हैं और वह किस कोर्स की पढ़ाई करने कनाडा गये थे, इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आयी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हर्षनदीप कनाडा में पढ़ाई के अलावा अपना खर्च चलाने के लिए सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी भी करते थे। हर्षनदीप की हत्या के मामले में इवान रेन और ज्यूडिथ सॉल्टो नाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## कुएं से युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका

**रमना (आजाद सिपाही)।** रमना थाना क्षेत्र के परसवान गांव स्थित सुनरी पहाड़ी के पास एक कुएं से शनिवार रात पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान 40 वर्षीय एजाजत अली के रूप में हुई है, जो बहीयार खुर्द का निवासी था। एजाजत अली शुक्रवार रात मिलाद कार्यक्रम में शामिल होने के बाद घर लौटते समय गायब हो गया था। परिजनों ने खोजबीन की और पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद उसका शव शनिवार रात कुएं से मिला। मृतक की पत्नी सलमा बीबी ने आरोप लगाया कि भूमि विवाद के चलते उनके पति की हत्या की गयी है। उन्होंने कई रिश्तेदारों पर हत्या का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। पुलिस जांच में जुट गई है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सूत्रों के मुताबिक, भूमि बंटवारे को लेकर विवाद लंबे समय से चल रहा था, जो इस घटना का कारण बन सकता है।

### रामकंडा में तीसरी बार ग्रामीणों ने रोका सड़क निर्माण, कहा

# मुआवजा के बाद बनने देंगे सड़क

**आजाद सिपाही संवाददाता**



ग्रामीणों को आश्वशन देते एएसआइ कंचन कुमार।

**रमकंडा।** रंका रमकंडा सड़क चौड़ीकरण के संवेदक मेसर्स गंगा कंट्रक्शन ग्रामीणों की मांग के विपरीत रमकंडा में सड़क बनाने को लेकर आतुर हैं। इस कारण पीडब्ल्यूडी के 66 करोड़ की लागत वाली इस सड़क में ग्रामीणों का विरोध लगातार जारी है। पिछले शुक्रवार को ग्रामीणों की मांग के अनुरूप निर्माण कार्य का आश्वशन देने के बावजूद पुनः रविवार को संवेदक ने मांग के विपरीत निर्माण कार्य शुरू कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही भाजपा नेताओं समेत स्थानीय ग्रामीणों ने रमकंडा में हो रहे सड़क निर्माण कार्य को तीसरी बार रोक दिया। मामला बढ़ता देख रमकंडा पुलिस निर्माण स्थल पर पहुंची। वहीं मामले को शांत कराया। इसके साथ ही एएसआई कंचन कुमार ने संवेदक को ग्रामीणों की मांग पूरा होने के बाद ही सड़क निर्माण शुरू करने की बात कही। कहा कि लगातार इस तरह विरोध होता रहा तो यहां विधि व्यवस्था गड़बड़ हो सकती है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों विरोध के बावजूद पिछले शुक्रवार को संवेदक की ओर से निर्माण कार्य शुरू होता देख ग्रामीण उग्र हो गये। वहीं शनिवार को ग्रामीणों ने उक्त सड़क निर्माण कार्य को रोक दिया था।

दरअसल रंका रमकंडा पथ चौड़ीकरण के इस मामले में ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में संवेदक की ओर से रमकंडा के बिचला टोला (दोहर पर) से मनमोहर चौक तक सड़क के लिये अधिग्रहित की जा रही जमीन से अतिक्रमण हटाये बिना ही सड़क निर्माण(पीसीसी) किया जा रहा है। ऐसे में सड़क चौड़ीकरण का कोई मतलब नही है। भाजपा नेता ज्ञानरंजन पांडेय, फरेज अंसारी, रामगृह पांडेय, जयप्रकाश यादव, ग्रामीण बदरुद्दीन अंसारी, इमामुद्दीन अंसारी, जाकिर अंसारी, इब्राहिम अंसारी, ऐनुल अंसारी, मैनुद्दीन अंसारी सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पहले संवेदक की ओर से सड़क चौड़ीकरण के लिये अधिग्रहण के लिये कराये गये जमीन की मापी के अनुसार उक्त जमीन से अतिक्रमण हटाया जाय। ग्रामीणों ने कहा कि संवेदक की ओर से अतिक्रमण हटाये बिना ही सड़क निर्माण कर दिए जाने से सड़क की जमीन अतिक्रमित ही रह जायेगी। वहीं लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ेगा।

**वादे के अनुरूप पुलिया तोड़कर दोबारा बनाये संवेदक**

निर्माण कार्य का विरोध कर रहे ग्रामीणों ने आरोप लगाया की सड़क निर्माण में गुणवत्तापूर्ण काम नही हो रहा है। कहा कि बिचला टोला दोहर पर बनाये गए पुलिया निर्माण में अनियमितता की पुष्टि करीब चार माह पहले ही हुई थी। जिसका विरोध ग्रामीणों ने किया था। उस दौरान संवेदक ने इसे तोड़कर फिर से बनाने का आश्वशन दिया था। लेकिन करीब चार माह बीत जाने के बाद संवेदक की ओर से इस कम गुणवत्ता वाली पुलिया को तोड़कर फिर से नही बनाया जा रहा है। बल्कि इस ओर ध्यान न देकर इसके आगे सड़क निर्माण की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है की जब सड़क निर्माण पूरा कर लिया जायेगा। तो इसके बाद पुलिया तोड़कर बनाया जाना संदेहास्पद है।

**बिल के लिए बगैर अधिग्रहण के सड़क बनाना मकसदः ज्ञानरंजन**

भाजपा नेता ज्ञानरंजन पांडेय ने कहा कि इस सड़क निर्माण की अवधि समाप्त हो चुकी है। दो महीने अतिरिक्त समय बीत चुका है। ऐसे में संवेदक को आर्थिक नुकसान हो रहा है। इस कारण समय अधिक न लगे। इसलिए ठेकेदार आनन फानन में बगैर अधिग्रहण कराये सिर्फ सड़क (पीसीसी) बनाकर अपना बिल निकालने की फिराक में हैं।

## तलशबरीयां में जमीनी विवाद में मारपीट, दो लोग घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मझिआंव।** मझिआंव थाना क्षेत्र के तलशबरीयां गांव में रविवार को आपसी जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर ईंट-पत्थर से मारपीट हुई, जिसमें दोनों पक्षों के एक-एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में प्रथम पक्ष के ताजुद्दीन खां के 23 वर्षीय पुत्र अबु जैद खां और द्वितीय पक्ष के मेहंदी खां के 40 वर्षीय पुत्र अफजल खां शामिल हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच पिछले कई वर्षों से जमीनी विवाद चल रहा था, जिसमें ताजुद्दीन खां के हाथ में पहले भी चोट आयी थी। रविवार को पुराने विवादित जमीन पर दीवाल जोड़ने को लेकर फिर से विवाद उत्पन्न हो गया। ताजुद्दीन खां ने पुलिस को बताया कि मेहंदी खां द्वारा दीवाल जोड़ने का काम किया जा रहा था, जिसे मना करने पर मारपीट की गयी और किराना दुकान में तोड़फोड़ की गयी। इसके अलावा, अल्बेस्टर को भी नुकसान पहुंचाया गया और कुछ दुकान का सामान तथा नकदी चोरी करने का आरोप भी लगाया गया।

इस घटना के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की थी, लेकिन दूसरे पक्ष ने फिर भी दीवाल जोड़ने का काम जारी रखा। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष से आधिकारिक आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी और किसी भी पक्ष को नियमों के खिलाफ काम करने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 300 मरीजों की हुई जांच

**स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना आवश्यक : डॉक्टर पातंजली**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** एकल विद्यालय एवं राधा पार्वती एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार को सदर प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय छतरपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ट्रस्ट के निदेशक डॉक्टर पातंजली केसरी, सियाराम शरण वर्मा और मनीष कुमार गुप्ता सहित अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

उक्त मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए निदेशक डॉक्टर पातंजली केसरी ने कहा कि मानव शरीर प्रकृति की अनमोल देन है। सभी लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। समय-समय पर हम सभी को अपना ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल की जांच कराते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मधुमेह रोग में मरीज के ब्लड में शुगर लेवल बढ़ने लगता है। पहले यह बीमारी बुजुर्गों में ज्यादातर देखा जाता था। कम उम्र के लोग भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। जीवन शैली में बदलाव और दवा के सेवन से इस पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

ओबीसी जिला अध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि तनाव और चिंता से हमारे जीवन पर प्रतिकूल असर पड़ता है। अच्छी नींद और योग को हमें अपने जीवन शैली में शामिल करना चाहिए। मौके पर अब्दुल मन्नान, दामोदर राम, डॉक्टर कुमार आदित्य प्रकाश, ओम प्रकाश चौरसिया, ओमप्रकाश गुप्ता, केसी बिंद, पूनम कुमारी, अवधेश प्रसाद बिंद, प्रमोद दास सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## 10 से निःशुल्क मुंह एवं दांत जांच शिविर का होगा आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** शहर के कचहरी रोड स्थित वारसी कंपलेक्स में अवस्थित जनता डेंटल क्लीनिक में 10 दिसंबर से निःशुल्क डेंटल कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी जनता डेंटल क्लीनिक के प्रोपराइटर डॉ एमएन खान ने दी। उन्होंने कहा कि 10 दिसंबर से 31 दिसंबर तक निःशुल्क डेंटल कैंप का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आर्थिक स्थिति दयनीय होने के कारण कई लोग अपनी दातों का इलाज नहीं कर पाते हैं। जिसके कारण लोग दांत की विभिन्न बीमारियों से ग्रसित हो जाते हैं। जिसके कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे लोगों की परेशानी को देखते हुए 10 दिसंबर से निःशुल्क डेंटल कैंप का आयोजन किया गया है। ताकि लोगों को दांत की बीमारियों से मुक्ति मिल सके।

## भवनाथपुर में सुलेशन सूंघने की आदत से नाबालिग की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भवनाथपुर।** प्रखंड में एक नाबालिग युवक की मौत ने क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। जानकारी के अनुसार, 14 वर्षीय युवक सूरज कुमार पिता दिलीप गुप्ता अरसली उत्तरी निवासी को रबर से रबर साटने वाला केमिकल सुलेशन सूंघने की आदत थी। सूंघकर वह नशा किया करता था। जो धीरे-धीरे उसकी जानलेवा लत बन गई। युवक ने रविवार को अधिक मात्रा में शुलेशन सूंघ लिया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ जाने से, उसे भवनाथपुर सीएचसी मे इलाज के लिए भर्ती कराया गाया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

स्थानीय लोगों के अनुसार, युवक पिछले कुछ महीनों से इस खतरनाक आदत का शिकार था। वह अकेले में सुलेशन सूंघकर नशा करता था। परिवार के लोग उसे इस लत से दूर करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन नशे की गहरी पकड़ से वह बाहर नहीं निकल पाया।

यह घटना इलाके में नशे के बढ़ते प्रचलन की ओर इशारा करती है। स्थानीय लोग बताते हैं कि बाजारों में आसानी से सुलेशन और अन्य नशीले पदार्थ उपलब्ध हैं, जिससे किशोर वर्ग तेजी से इनकी चपेट में आ रहा है। प्रशासन की ओर से अब तक इस पर रोक लगाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाये गये हैं।

इस घटना ने पूरे गांव को झकझोर दिया है। परिवार गहरे सदमे में है और उन्होंने प्रशासन से नशीले पदार्थों की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। समाज को इस समस्या से निपटने के लिए जागरूकता फैलाने और नशा मुक्ति केंद्रों की स्थापना की सख्त जरूरत है, ताकि युवाओं को इस नशे की लत से बंचे।

जानकारी के अनुसार 20दिन पूर्व दिलीप गुप्ता की पत्नी का कैंसर बीमारी से ग्रस्त होने के कारण मृत्यु हो गयी थी। मृतक सूरज घर का इकलौता पुत्र था।

## साप्ताहिक सत्संग का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**श्री बंशीधर नगर।** शनिवार को संध्या समय सत्संग उपासना केंद्र उर्जित्पा नगर उन्टारी में श्री श्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र के शिष्यों द्वारा साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, शंख ध्वनि, वंदे पुरुषोत्तमम ध्वनि के साथ किया गया। तत्पश्चात सामूहिक संध्याकालीन प्रार्थना, समवेत नामजप ध्यान, सत्यानुसरण ग्रंथ पाठ, नारीनीति ग्रंथ पाठ किया गया। धृति सुंदर लाल, दीपमाला अंबष्ट, पूजा देवी, माला मां द्वारा भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया गया। इष्टचर्चा करते हुए याजक राज कुमार दा ने कहा कि आनंद की प्राप्ति के लिए सत्संग अवश्य करना चाहिए, सत्संग से ज्ञान की प्राप्ति होती है। ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि ईश्वर का नाम का वितरण प्रत्येक सत्संगी को याजन के माध्यम से अवश्य करना चाहिए। प्रत्येक मनुष्य के लिए मनुष्य ही संपत्ति है, इसीलिए मानव को ईश्वर का नाम लेना चाहिए। सत्संग का संचालन कर रहे ऋत्विक धृति सुंदर लाल ने कहा कि सुकर्म से अच्छे फल की प्राप्ति होती है। आगामी 20 दिसंबर को सत्संग आश्रम देवघर से श्री बंशीधर नगर में पूज्यपाद श्री शुभ दा का आगमन होना है, इस विषय पर सत्संग में उपस्थित लोगों के बीच चर्चा किया गया। जय उदघोष के साथ कार्यक्रम का विश्राम किया गया। सत्संग में गोविंद दा, शक्ति दास सिन्हा, अजय दा, संजय दा, धृतिदीप, आदित्य, पप्पू जायसवाल, आशीष दा, रामा देवी, अनिता देवी, गीता देवी, कलावती देवी, मालती मां, सतवंती देवी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## टेंपो पलटने से मजदूर की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



बेहोश पड़ी मृतक की पत्नी और रोते विखलते परिजन।

**मझिआंव।** मझिआंव बिशुनपुरा मुख्य पथ पर रविवार को रात्रि सात बजे मुखदेव उच्च विद्यालय के समीप जैनेंद्र चौहान के घर के सामने सड़क निर्माण कंपनी ओम नमः शिवाय द्वारा आधे सड़क पर हाइवा से गिराये गये मोरम में फंसकर 14 मजदूरों से भरी टेम्पू पलट गयी। जिसमे दबकर चंद्रपुरा गांव निवासी रूपन रजवार के पुत्र उमेश रजवार 30 वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। संयोगवश घटना के समय गस्त करते हुए गुजर रही पुलिस ने दौड़कर टेम्पू को उठाया। देखा कि एक व्यक्ति घायल पड़ा है इसी बीच उक्त मजदूरों को दूसरे राज्य में मजदूरी के लिए ले जा रहा ठीकेदार पहुंच गया और उसे उठाकर गढ़वा सदर अस्पताल में ले जाया गया, जहां पर चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद पुलिस ने शव का अंत्यपरीक्षण करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद मजदूर उमेश रजवार के घर में जैसे ही सूचना मिली कि टेंपो से दबाकर उमेश की मौत हो गयी है। उसकी मां शांति देवी तथा पत्नी देवंती देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इस दौरान मृतक की पत्नी कई बार रोते-रोते बेहोश भी हो गयी। इधर इस संबंध में घटना के समय उपस्थित प्रत्यक्षदर्शी साथ में जा रहे मजदूर चुटाई उरांव ने बताया कि वे लोग चंद्रपुरा गांव के रियाजुदीन खान के टेम्पू से अरविंद उरांव, राजा चौधरी,पंकज उरांव, सुनील उरांव, मदन उरांव, संतोष चौधरी सहित तेरह लोगों के साथ मजदूरी करने के लिए जामनगर जा रहे थे। इधर घटनास्थल पर उपस्थित जैनेंद्र चौहान एवं पृथ्वी चौहान ने बताया कि शुक्रवार को ओम नमः शिवाय कंपनी द्वारा हाईवे से मोरम किराया गया था इसके बाद दो दिन उसकी फीलिंग नहीं की गई और जब घटना हो गया तो आज सुबह 8:00 बजे जेसीबी से उसकी फिलिंग कराई गई अगर शुक्रवार को ही उसकी फीलिंग हो जाती तो मजदूर की मौत नहीं होती।

## दानरो नदी किनारे होगा 251 जोड़ों का सामूहिक विवाह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** जिले में कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली ने आगामी 1 मार्च 2025 को दानरो नदी के तट पर 251 कन्याओं के सामूहिक विवाह का आयोजन करने की घोषणा की है। यह विवाह हिंदू और मुस्लिम रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न होगा। हिंदू कन्याओं का विवाह पारंपरिक संस्कारों से और मुस्लिम कन्याओं का विवाह इस्लामी विधि-विधान के तहत कराया जायेगा।

विकास कुमार माली ने बताया कि उनकी संस्था अब तक 14,000 से अधिक असहाय, गरीब और अनाथ कन्याओं का विवाह करवा चुकी है। यह कार्य झारखंड, बिहार और अन्य राज्यों में किया गया है। उनका उद्देश्य उन परिवारों की मदद करना है जो दहेज प्रथा और गरीबी के कारण बेटियों की शादी करने में असमर्थ हैं। संस्था केवल विवाह करवाने तक सीमित नहीं है। यह दहेज प्रथा, बाल विवाह और भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने और गरीब बहनों को शिक्षा व आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करने का कार्य भी करती हैं। पिछले वर्ष, संस्था ने 151 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया था, जो पूरी तरह सफल रहा।

## अनर्गल बयानबाजी की बजाय जिम्मेवारियों पर ध्यान दें विधायक : झामुमो

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमेटी ने प्रेस वार्ता आयोजित कर विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी को जनता की ज़िम्मेदारियों पर खरा उतरने का नसीहत दिया है। झामुमो ने कहा है कि विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी अभी भी चुनावी मोड से बाहर नहीं आ पाये हैं जबकि उन्हें ज्ञात होना चाहिए की वह अब इस क्षेत्र के विधायक है। अतः दूसरों पर अनर्गल बयानबाजी एवं जनता के बीच झूठ-फरेब परोसने की बजाय उन्हें अब क्षेत्र की समस्याओं एवं जनता की जिम्मेदारी पर ध्यान देना चाहिए। जनता ने उन्हें पुनः इसलिए मौका दिया है ताकि क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं पर काम हो न की उनके द्वारा पूर्व के जनप्रतिनिधियों एवं उनके रिश्तेदारों पर लांछन लगाकर अपनी ज़िम्मेदारियों से मुँह मोड़ लें। अफवाह फैलाकर, षड्यंत्र रचकर एवं झूठ-फरेब कर विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी जनता को गुमराह कर विधायक बनने में तो सफल रहे परंतु जनता की आकांक्षाओं एवं जरूरत को पूरा करने में वह पूरी तरह से असफल साबित होंगे। नेताओं ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को रोककर संवेदकों को अपने पास मिलने के लिए बुलाया जा रहा है जबकि काम में किसी तरह की त्रुटि होने पर वह अपने लेटर पैड के माध्यम से उसकी जांच कर सकते हैं। उनका मकसद सिर्फ संवेदक से कमीशन वसूली और अपना जेब भरने का है। झामुमो नेताओं ने कहा कि बालू के मुद्दे पर भी सत्येंद्र नाथ तिवारी ने विपक्ष में रहते हुए दोहरा नीति अपनाया हुआ था, जब ट्रैक्टर वाले बालू की सप्लाई जनता के बीच शुरू करते तो तत्कालीन विपक्ष में बैठे हुए सत्येंद्र नाथ तिवारी बालू आपूर्ति रोकने के लिए प्रेसवार्ता आयोजित कर प्रशासन पर दबाव बनाया करते थे। जिससे दबाव में आकर प्रशासन ट्रैक्टरों को रोक देता था या धरना-पकड़ना शुरू कर देता था। इस तरह जब बालू आपूर्ति रुक जाती थी तो पुनः वह जनता के बीच हल्ला करते की मिथिलेश ठाकुर के कार्यकाल में बालू नहीं मिल रहा है। ऐसे दोहरे चरित्र के व्यक्ति से गढ़वा की जनता हमेशा परेशान रहेगी।

प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, युवा मोर्चा अध्यक्ष संजय सिंह छोटू, रोशन पाठक, प्रवक्ता कार्तिक पांडेय, आशीष गुप्ता, अनिल चंद्रवंशी आदि मौजूद थे।

## 'कॉफी विद एसडीएम' प्रशासनिक निर्णयों में जनसहभागिता बढ़ाने के लिए अनोखी पहल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** प्रशासनिक निर्णयन में सामाजिक सहभागिता बढ़ाने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी सदर संजय कुमार द्वारा एक शुरूआत की जा रही है। 'कॉफी विद एसडीएम' नाम से एक साप्ताहिक कार्यक्रम उन्होंने अपने कार्यालय कक्ष में रखने की योजना बनायी है, जिसमें हर सप्ताह किसी समूह के सदस्यों को अपने यहां कॉफी पर ससम्मान आमंत्रित करेंगे तथा उस समूह से जुड़ी हुई समस्याओं, शिकायतों के अलावा प्रशासनिक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में उनसे सुझाव भी लिए जायेंगे। उन्होंने कहा कि अपने शहर व जिला को हर दृष्टिकोण से बेहतर बनाने के लिए नागरिकों में यह अहसास कराना भी जरूरी होता है कि यह गांव, शहर, जिला उनका अपना घर है और इस घर के प्रशासनिक निर्णयों में उनकी भी भागीदारी है। जब लोगों में यह अपना सा अहसास होगा तो हर कोई खुद से शुरूआत कर गांव, शहर और जिले को बेहतरीन बनाने को आगे आयेगा। उन्होंने कहा कि लोग अभी भी उनके पास आते हैं परंतु अक्सर संकोच करते हुए अपनी बात कहते हैं। झिझक में पूरी तरह खुल कर नहीं बोल पाते। कई बार शिकायत करते हुए बायस्ड भी हो जाते हैं। इसलिए नागरिकों से अनौपचारिक मुलाकात हेतु 'कॉफी विद एसडीएम' शुरू किया गया है।

**कार्यक्रम में किन लोगों को आमंत्रित किया जायेगा?**

संजय कुमार ने बताया कि उक्त साप्ताहिक कार्यक्रम में हर सप्ताह समाज के अलग-अलग समूह जैसे कभी पेंशनर समाज के लोगों को, कभी व्यवसायियों को, कभी छात्रों को, कभी किसानों को, कभी असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को तो कभी पंचायत प्रतिनिधियों आदि किसी अन्य समूह को इस साप्ताहिक कार्यक्रम में आमंत्रित किया जायेगा।

कॉफी के साथ अनौपचारिक बातचीत के दौरान गढ़वा क्षेत्र की बेहतरी के लिए कुछ बेहतर सुझाव भी सामने निकल कर आएंगे जो यहां के सर्वांगीण विकास और समरसता को नई दिशा दे सकते हैं।

# जमीन की लूट-खसोट करनेवाले बख्शे नहीं जायेंगे: दीपक बिरूवा

## कहा- सरकार के संकल्प और सोच को पूरा किया जायेगा

**- चाइबासा से रांची जाने के क्रम में खूंटी में रूके मंत्री का झामुमो-कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डोल-नगाड़ा बजाकर किया स्वागत**

आजाद सिपाही संवाददाता



खूंटी पहुंचे मंत्री दीपक बिरुआ का स्वागत करते पार्टी कार्यकर्ता।

**खूंटी।** झारखंड के राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग और परिवहन मंत्री मंत्री दीपक बिरूवा ने कहा कि जमीन की लूट-खसोट करने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। वे रविवार को चाईबासा से रांची जाने के क्रम में कुछ देर के लिए खूंटी में रुके थे। जहां पत्रकारों द्वारा पूछे गये सवालों का जवाब दे रहे थे। इसके पूर्व दीपक बिरूवा के खूंटी पहुंचने पर झामुमो और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। मंत्री ने बिरसा कॉलेज स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर मल्यापर्ण भी किया। इस अवसर पर दीपक बिरूवा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने उन पर विश्वास कर बहुत बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। हमारा प्रयास होगा कि सरकार के संकल्प और सोच को पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम गाड़ी योजना को और मजबूत बनाया जाएगा, ताकि वृद्धों, दिव्यांगों, महिलाओं, विद्यार्थियों और झारखंड आंदोलनकारी अपने गांव-घर से जिला या प्रखंड मुख्यालय अथवा स्कूल-कॉलेज जाने में कोई परेशानी ना हो। मंत्री ने कहा कि सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा की जायेगी और आगे की योजना के अनुसार का किया जाएगा। इस मौके पर मुखिया जोनसन होरो, हालेन तोपनो, सनिका बोदरा, डिक्सन पूर्ति, दुबराज मुंडा, नोतरोत पूर्ति, संदीप नाग, चार्ल्स पाहन, सनिका बोदरा, उदय मुंडा, देवजीत देवघरिया, नरेश तिर्की, पांडया मुण्डा, एडवर्ड हंस, विल्सन तोपनो, अकबर खान, मुन्ना गुड़िया, गुड्डू खान और डेविड आदि उपस्थित थे।

# मन लगाकर पढ़ें व सभी का नाम रोशन करें : संजय सेठ

**मुरी के संत माइकल स्कूल में धूमधाम से मना वार्षिक महोत्सव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिल्ली।** मुरी के संत माइकल 10+2 स्कूल में 21वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के अल्वा विशेष अतिथि के रूप में डॉ सपन कुमार एवं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया मुरी शाखा के प्रबंधक दिनेश कुमार भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने दीप जलाकर किया. इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में संत माईकल स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगा रहा है। सभी छात्र-छात्राएं शिक्षा की गुणवत्ता एवं शिक्षा के प्रति सदैव समर्पित होते हुए मन लगाकर पढ़ें। जिससे विद्यालय एवं क्षेत्र के साथ ही माता पिता के साथ जनपद का नाम रोशन हो। विद्यालय में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2024 के स्कूल टॉपर को मोमेंटो देकर संजय सेठ ने सम्मानित किया। वहीं, विद्यालय के निदेशक राकेश कुमार ने कहा कि विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों को विश्वस्तरीय शिक्षा देने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। प्रोजेक्ट सहित अन्य उपकरण के माध्यम से उनकी पढ़ाई कराई जा रही है। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने अपनी कला के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। मंच का संचालन मनीषा सिंह एवं सोमांशी तिवारी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्राचार्य सीएल प्रजापति ने किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ रूपेश कुमार, शिक्षक वेंकट राव, किशोर कुमार, अनुराग कुमार, अभिरूप दत्ता, अजय चिक बराइक, रमेश गोराई, सुशील कुमार, शिक्षिका सीमा झा, प्रीति नंदा, श्वेता रेजिस भेंगरा, हनी कश्यप आदि उपस्थित थे।

# अवैध संबंधों के चलते हुई थी हत्या, चार गिरफ्तार

## दशम फॉल थाना क्षेत्र में 28 नवंबर को हुई हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** दशम फॉल थाना क्षेत्र में विगत 28 नवंबर को हुई हत्या का पुलिस ने उद्भेदन करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाने के लिए रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक की ओर से रांची एसपी (ग्रामीण) के निदेश पर बुंडू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया, जिसने जांच कर हत्याकांड में शामिल चारों आरोपितों को गिरफ्तार किया। आरोपितों की बड़कोलमा निवासी विशेश्वर लोहरा (32) , तमाड़ थाना क्षेत्र के सरमाली गांव निवासी जयप्रकाश लोहरा (30), टिम्पुर निवासी सुरेश लोहरा (20) और बड़कोलमा निवासी शिवराज लोहरा (26) के रूप में हुई है। उनकी निशानदेही पर हत्याकांड में इस्तेमाल हथियार, दो बाइक और एक स्कूटी को भी बरामद कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपितों के पास से चार मोबाइल फोन भी जब्त किया गया है। जांच में पता चला है कि मृतक धर्मपाल मुंडा का आरोपित विशेश्वर लोहरा की पत्नी के साथ अवैध संबंध था। इसका पता चलने के बाद विशेश्वर लोहरा धर्मपाल मुंडा की हत्या करने का बहुत दिनों से योजना बना रहा था। मृतक धर्मपाल मुंडा टेंपो चालक था। घटना के दिन सुरेश लोहरा ने मृतक के टेंपों को जंगल वाले रास्ते से फतेहपुर गांव एक बोरा आलू ले जाने के लिए रिजर्व किया था। जैसे ही वह फतेहपुर गांव के लिए निकाला और मुख्य आरोपित विशेश्वर लोहरा अपनी स्कूटी, शिवराज लोहरा और जयप्रकाश लोहरा अपनी-अपनी बाइक से से पीछा करने लगे। इस बीच गभड़ेया जोजोटोला के पहले सुनसान जंगल वाले रास्ते में आरोपितों ने टेपो को ओवरटेक कर आगे से रोक लिया और चालक को वाहन से उतार कर दवली से मारकर उसकी हत्या कर दी। वहीं, छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ओमप्रकाश, प्रशांत, गौरव, अनिल कुमार मोहली, गणेश यादव, चरवा उरांव, बलेंद्र कुमार, बिरेंद्र सिंह और देवेंद्र उरांव शामिल थे।

## प्रमोद सिंह अध्यक्ष और इम्तियाज अंसारी बने सचिव



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी बैंक चैक स्थित इंटक यूनियन कार्यालय में रविवार को ऑटो चालक संघ खलारी-पिपरवार की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता रोहित कुमार व संचालन संजय राम ने किया। बैठक में ऑटो चालकों ने अपनी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा किया। साथ ही निर्णय लिया गया कि यूनियन की ओर से हर चालक से 50 रूपया प्रति माह लिया जायेगा। वहीं यूनियन की अगली बैठक 19 जनवरी को करने का भी निर्णय लिया गया। इस दौरान बैठक में सर्वसम्मति से ऑटो चालक संघ के पदाधिकारियों का चयन किया। जिसमें संघ के अध्यक्ष पद के लिए प्रमोद कुमार सिंह, उपाध्यक्ष संजय राम, सचिव इम्तियाज अंसारी, सह-सचिव राहुल, कोषाध्यक्ष-सुनील सिंह, सह कोषाध्यक्ष अनिल चौहान, कार्यकारी अध्यक्ष बिहु कुमार गुप्ता के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में रमेश गुप्ता, राजकुमार पासवान, अवधेश पासवान, अमन राम, चन्दन सिंह, सरफराज अहमद, भोला कुमार, राजू चंद्रवंशी, विवेक प्रजापति, देवलाल चौहान आदि शामिल है।

# राजा पीटर ने देवड़ी मंदिर में बकरों की बलि देकर की पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** पूर्व विधायक सह मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर ने रविवार को तमाड़ स्थित देवड़ी मंदिर में 11 बकरों की बली देकर पूजा अर्चना कर माता से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उनके सैकड़ों समर्थक उपस्थित हुए और अपने रेस्तरां कोविडा कासा में प्रसाद के तौर पर अपने समर्थकों को खाना खिलाया। इस अवसर पर उनके परिवार के सदस्य भी मौजूद रहे।

## कामगारों को संडे नहीं दिये जाने का विरोध




**खलारी (आजाद सिपाही)।** मगध परियोजना में रविवार को कामगारों ने संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में दिसंबर माह के वेतन में संडे नहीं दिए जाने के विरोध में गेट मीटिंग किया। सीटू यूनियन ने मजदूरों की मांग को लेकर परियोजना में प्रबंधन के निर्णय के विरोध में आंदोलन की शुरूआत की। रविवार को परियोजना कार्यालय गेट के समक्ष गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए प्रदीप सिंह ने कहा कि मगध परियोजना प्रबंधन की मनमानी नहीं चलने देंगें। पूरे सीसीएल के 25 प्रतिशत का उत्पादन अकेले ही मगध परियोजना करता है, लेकिन प्रबंधन मजदूरों का संडे ड्यूटी बंद कर रहा है. यह मजदूरों के साथ अन्नाय है। कहा गया कि जब तक मजदूरों को संडे ड्यूटी विधिवत नहीं मिलेगा तब तक मजदूरों का आंदोलन जारी रहेगा। साथ ही कहा गया कि अगर प्रबंधन नही चेता तो सभी मजदूर एक होकर मगध परियोजना को बंद करा देंगे और उत्पादन और प्रेषण नहीं होने दी जायेगी। गेट मीटिंग को सीटु के गणेश जी, एटक के पंकज सिंह, जेएमएस के जितेंद्र कुमार, इंटक के राहुल कुमार सिंह, आरकेएमयू के राजू गोप ने संबोधित किया। इस मीटिंग में मगध परियोजना के पुरुष और महिला कामगार मौजूद थे।

# बाइक सवार ने जेसीबी को मारी टक्कर, दोनों की हालत गंभीर



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के निकट खूंटी-मुरहू मार्ग पर रविवार को बाइक सवार युवक ने जेसीबी को जोरदार ठोकर मार दी। इसमें बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि यक युवक का पैर कटकर शरीर से अलग हो गया। जबकि दूसरे युवक का भी पैर कटकर लटक गया। दोनों को स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से हालत गंभीर देख रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल एक युवक की पहचान मांरगहादा थाना के सुकरीसेरेंग गांव निवासी राफेल हंस (19) के रूप में हुई है। समाचार लिखे जाने तक दूसरे युवका की पहचान नहीं हो पाई है।

# तस्करी कर ले जा रहे 33 गोवंशीय को खूंटी पुलिस ने मुक्त कराया, पांच आरोपित गिरफ्तार



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी पुलिस ने शनिवार की रात खूंटी-तमाड़ रोड पर मवेशी लदे एक ट्रक का पीछा कर उस पर लदे 33 गोवंशीय पशुओं को मुक्त कराया। लगे हाथ तस्करी में संलिप्त पांच लोगों को गिरफ्तार भी किया है। इन मवेशियों को 14 चक्का ट्रक पर लाद कर रांची ले जाया जा रहा था। वहीं, गिरफ्तार आरोपितों में ट्रक चालक रांची के भुसूर गांव निवासी रजिमुल मिर्धा, इरबा का युसूफ अंसारी, बजरा गांव का तबरेज खान, रांची के चचकोपी निवासी मुंशफ अंसारी और पश्चिम बंगाल के झालदा निवासी शेख हुसैन शामिल हैं। इस संबंध में खूंटी थाने में एक मामला दर्ज कर पुलिस पकड़े गये तस्करों से पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार, खूंटी एसडीपीओ वष्ण रजक को शनिवार की रात गुप्त सूचना मिली थी कि पशु तस्कर तोरपा क्षेत्र से एक बड़े ट्रक में गोवंशीय पशुओं को लादकर खूंटी के रास्ते अन्यत्र ले जाने वाले हैं। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए खूंटी के भगत सिंह चौक में वाहनों की जांच शुरू की गयी। तभी तोरपा की ओर से आ रहे तिरपाल से ढके ट्रक को रोकने का प्रयास किया गया, तो चालक वाहन लेकर भागने लगा। पर पुलिस ने ट्रक को खदेड़ कर खूंटी-तमाड़ रोड पर पकड़ लिया। उसकी तलाशी ली गई, तो उसमें 33 गोवंशीय पशु पाए गए। ट्रक में सवार आरोपितों से पशुओं के संबंध में कोई वैध कागजात नहीं दिखा पाने के कारण ट्रक को खूंटी थाना लाया गया। इसके बाद उसमें लदे सभी गोवंशीय पशुओं को थाना परिसर में खुला छोड़ दिया गया। सूत्रों की मानें तो प्रारंभिक पूछताछ में तस्करों ने बताया कि सभी गोवंशीय पशुओं को तोरपा के रोड़ो गांव से ट्रक में लादकर सिल्ली ले जाया जा रहा था। जहां से सभी गोवंशीय पशुओं को पैदल बंगाल ले जाने की योजना थी। बताया गया कि रोड़ो गांव के कल्लू मियां नामक एक व्यक्ति उक्त गोवंशीय पशुओं को बंगाल भेज रहा था। सूत्रों के अनुसार एक कार पर सवार अन्य तस्कर पशु लदे ट्रक को एस्कॉर्ट कर ले जा रहे थे, लेकिन पुलिस की कार्रवाई देख वे भागने में सफल रहे। खूंटी एसडीपीओ वरूण रजक ने बताया कि फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है। इसके बाद संलिप्त अन्य तस्करों के विरुद्ध अग्रतर कार्रवाई की जाएगी।

## बुंडू साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र क्लेट परीक्षा में पाई सफलता

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल के पूर्व छात्र 2022-23 बैच के अक्षत जैन ने क्लेट परीक्षा में सफलता अर्जित की है। अक्षत ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे भारत में 1832 रैंक प्राप्त किया है। साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल से 10वीं तक की पढ़ाई करने वाले अक्षत 2023 की बोर्ड की परीक्षा में 94.8 फीसदी अंक लाकर पांच परगना क्षेत्र के टॉपर बने थे। 10वीं के बाद वे रांची के डीपीएस से आगे की पढ़ाई कर रहे हैं। ब्लॉक रोड निवासी विनोद कुमार पाटनी के पुत्र अक्षत जैन की सफलता पर साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सुभाष कुमार पाटनी ने प्रसन्नता व्यक्त किया है। कहा कि अक्षत शुरू से मेधावी छात्र था। प्वह डिबेट, भाषण और मंच संचालन आदि कार्यक्रमों में तत्पर रहता था। वहीं, प्राचार्य ने अक्षत के स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## मोहराबादी मैदान में आयोजित आक्रोश मार्च में खलारी से लोग होंगे शामिल



**खलारी (आजाद सिपाही)।** डकरा गायत्री मंदिर प्रांगण में सर्व समाज के लोग ने रविवार को बैठक की। जिसमें बताया गया कि बांग्लादेश में हिन्दुओ के साथ हो रहे अत्याचार, उनकी हत्या, सामूहिक बलात्कार के खिलाफ 10 दिसंबर को रांची के मोहराबादी मैदान में आक्रोश मार्च आयोजित किया जा रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया कि उक्त आक्रोश मार्च में खलारी प्रखण्ड क्षेत्र से लोग शामिल होंगे। खलारी से सुबह आठ बजे सभी एक साथ आक्रोश मार्च में शामिल होने के लिए रवाना होंगे। बैठक में बिनोद विश्वकर्मा, अनिल गंझू, राम सूरत यादव, भोलानाथ चैहान, उदय जी, अजित जी, दीपक वर्मा, अजय विश्वकर्मा, गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा, प्रदीप जी, प्रोसोतम जी नितेश तिवारी, रामु जी, तरुण आदि उपस्थित थे।

## बिरसा कॉलेज के स्नातक और स्नातकोत्तर उत्तीर्ण विद्यार्थियों को दी गयी भावपूर्ण विदाई

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** बिरसा कॉलेज खूंटी के इतिहास विभाग में रविवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन कर स्नातक और स्नातकोत्तर उत्तीर्ण विद्यार्थियों को विदाई दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या जीके किड़ो ने सभी उत्तीर्ण छात्र.छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और अपने संस्थान के प्रति कृतज्ञ रहने को कहा। राजकुमार गुप्ता ने भविष्य में अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए योजनाओं के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। डॉ पूनम तीयू और विभागाध्यक्ष डॉ अभिषेक कुमार ने सभी को भविष्य निर्माण के लिए जरूरी मार्ग को चुनने पर चर्चा की और नए दौर में ज्यादा परिश्रम करने पर बल दिया। कार्यक्रम में स्नातक के प्रथम टॉपर काजल कुमारीए द्वितीय टॉपर रोशनी होरो और तृतीय टॉपर अंबी तिडू तथा स्नातकोत्तर के प्रथम टॉपर विशेष टोपनोए द्वितीय टॉपर बसंती टूटी और तृतीय टॉपर प्रभुदान सवैया को प्राचार्या द्वारा मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मिस्टर हिस्ट्री का खिताब महेश साहू को मिला। मौके पर डॉ मंजूषा पूर्तिए डॉ सुधांशु शर्माए डॉ प्रियंका कुमारीए विजय महतोए प्रकाश प्रामाणिक आदि मौजूद थे।

# नौकरी व मुआवजे की मांग को लेकर 20 को रैयत करेंगे मैकलुस्कीगंज-पिपरवार रेल लाइन फेज वन को बाधित

आजाद सिपाही संवाददाता



**मैकलुस्कीगंज।** रैयतों को नौकरी व मुआवजा देने की मांग को लेकर 20 दिसंबर को मैकलुस्कीगंज-पिपरवार रेल लाइन फेज वन को ग्रामीण बाधित करेंगे। बंदी को सफल बनाने के लिए रविवार को हेसालोंग गंझू टोला में समीक्षा बैठक हुई। रैयतो को नौकरी-मुआवजा को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता रैयत विस्थापित मोर्चा के रोहिणी करकट्टा ओसीपी शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा ने किया। बैठक में सीसीएल की मैकलुस्कीगंज पिपरवार रेल लाइन निर्माण में अधिग्रहीत जमीन के बदले रैयतों को मुआवजा और नौकरी मिलने में हो रही देरी को लेकर घोषित बंदी को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। मोर्चा के शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा ने बताया कि पिपरवार राजधर साइडिंग के मैकलुस्कीगंज पिपरवार रेल लाइन के रैयतो को पिछले 33 वर्षों से ना तो मुआवजा मिला है और ना ही नौकरी मिली है। जबकि इसी रेल लाइन से सीसीएल कोयला ढुलाई करके करोडों रुपये कमा रही है और ग्रामीण नौकरी मुआवजा के लिए भटक रहे हैं। मोर्चा के शिवनारायण लोहरा ने कहा कि जब जब आंदोलन किया है उसके बाद सीसीएल प्रबंधन एवं रांची में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक हुई जिसमें जल्द नौकरी मुआवजा देने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की बात हुई थी, लेकिन आजतक स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीण रैयत अब कार्यालय का चक्कर लगाते लगाते थक चुके है। जिससे रैयत ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। इसलिए बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 20 दिसंबर को नौकरी मुआवजा को लेकर मैकलुस्कीगंज पिपरवार रेल लाइन फेज वन में अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया जाएगा। बैठक में अमृत भोगता, हेमलाल गंझू, विनय टोप्पो, ताहिर अंसारी, कृष्णा कुमार भोगता, राधेश्याम प्रसाद, शंभु मुंडा, सुकरा गंझू, बिनोद मुंडा, रूपन गंझू, फुलमानिया देवी, रितु देवी, गायत्री देवी, गुड़िया देवी आदि मौजूद थे।

## खूंटी में पेड़ से गिरे ग्रामीण की हुई मौत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुरहू थानांतर्गत हेठगोवा गांव निवासी दारू मुंडू नामक 55 वर्षीय ग्रामीण की पेड़ से गिरकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार दारू मुंडू शनिवार शाम बकरियों के चारा के लिए एक डाऊ पेड़ पर पत्ता तोड़ने चढ़ा था। तभी पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए उसे खूंटी सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई।

## खलारी पंचायत आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच गर्म स्वेटर का वितरण

**खलारी (आजाद सिपाही)।** पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र खलारी खास में नामांकित 35 बच्चों के बीच रविवार को ठंड को देखते हुए गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। मुखिया तेजी किस्पोट्टा ने बच्चों के बीच गर्म वस्त्र का वितरण किया। कहा कि ठंड को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच गर्म कपड़ा स्वेटर का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों से कहा कि ठंड में प्रतिदिन अपने बच्चों को स्वेटर पहनाकर आंगनबाड़ी केंद्र भेजें। मौके पर सेविका बिमला टोप्पो, सहायिका श्रीया देवी और बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।

## सुरेश बैठा के विधायक बनने से कांके को मिलेगा सशक्त नेतृत्व



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** कांके के नवनिर्वाचित विधायक सुरेश बैठा को नामकुम निवासी सह रांची जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष रमेश पांडेय ने उनके आवास पर जाकर रविवार को मुलाकात की और बुके देकर बधाई दी। इस अवसर पर रमेश पांडेय ने कहा कि सुरेश बैठा के विधायक बनने से कांके क्षेत्र को एक सशक्त नेतृत्व मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि बैठा सुरेश अपने कार्यकाल में क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए उसे विकास के नए आयामों तक ले जाएंगे। इस दौरान दीपक राणा, अखिलेश सिंह, आत्मानंद पांडे, रामाशंकर तिवारी और विनय सिंह आदि उपस्थित थे। सभी ने सुरेश बैठा के सफल कार्यकाल और क्षेत्र के विकास की कामना की।

### दूसरी बार खिजरी विधायक बनने पर राजेश कच्छप को दी बधाई

# विधायक का पद केवल सम्मान नहीं, एक जिम्मेदारी है : राजेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** खिजरी विधानसभा क्षेत्र से दूसरी बार विधायक बनने पर राजेश कच्छप को नामकुम समाजसेवी देवानंद गोप और विजय मिश्रा ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। यह आयोजन रविवार सुबह राजेश कच्छप के नामकुम के लुपुंगटोली स्थित आवास पर हुआ। इस अवसर पर देवानंद गोप ने कहा ने कहा कि राजेश कच्छप ने पिछले कार्यकाल में क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए है। उनकी सरलता, समर्पण और जनता के



प्रति ईमानदारी ही उनकी लोकप्रियता का कारण है। हमें उम्मीद है कि इस बार भी वे क्षेत्र के विकास और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देंगे। वहीं, विजय मिश्रा ने कहा कि खिजरी क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के सुधार, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, और शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में विधायक का योगदान सराहनीय रहा है। उन्होंने आने वाले दिनों में यह प्रयास और मजबूत होने का आशा व्यक्त किया है। इधर आजाद सिपाही से बात करते हुए राजेश कच्छप ने कहा कि यह जीत केवल मेरी नहीं, बल्कि खिजरी की जनता की जीत है। मैं जनता का आभारी हूं, जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया और मुझे दुबारा सेवा करने का अवसर दिया। मेरे लिए विधायक का पद केवल सम्मान नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। मैं जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा।

## सड़क दुर्घटना में घायल किशोर की हुई मौत, दूसरा गंभीर, हंगामा



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के दुबलिया गांव में गत शुक्रवार को हाइवा की चपेट में आने से दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये थे, जिन्हें ईलाज के लिए मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं, रविवार को इलाज के दौरान आकाश मुंडा नामक 15 वर्षीय किशोर ने दम तोड़ दिया, जबकि विशाल मुंडा (18) की भी स्थिति गंभीर बतायी जा रही है। उधर, आकाश मुंडा की मौत के बाद परिजन और दर्जनों ग्रामीणों ने शव के साथ पिठोरिया थाना पहुंच कर प्रशासन से मुआवजे की मांग की। इसकी सूचना मिलने के बाद विधायक सुरेश बैठा ने तत्काल अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को हाइवा मालिक से 20 हजार रुपये और अपनी ओर से पांच हजार रुपये की सहयोग राशि मुहैया कराया। वहीं, थाना प्रभारी गौतम कुमार राय ने परिजनों और ग्रामीणों को समझा-बुझा कर शव को अंतिम संस्कार के लिए भेजा।

## सड़क हादसे में अधेड़ की मौत



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** विधानसभा थाना क्षेत्र स्थित नयासराय पुंदाग रोड में वाहन के धक्के से 55 वर्षीय एक अधेड़ व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी। उसकी पहचान नयासराय कुटे निवासी अंतू बैठा के रूप में हुई। वह रविवार की दोपहर साइकिल से कहीं जा रहा था। तभी बोरिंग गाड़ी ने उसे धक्का मार दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद कुटे के ग्रामीणों ने आक्रोश में आकर सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इसकी सूचना पाकर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार राय ने दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और लोगों को समझा बुझा कर मामले को शांत कराया। साथ ही शव का पंचनामा कर उसे के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया।

## शिक्षा के साथ संस्कार व खेलकूद भी बेहद जरूरी है : अनुराधा मुंडा

**सत्यम रेसिडेंशियल स्कूल का वार्षिक समारोह आयोजित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** गोंदलीपोखर स्थित सत्यम रेसीडेंशियल पब्लिक स्कूल ने रविवार को अपना 10वां स्थापना दिवस सह वार्षिक समारोह धूमधाम से मनाया। इसस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पश्चिमी अनगड़ा की जिप सदस्य अनुराधा मुंडा व विशिष्ठ अतिथि के रूप में भाजपा मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, स्कूल के संस्थापक डॉ गोविंद महतो एवं डॉ अरुण कुमार महतो उपस्थित थे। इस अवसर पर खेलकूद के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। बच्चों ने



विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मौके पर बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए अनुराधा मुंडा ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार और खेलकूद भी जरूरी है। खेलकूद बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ बनाता है, वहीं शिक्षा के साथ संस्कार बच्चों के नैतिक मूल्यों को मजबूत करता है। बाद में प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर सबिता कुमारी, तारकेश्वर महतो, सोनी कुमारी, नीतू कुमारी, बिनीता टोपनो, पिंकी पाथल, अर्पणा एक्का, सीतल कुजूर आदि मौजूद थे।

## सरना झंडागड़ी सह प्रार्थना सभा की मनी छठी वर्षगांठ

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नया भूसूर गांव के सरना स्थल में रविवार को सरना प्रार्थना समिति नया भूसूर, लाल खटंगा के तत्वावधान में झंडागड़ी सह प्रार्थना सभा का छठा वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हजारों आदिवासी समुदाय के लोग एकत्रित हुए और मां सरना से गांव व क्षेत्र की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम की शुरूआत विभिन्न गांवों के आदिवासी महिला-पुरुषों द्वारा डाड़ी झरना से कलश में जल भरकर और झंडा लेकर सरना स्थल पहुंचने से हुई। पारंपरिक तरीके से पाहन ने विशेष पूजा अर्चना की और पुराने झंडे को हटाकर नए झंडे को स्थापित किया। इस अवसर पर लालखटंगा के पूर्व मुखिया रितेश उरांव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन हमारी आदिवासी आस्था और संस्कृति से जुड़ा हुआ है। पिछले



छह वर्षों से हम इस परंपरा को जीवंत रखते हुए इसे प्रतिवर्ष मनाते आ रहे है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन आदिवासी समाज को एकजुट रहने और अपनी परंपराओं को सहेजने का संदेश देते है। मुखिया पुष्पा तिर्की ने झंडागड़ी सह प्रार्थना सभा की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि यह सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने का प्रयास भी है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में विभिन्न गांवों के महतो, पाहन, मुंडा, कोटवार सहित अन्य धर्म अगुवा शामिल होकर इसे सफल बनाते है।

### सरना धर्म में वापसी

नया भुसूर के एक परिवार जो कुछ वर्षों पूर्व ईसाई धर्म अपना चुका था। इस सभा के माध्यम से सरना धर्म में वापसी किया। झिरगा पाहन ने पारंपरिक विधि-विधान से पूरे परिवार को पुनः सरना धर्म में शामिल करवाया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को अपनी संस्कृति और परंपराओं के प्रति और अधिक प्रेरित किया। मौके पर प्रार्थना समिति के अध्यक्ष मीरा खलखो, सुशीला उरांव, रितेश उरांव, राजेश टोप्पो, रवी टोप्पो, सोनू खलखो, नवीन उरांव, शांति कुजुर, शिला कच्छप, अमृत मुंडा आदि उपस्थित थे।

## चकला भगवान बिरसा जैविक उद्यान की शान जया शेरनी का निधन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** चकला स्थित भगवान बिरसा जैविक उद्यान की शान जया नाम की शेरनी का निधन हो गया। शेरनी जया ने शनिवार सुबह 4 बजे अंतिम सांस ली। उसकी उम्र 15 वर्ष थी। बतातें चलें कि वह विगत 22 दिनों से बीमार थी, जिसका ईलाज जैविक उद्यान के डॉ ओम प्रकाश साहू, पशु चिकित्सा पदाधिकारी, एवं रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय के विशेषज्ञों द्वारा किया जा रहा था। यह शेरनी गुजरात के जूनागढ़ स्थित शक्करबाग चिड़ियाघर से वर्ष 2019 में भगवान बिरसा जैविक उद्यान लायी गयी थी। मादा शेरनी का अंत्य परीक्षण तीन सदस्यीय पशु चिकित्सक दल रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय) के एचओडी डॉ एमके गुप्ता, डॉ. प्रज्ञा लकड़ा (सहायक प्राध्यापक) एवं भगवान बिरसा जैविक उद्यान के पशु चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा किया गया। प्रथम दृष्टि में मौत का कारण किडनी फेल बताया जा रहा है। गहन जांच के लिए शव के विभिन्न अंगों का सैंपल एकत्रित किया गया, जिसे विस्तृत जांच के लिए रांची पशु चिकित्सा महाविद्यालय एवं अन्य संस्थानों में भेजा जायेगा। अंत्य परीक्षण के बाद शेरनी के शव का जैविक उद्यान में बने शवदाह स्थल पर दफना दिया गया। उद्यान के निदेशक जब्बार सिंह ने बताया कि एशियाई सिंह का एक जोड़ा (नर और मादा) लाने के लिए दो महीने पहले ही गुजरात के वन विभाग को अनुरोध किया जा चुका है, जिस पर कार्यवाही चल रही है।

## राजू सिंह बने महादानी सेवा सत्संग समिति के उपाध्यक्ष

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** ऐतिहासिक महादानी मंदिर में महादानी सेवा सत्संग समिति की साप्ताहिक बैठक हुई, जिसका नेतृत्व संस्था के अध्यक्ष हरखनाथ महतो ने किया। इस दौरान महादानी सेवा सत्संग समिति को मजबूती प्रदान करने को लेकर कई प्रस्ताव पारित किए गए। जिनमें पूर्व में उपाध्यक्ष पद के लिए चुने गए सोम नायक को महादानी सेवा सत्संग समिति के पदाधिकारियों ने सेवा से मुक्त करते हुए नए उपाध्यक्ष का चुनाव किया। जिसमें सर्व समिति से महादानी सेवा सत्संग समिति के सदस्य राजू सिंह को उपाध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर महादानी सेवा सत्संग समिति के संरक्षक महावीर गोप, अध्यक्ष हरखनाथ महतो, सचिन मेघनाथ गिरी, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता, ईश्वर बड़ाइक, लिबु बड़ाइक, दिनेश गिरी, बादल कुमार, अर्जुन साहू और कुलदीप गोप आदि मौजूद थे।

## कोयला लदे चार बाइक जब्त, चालक गिरफ्तार

**रातू (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध कोयला लदे चार बाइक को जब्त करने के साथ ही बाइक चालकों को भी गिरफ्तार कर लिया है। बाइक में लगभग छह क्विंटल कोयला लदा था। वहीं, पकड़े गये आरोपियों की पहचान सोबा ठाकुरगांव निवासी मदन महतो, उमेडंडा बुढ़मू निवासी अमीन अंसारी, मतवे बुढ़मू निवासी जियाउल अंसारी और उमेडण्डा निवासी कृष्णा कुमार के रूप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। सोमवार को उन्हें जेल भेज दिया जायेगा।

## गेतलसूद की टीम बनी विजेता



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** गेतलसूद स्कूल मैदान में एक दिवसीय ( सुपर संडे ) का आयोजन न्यू एपसी गेतलसूद की ओर से किया गया। टूर्नामेंट में आठ टीम शामिल हुई। जिसमें गेतलसूद की टीम विजेता एवं लाधूप टोली की टीम उप विजेता हुई। मैं ऑफ द सीरीज का पुरस्कार रबी नायक को दिया गया। भाजपा नेता जैलेंद्र कुमार बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने ऐसे छोटे आयोजन पर समिति की सराहना की। कहा कि युवाओं के लिए खेल विशिष्ट है जो शारीरिक फिटनेस के साथ संस्कार भी सिखाता है। इस मौके पर जाकिर खान, अध्यक्ष कार्तिक नायक, सचिव धर्मवीर नायक, किशन नायक, अजय ठाकुर व अनिकेत नायक आदि मौजूद रहे।

### अंचल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

# खेलकूद से बच्चों का होता है शारीरिक व मानसिक विकास : वाणी कुमार राय

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** महादानी मैदान में रविवार को एकल अभियान के तहत अभ्युदय यूथ क्लब की ओर से अंचल स्तरीय खेलकूद चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न गांवों के बच्चों ने भाग लिया। जिसमें अंचल व संच समिति एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया। जहां संच अध्यक्ष रमेश प्रसाद गुप्ता, वाणी कुमार राय व भीखा उरांव ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। वाणी कुमार राय ने कहा कि एकल विद्यालय के बच्चों ने जो हुनर दिखाया है वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि नियमित खेलकूद से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। ग्रामीण अंचल के बच्चों को बेहतर शिक्षा संग खेलकूद में बच्चों को शामिल करने का काम एकल विद्यालय के लोग कर रहे हैं। इन्हीं बच्चों में से एक बच्चा आगे चलकर अपने गांव, प्रखंड व जिले का नाम रोशन करेंगे। साथ ही उन्होंने बहनों के प्रयास की सराहना की। वहीं, रमेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर इस तरह के आयोजनों से बच्चों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है और उनमें छिपी प्रतिभा सामने आती है। उधर, प्रतियोगिता में चयन होने वाले विद्यार्थी दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस मौके पर अर्जुन सिंह, जय कुमार यादव, वर्तमान सिंह, मिथिला देवी, बुधमनी कुमारी, सुषमा देवी, रूपरानी देवी, लक्ष्मी देवी, रीता देवी, मुन्नी लकड़ा, अनिता कुमारी, मंजू मिंज, आरती कुमारी, रेशम कुमारी, नीतू मिंज, संदीप उरांव और टिंकू सिंह आदि मौजूद थे।

## मांडर ऑक्सब्रिज स्कूल को हराकर रांची संत जॉन स्कूल बना विजेता



**मांडर (आजाद सिपाही)।** रांची के धुर्वा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रांची सहोदया स्कूल काम्पलेक्स के तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय इंटर स्कूल फुटबाल टूर्नामेंट का रविवार को समापन हुआ। इसमें सीबीएसई विद्यालयों के 19 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल रांची टेंडर हार्ट स्कूल एवं मांडर आक्सब्रीज स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें मांडर आक्सब्रीज स्कूल विजेता रहा। जबकि दूसरा सेमीफाइनल बेड़ो डीएवी विवेकानंद स्कूल एवं रांची संत जॉन स्कूल के बीच खेला गया। जिसमें संत जॉन स्कूल विजेता रहा। फाइनल मैच मांडर ऑक्सब्रिज स्कूल एवं रांची संत जॉन स्कूल के बीच खेला गया जिसमें रांची संत जॉन स्कूल विजेता रहा। इस मौके पर गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल रांची की प्राचार्य शालिनी विजय, ऑक्सब्रिज पब्लिक स्कूल मांडर के निदेशक मोहम्मद तौफीक आलम, शिशु विकास मंदिर समिति झारखंड धुर्वा रांची के अध्यक्ष शक्तिनाथ लाल दास, शिशु विकास मंदिर समिति के मंत्री डॉक्टर धनेश्वर महतो, डॉ उमाशंकर शर्मा, नर्मदेश्वर मिश्र, लाल अशोक नाथ शाहदेव, प्राचार्य ललन कुमार, उपप्राचार्य मीना कुमारी, शुभश्री तिवारी, रमाशंकर सिंह, सुनील कुमार पांडे, प्रेमी टोपनो, विवेकानंद प्रजापति और सतीश कुमार एवं अन्य आचार्य उपस्थित रहे।

## कपड़ा बैंक ने जरूरतमंदों के बीच कपड़े और कंबल बांटे



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार के नेतृत्व में रविवार को कपड़ा बैंक की टीम ने प्रखंड के मासू गांव में 300 जरूरतमंदों के बीच कपड़े व कंबल का वितरण किया। संस्था के अध्यक्ष कैलश कुमार ने कहा कि क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जरूरतमंदो के बीच लगातार कपड़ों एवं कंबलों का वितरण किया जा रहा है। कहा कि जो कपड़ा कुछ लोगों के लिए अनुपयोगी हो गया है वही कपड़ा कुछ लोगों की जरूरत है। जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं में रोटी-कपड़ा और मकान आते हैं। मनुष्य के जीवन में कपड़ा का बहुत महत्व है। इसी को ध्यान में रखकर कपड़ा बैंक काम कर रही है। जिन भी गावों में हमलोग कपड़ा वितरित करने जाते हैं कपड़ा कम पड़ जाता है। फिर भी हमलोगों का प्रयास रहता है कि सभी जरूरतमंदो को कपड़ा मिल जाये। जो भी व्यक्ति नए-पुराने कपड़े और कंबल कपड़ा बैंक में देना चाहते हैं वो बेड़ो के विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में जमा कर सकते हैं या सदस्यों से संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर शक्ति साहू, मुकेश कुमार, सुनील कुमार, श्रवण कुमार, रवि केशरी, अनुज कुमार गुप्ता व संजय उरांव मौजूद थे।

## तुरूप मौजा में जमीन की अवैध खरीद फरोख्त के खिलाफ एकजुट हुए युवा

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** साल्हन पंचायत के तुरूप मौजा में जमीन के अवैध खरीद- बिक्री पर रोक लगाने और जमीन कारोबारियों के खिलाफ लोगों को एकजूट करने के लिए गांव के युवाओं ने फरमान जारी किया है। इस निमित रविवार को युवा समिति तुरुप की पहल पर तुरुप मौजा में ग्रामीणों की एक जरूरी बैठक हुई। जिसमें मुखिया सरिता तिर्की विशेष रूप से उपस्थित हुई। बैठक में खासकर तुरुप मौजा में बड़े पैमाने हुई जमीन की अवैध खरीद फरोख्त मामले पर चर्चा की गई और आगे इस पर रोक लगाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कहा गया कि तुरुप मौजा में वर्षों से जमीन दलाली का खेल खेला जा रहा है। यहां जमीन दलालों द्वारा फजीर्वाड़ा कर और गलत वंशावली तैयार कर कई रैयतों की जमीन को औने-पौने कीमत में रजिस्ट्री करा लिया गया। अब उस भूमि पर अवैध कब्जे की कोशिश की जा रही है। जमीन



कब्जे को लेकर आए दिन गांव में विवाद खड़ा हो रहा है। इसको लेकर दो पक्षों के बीच हमेशा लड़ाई झगड़ा की आशंका बनी रहती है। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया गया कि ग्राम स्तर पर जमीन विवाद को सुलझाने के लिए द्वितीय पक्ष क्रेता को सबसे पहले ग्रामसभा में आवेदन करना होगा। इस ग्रामसभा में प्रथम पक्ष विक्रेता की उपस्थिति अनिवार्य है। इसमें किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह भी निर्णय लिया गया कि ग्राम सभा में किसी भी पक्ष के उपस्थित नहीं होने की स्थिति में विवादित भूखंड पर किसी भी तरह का निर्माण कार्य प्रतिबंधित रहेगा। जमीन संबंधी विवाद के निपटारे को लेकर ग्रामीणों की बैठक सिर्फ रविवार के दिन हीं होगी। बैठक में समिति के अध्यक्ष अनिल हजाम, कृष्णा महतो, आसीन पाहन, जगलाल महतो, डोमन महतो, हरिकिष्टो स्वांसि, प्रदीप, अशोक, राजकुमार, जगमोहन, सुकेश, अमृत, रविंद्र, सोहन, अंजन, बसंत आदि थे।

## अज्ञात अधेड़ का शव बरामद

हरिहरगंज/ पलामू (आजाद सिपाही)। पीपरा थाना क्षेत्र के चपरवार गांव स्थित मड़वा मौजे से रविवार को पुलिस ने एक अज्ञात अधेड़ की शव बरामद की है। जानकारी के बाद पीपरा थाना के एसआई नकुल शर्मा दल बल के साथ पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करने में जुटे हुए हैं। हालाकि खबर लिखे जाने तक अधेड़ की शिनाख्त नहीं हुई थी। इस संबंध में एसआई नकुल शर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया विक्षिप्त बुजुर्ग की मौत ठंड का कारण हो सकता है।

## हाइवा को जब्त कर चालक को पुलिस ने भेजा जेल

रामगढ़/ पलामू (आजाद सिपाही)। रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत शनिवार को बगनी झरिया मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में जाकिर हुसैन उम्र 30 वर्ष पिता गफ्फार मियां की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी। रामगढ़ थाना प्रभारी ओम प्रकाश शाह के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गयी और बेड़मा बभनडी के लमती गांव से ड्राइवर बुधन राम पिता स्वर्गीय राम लखन राम गांव लोहरसिमी चैनपुर निवासी को गिरफ्तार कर तथा हाइवा को जब्त कर लिया।

# स्वर्ण व्यवसायी के यहां हुई डकैती का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पांकी पुलिस ने स्वर्ण व्यवसाई के यहां अक्टूबर महीने में हुई डकैती कांड का उद्भेदन कर लिया है। इस संबंध में पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि 23/ 24.10.2024 की रात्रि में समय करीब 01:00 बजे पांकी थाना क्षेत्र अन्तर्गत गजबोर ग्राम स्थित कृष्णा सोनी के घर में अज्ञात 06 अपराधकमीयों द्वारा हथियार का भय दिखाकर घर में रखे सोना चांदी के जेवर एवं रूपया को लूट लिया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लेस्लीगंज के निदेर्शानुसार एक छापामारी टीम का गठन किया गया। काण्ड अनुसंधान के कम में दिनांक 07/12/2024 को गुप्त सूचना मिला कि घटना में संलिप्त संदिग्ध अपराधकर्मी ग्राम दूब आया हुआ है। तत्पश्चात उक्त सूचना को वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए छापामारी दल द्वारा ग्राम दूब जाकर काण्ड में संलिप्त अपराधकर्मी के घर जाकर छापामारी कर पकड़ा गया तथा पकड़ाये व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम उपेन्द्र कुमार उर्फ उपेन्द्र विश्वकर्मा उम्र-29 वर्ष पिता राजेन्द्र मिस्त्री ग्राम दूब थाना पांकी जिला पलामू बताया तथा काण्ड में संलिप्तता की बात स्वीकार किया तथा घटना में संलिप्त अन्य अपराधकमीयों का नाम बताया। तत्पश्चात छापामारी दल के द्वारा विभिन्न जगहों से छापामारी कर घटना में शामिल अपराधकमीयों को गिरफतार किया गया और काण्ड में लूटा गया सोना चांद एवं मोबाईल तथा घटना में प्रयोग किया गया लोहे का रड, देशी एटर हथियार, हेक्सा कटर को बरामद किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

सतीश राम उर्फ सतीश चन्द्रवंशी उम्र 35 वर्ष, छोटु कुमार सिंह उम्र-24 वर्ष, उपेन्द्र कुमार उर्फ उपेन्द्र विश्वकर्मा उम्र-29 वर्ष, शत्रुधन कुमार वर्मा उम्र 34 वर्ष।

**जब्त समानों की विवरणी**

एक देशी निर्मित एटर हथियार, दो जिंदा 7.65 गोली, कांड में लूटे गए सोने का जेवर को गलाकर बनाया हुआ दो छोटा-बडा गोला, सोना का अंगूठी एक पीस, दो जोड़ा चांदी का नया पायल, एक जोड़ा चांदी का पुराना पायल, कांड में लुटा गया एण्ड्रॉड मोबाइल दो पीस, घटना में प्रयुक्त दो लोहे का रड एवं एक हेक्सा कटर।

छापामारी दल में मनोज कुमार झा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लेस्लीगंज, पूनम टोप्पो पुलिस निरीक्षक पांकी अंचल, पुअनि राजेश रंजन थाना प्रभारी पांकी थाना, पुअनि संतोष गिरी पांकी थाना, पुअनि अनुप टोपनो पांकी थाना, पुअनि श्याम भगत पांकी थाना, पुअनि गोपाल कुमार राय पांकी थाना, पांकी थाना सैट 31 एवं सशस्त्र बल रिजर्व गार्ड।

# बराही धाम गुरुकुल का सुंदर राज स्वामी ने किया निरीक्षण

आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ आध्यात्मिक शिक्षा जरूरी : स्वामी सुंदर राज

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पलामू जिला के हुसैनाबाद अनुमंडल के चर्चित बराही धाम में सुंदर राज स्वामी जी महाराज अचानक पहुंचे। बराही धाम पहुंचने के बाद धाम परिसर स्थित देवी मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित गुरुकुल का निरीक्षण किया और शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों से हाल चाल पूछा। इस मौके पर सुंदर राज स्वामी जी महाराज ने कहा की आधुनिक शिक्षा की अंधी दौड़ में बच्चे अध्यात्म और संस्कार को भूलते जा रहे है। इसका दुष्परिणाम हो रहा की समाज में कुरीतियां भी बढ़ती जा रही है। बच्चे संस्कार से पिछड़ते जा रहें है। तत्कालीन हालात को देखते हुए और आने वाले भविष्य को देखते हुए शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने संकल्प लिया था की आधुनिक शिक्षा के साथ साथ आध्यात्मिक की शिक्षा भी अत्यंत जरूरी है। इसलिए बराही धाम में गुरुकुल की स्थापना कर पिछले एक वर्षो से बच्चों को संस्कार के साथ साथ आध्यात्मिक और आधुनिक शिक्षा दिया जा रहा है। जो इस क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा की शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा धार्मिक कार्यों के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, और कई सामाजिक कार्य किये जा रहे है जो काफी सराहनीय है। मौके पर शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के संयोजक रंधीर सिंह, गुरुकुल के आचार्य शिव कुमार झा, विनय चौबे, अयोध्या सिंह टिकैत, टुनटुन सिंह, सुदामा यादव के अलावा शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के कई सदस्य मौजूद थे।

# मल्टी फॉर्टिज हॉस्पिटल ने लगाया स्वास्थ्य शिविर, दो सौ मरीजों का हुआ मुफ्त इलाज

आजाद सिपाही संवाददाता



मरीजों का जा जांच करते चिकित्सक।

**विश्रामपुर/ पलामू।** विश्रामपुर प्रखंड के भंडार ग्राम पंचायत में मल्टी फॉर्टिज हॉस्पिटल द्वारा रविवार को स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में दो सौ से भी ज्यादा मरीजों का मुफ्त में इलाज किया गया,मरीजों को दवा भी निःशुल्क दिया गया। डॉ मनीष कुमार व सरफराज अंसारी ने बताया कि शिविर में ज्यादातर मरीज बीपी, शुगर, घुटनों के दर्द, हर्निया, अपेंडिस आदि बीमारियों से ग्रसित थे। सभी को जांचोपरांत उपचार किया गया। इससे पहले शिविर का उद्घाटन शिक्षाविद अशोक पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों के लिए बिश्रामपुर प्रखंड के नौगढ़ा में खुला मल्टी फॉर्टिज हॉस्पिटल वरदान साबित हो रहा है। हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा ग्रामीण इलाकों तक निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा पहुंचना एक बड़ी उपलब्धि है। श्री पांडेय ने हॉस्पिटल प्रबन्धन की जम कर तारीफ की। हॉस्पिटल के चेयरमैन नितेश पाठक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में हॉस्पिटल खोलने का मुख्य उद्वेश्य आम न्यूनतम राशि में लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवा पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि मल्टी फॉर्टिज हॉस्पिटल आधुनिक सुविधाओं से लैस है। दर्जन भर विशेषज्ञ चिकित्सक यहां अपनी सेवा दे रहे हैं। एंबुलेंस से लेकर सभी तरह के जांच की सुविधा यहां उपलब्ध है। मौके पर रीना दुबे, रानी कुमारी, संगीता कुमारी, नाईस गंगा, प्रदीप ओझा, तौकीर आलम, शिवरंजन कुमार, देवेंद्र पाठक सहित कई अस्पतालकर्मी और काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# इंडिया मानवाधिकार एसोसिएशन की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/ पलामू।** विश्रामपुर के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर परिसर में स्थित सामुदायिक भवन में रविवार को बजे इंडिया मानवाधिकार एसोसिएशन की एक बैठक हुयी। बैठक में संगठन की मजबूती व विस्तार पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनिल गुप्ता व संचालन महासचिव विनय कुमार सिंह ने किया। बैठक में समाज के दबे-कुचले व महिलाओ की आवाज को बुलंद करने, संविधान के अनुसार महिलाओ के मौलिक अधिकार की रक्षा करना तथा पुलिस के साथ समन्वय बनाकर क्षेत्र में अपराधमुक्त वातावरण बनाने का प्रयास करने का निर्णय लिया गया।बैठक के दौरान प्रखंड स्तरीय कमेटी का विस्तार भी हुआ। सर्वसम्मति से शंकर चंद्रवंशी व किरण गुप्ता को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा राजेश सिंह, अब्दुल हकीम अंसारी, यदुनि राम, ममता देवी व मीरा देवी को सचिव, देवनारायण सिंह, शंकर राम, अंशु कुमारी और नागवंती देवी को उपाध्यक्ष, सुदेश चंद्रवंशी को कोषाध्यक्ष तथा देवनारायण सिंह को कार्यालय सचिव बनाया गया है।

## पथरा मुखिया नरेश पासवान राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड के पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह के लिए चयन किया गया है। इस संबंध में झारखंड सरकार के पंचायती राज उप निदेशक ने भारत सरकार के पंचायती मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव को सूची भेजी है। जिसमे आगामी 11 दिसम्बर को दिल्ली विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह में सम्मानित किया जायेगा। मुखिया नरेश पासवान ने बताया कि पलामू जिला से मैं चयनित किया गया हूं। इधर पथरा पंचायत के सभी गांवों में मुखिया को राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने की खबर से खुशी की लहर है।

# झरगड़ा पंचायत सचिवालय में पशुपालकों को मिला प्रशिक्षण




आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड के झरगड़ा पंचायत सचिवालय में पशुपालन विभाग द्वारा पशुपालकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में पंचायत क्षेत्र के दूर दराज ग्रामों से दर्जनो की संख्या में पशु पालक उपस्थित हुए। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन जिला गव्य विकास पदाधिकारी सुरेश कुमार, प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ तौहीद इकबाल, पंचायत के मुखिया अशोक चौधरी, पंचायत समिति सदस्य मानती देवी आदि ने संयुक्त रूप से किया । प्रशिक्षण के दौरान गव्य विभाग के पदाधिकारियों के द्वारा विभाग द्वारा चलायी जा रहीं योजनाओं पशु प्रवर्धन, संक्रामक बीमारियों के टीकाकरण, परिजीवी संक्रमण से रोकथाम की जानकारी, उन्नतशील पशु प्रजनन, गभार्धारण में लाभ, बांझपन की चिकित्सा, हरे चारे का महत्व, भेड़-बकरी पालन की योजनाएं और राष्ट्रीय पशुधन बीमा के बारे में जानकारी दी गयी। मौके पर पंचायत के मुखिया अशोक चौधरी ने पशुपालकों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में दी गयी जानकारियों से लाभ उठाने की बात कही।

इस अवसर पर सीआरपी राजू प्रसाद गुप्ता, वार्ड सदस्य, समाजसेवी सहित दर्जनों पशुपालक मौजूद थे।

# सीओ की जांच के बाद भी तिल फैक्ट्रियों पर नहीं हुई कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/ पलामू।** पलामू जिले के हरिहरगंज में अवैध तिल फैक्ट्री का जांच अंचलाधिकारी मनीष कुमार सिन्हा ने बीते दिनों की थी। जिसका खबर अखबार में प्रमुखता छापी गयी थी। जिसमें सीओ ने बताया था कि जांच के दौरान तिल फैक्ट्री से निकलने वाली गंदा एवं अत्यंत दुर्गंधयुक्त पानी बटाने नदी में बहाया जा रहा था। वहीं किसी भी तिल फैक्ट्री संचालकों के पास लाइसेंस निर्गत नहीं है और न हीं कंपनी एक्ट के तहत रजिस्टर्ड है और यह अवैध है। इसके बावजूद अब तक तिल फैक्ट्रियों के संचालकों पर कार्रवाई न होना संचालकों के साथ अधिकारियों की संलिप्तता को दशार्ता है। वहीं जांच किये जाने का मामला गहराता जा रहा है। पूछे जाने पर सीओ मनीष कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को बताया कि जांच प्रतिवेदन अनुमंडल पदाधिकारी छतरपुर को दे दी गयी है। उन्होंने बताया कि जल्द ही एसडीओ द्वारा जांच करने का ऐसा आश्वासन मिला है। बता दें कि हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के घाघरा बटाने नदी तट पर राजेंद्र जायसवाल और तूरी टोला गिद्दी बटाने नदी तट पर राकेश जायसवाल द्वारा बड़े पैमाने पर तिल की फैक्ट्री खोल कर कारोबार की जा रही है। जिसका गंदा एवं अत्यंत दुर्गंधयुक्त पानी बटाने नदी में सीधा बहाया जा रहा है। जिससे जन जीवन का खतरा बना हुआ है।

# टोल प्लाजा के कर्मियों के खिलाफ सीओ ने करायी प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता



जानकारी देते सीओ मनीष कुमार सिन्हा।

**हरिहरगंज/ पलामू।** हरिहरगंज अंचलाधिकारी मनीष कुमार सिन्हा ने बीते शनिवार को टॉल प्लाजा कर्मियों के विरुद्ध सरकारी कार्य में बाधा डालने पर प्राथमिकी दर्ज कराया है। इस संबंध में सीओ ने हरिहरगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कहा कि 4 दिसंबर को टास्क फोर्स की बैठक में मेदिनीनगर जाने के दौरान टॉल प्लाजा पर कर्मियों ने उन्हें करीब 20 मिनट रोका और उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। उन्होंने बताया कि टॉल प्लाजा की मशीन खराब होने के कारण मेदिनीनगर की ओर जाने वाली सभी वाहनों को रोका गया था। सीओ द्वारा परिचय दिए जाने के बाद भी उन्हें जाने नहीं दिया जा रहा था। सीओ ने सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में हरिहरगंज थाना में टॉल प्लाजा कर्मियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है।


# नर सेवा ही नारायण सेवा है : निर्दोष

आजाद सिपाही संवाददाता




**सतबरवा / पलामू ।** रविवार को सदर प्रखंड के सरजा पंचायत अंतर्गत ग्राम भूसड़ीया में आदिम जनजाति परहीया परिवार के बीच नारायण सेवा समिति सतबरवा के द्वारा ठंड को देखते हुए इलाइट पब्लिक स्कूल चियांकी के सहयोग से सैकड़ो गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। नारायण सेवा समिति ट्रस्ट सतबरवा के अध्यक्ष निर्दोष कुमार ने बताया कि पिछले 5 वर्षों से ट्रस्ट के द्वारा प्रखंड मुख्यालय के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में गरीब असहाय और आदिम जनजाति के लोगों के बीच जाकर निशुल्क वस्त्रों का वितरण किया जा रहा है। यह गर्म कपड़े हमें सतबरवा, डाल्टनगंज, बरवाडीह के दुकानदार समाजसेवी एवं कई स्कूलों के द्वारा उपलब्ध कराया जाता है जिसे हम गरीबों में जाकर वितरण करने का कार्य करते हैं। आज के वस्त्र हमें एलिट पब्लिक स्कूल चियांकी के द्वारा उपलब्ध कराया गया था। वहीं एलिट स्कूल के प्राचार्य ने कहा कि सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेना चाहिए ताकि बच्चे को भी सामाजिक कार्य और सेवा भाव का समझ आ सके।

## स्पोर्ट्स



नीतीश रेड्डी ने 47 गेंद में छह चौके और एक छक्के की मदद से 42 रन बनाकर आउट हुए। मोहम्मद सिराज सात रन बनाकर आउट हुए और भारत की दूसरी पारी 175 रन पर सिमट गयी।

# ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम को 10 विकेट से हराया, सीरीज 1-1 से बराबर

एजेंसी



**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले गए दूसरे टेस्ट (डे-नाइट) मैच में भारतीय टीम को 10 विकेट से हरा दिया है। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 19 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे उसने बिना कोई विकेट गंवाएं आसानी से हासिल कर लिया। इस जीत के साथ पांच मैचों की सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबर हो गयी है। सीरीज का पहला टेस्ट भारतीय टीम ने 295 रन से अपने नाम किया था।

मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने पहली पारी में 180 रन बनाये थे। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 337 रन बनाये और 157 रनों की बढ़त हासिल की। भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 175 रन बनाए और 18 रन की बढ़त हासिल की। इस तरह मेजबान टीम को 19 रन का लक्ष्य मिला। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में बिना कोई नुकसान के जीत दर्ज कर ली। सलामी बल्लेबाजी उस्मान ख्वाजा नौ रन और नाथन मैकस्वीनी 10 रन बनाकर नाबाद रहे। सीरीज का तीसरा मुकाबला ब्रिस्बेन में 14 दिसंबर से खेला जायेगा।

**भारत की दूसरी पारी**

भारतीय टीम ने रविवार को पांच विकेट पर 128 रन से आगे खेलना शुरू किया। तीसरे दिन के पहले ही ओवर में बड़ा झटका लगा। ऋषभ पंत स्लिप में कैच आउट हो गये। पंत ने 28 रन बनाये। इसके बाद रविचन्द्रन अश्विन भी कुछ खास नहीं कर सके और सात रन बनाकर आउट हो गये। हर्षित राणा खाता भी नहीं खोल सके। नीतीश रेड्डी ने जरूर बल्ले से कुछ रन बटोरे। वह अर्धशतक से चूक गये और 47 गेंद में छह चौके और एक छक्के की मदद से 42 रन बनाकर आउट हुए। आखिर में मोहम्मद सिराज सात रन बनाकर आउट हुए और भारत की दूसरी पारी 175 रन पर सिमट गयी। इससे पहले शनिवार को दूसरे दिन सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 24 रन, केएल राहुल सात रन, शुभमन गिल 28 रन, विराट कोहली 11 रन और कप्तान रोहित शर्मा छह रन बनाकर आउट हुए थे।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से दूसरी पारी में कप्तान पैट कमिंस ने पांच विकेट झटके, जबकि स्कॉट बोलैंड को तीन विकेट मिले। मिचेल स्टार्क ने दो विकेट लिए।

# झारखंड दिव्यांग महिला क्रिकेट टीम उपविजेता हो कर रांची लौटी

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 'उमाग दिव्यांग महिला क्रिकेट टूर्नामेंट' जो कि दिनांक 04.12.2024 से 6.12.2024 तक मध्यप्रदेश के भोपाल शहर ओल्ड चैंपियांन ग्राउंड मे संपन्न हुआ। इस टूर्नामेंट मे छः राज्यों झारखंड, जम्मू कश्मीर, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र, तेलंगाना और केरल ने हिस्सा लिया। झारखंड के टीम को संजुकता एक्का के कप्तानी मे खेला गया। झारखंड ने जम्मू कश्मीर और महाराष्ट्र को हराकर फाइनल में पहुंचे। दिनांक 06.12.2024 को मध्यप्रदेश के साथ फाइनल खेला गया। फाइनल मैच मे मध्यप्रदेश से झारखंड 5 रन से हार कर उप विजेता रहा। इस पूरे टूर्नामेंट मे मैन ऑफ दा सीरीज और बेस्ट बैट्समैन का खिताब झारखंड के कप्तान संजुक्ता एक्का को एवं बेस्ट बॉलर का खिताब महिमा उरांव को दिया गया। झारखंड उपविजेता टीम को पुरुस्कार ट्रॉफी के साथ नगद राशि दिया गया। पहली बार झारखंड के दिव्यांग महिला खिलाड़ी ने डे नाइट सीरीज खेल कर इतिहास रचा। पूरे टिम को झारखंड पैरा ओलंपिक कमिटी ऑफ झारखंड के सचिव एवं अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी मुकेश कंचन ने रांची रेलवे स्टेशन पर हौसला अफजाई करते हुए स्वागत किया। उन्होंने सभी खिलाड़ी को शुभकामना देते हुए पुनः तैयारी करने को कहा। भूरे टीम को राहुल मेहता अध्यक्ष झारखंड डिसेबल क्रिकेट एसोसिएशन, सरिता सिन्हा सचिव, उपाध्यक्ष पतरस तिर्की, समाज सेवी जगदीश सिंह जग्गू, ने बधाई दिया। इस टीम मे संजुकता एक्का कप्तान, प्रतिमा तिर्की, महिमा उरांव, असुनता टोप्पो, सरिता मुंडा, सुनीता कुमारी, तारमणि लकड़ा, निक्की कुमारी,जयश्री कुमारी, अनिता तिर्की, पुष्पा मिंज, पवन लकड़ा टीम मैनेजर, शैलेन्द्र, सुष्मिता शामिल थे ।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 09 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in



### धनबाद जिले के सभी ब्लॉक में विधिक सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

# 7.9 करोड़ की परिसंपत्तियों का वितरण

**- डालसा प्रशासनिक निष्क्रियता के प्रतिहित प्रहरी के रूप में कार्य करती है : न्यायाधीश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर रविवार को जिले के सभी प्रखंडों में एक दिवसीय विधिक सशक्तिकरण सह जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान निरसा प्रखंड कार्यालय में आयोजित मेगा एंपावरमेंट शिविर में लोगों को संबोधित करते हुए अवर न्यायाधीश संतोषणी मुर्मू ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार प्रशासनिक निष्क्रियता के प्रतिहित प्रहरी के रूप में कार्य करती है। सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक सुगमता से पहुंचाने में मदद करना ही इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है। एलएडीसीएस डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट ने कहा कि दूर-सुदूर ग्रामीण इलाकों में रह रहे लोगों को त्वरित न्याय कैसे मिले इस पर जागरूक करने के लिए डालसा इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करते रहा है, ताकि जिले के सुदूर इलाकों में रह रहे ग्रामीण जनता तक सुलभ एवं त्वरित न्याय प्रक्रिया को पहुंचाया जा सके। इस बाबत जानकारी देते हुए डालसा के प्रभारी सचिव निताशा बारला ने बताया कि विभिन्न ब्लॉकों मे आयोजित विधिक सशक्तिकरण शिविर में 96 हजार 267 लाभुकों के बीच सात करोड़ नौ लाख 26 हजार 458 रुपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। कहा कि सूदूर ग्रामीण इलाकों में रह रहे आम जनता तक न्याय सुलभ एवं त्वरित पहुंचे एवं साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनमानस तक पहुंच सके इसे लेकर ही धनबाद, निरसा, गोविंदपुर, कलियासोल, एगारकुंड, बाघमारा, बलियापुर, टुंडी, पूर्वी टुंडी, तोपचाची ब्लॉकों में शिविर आयोजित हुआ, जहां न्यायिक पदाधिकारी क्रमशः अनामिका कच्छप, संतोषणी मुर्मू, अर्पिता नारायण, मेघा प्रियंका लकड़ा, सत्यभामा कुमारी, ऋषि कुमार, अपेक्षा, हेमंत कुमार सिंह, सुरेश उरांव, विवेक राज एवं एलईडीसीएस, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक सुमन पाठक, नीरज गोयल, मुस्कान चोपड़ा, स्वाति कुमारी, जिला परिषद दीपाली रोहिदास, प्रखंड प्रमुख आशा कुमारी, बीडीओ इंद्र लाल ओहदार आदि उपस्थित रहे।



जरूरतमंदों के बीच आवंटित परिसंपत्तियों के वितरण के अवसर पर डालसा के अधिकारी-पदाधिकारीगण।

# ऐना मार्ग पर दवा दुकानदार से डेढ़ लाख की लूट

### एक दर्जन से अधिक लुटेरों ने दिया घटना को अंजाम

**- सभी लूटेरों की उम्र 17 से 18 साल के बीच**

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनसार।** झरिया थाना क्षेत्र स्थित एना कोलियरी और दो नंबर भूली क्वार्टर के बीच सुनसान मार्ग पर शनिवार की देर रात बदमाशों ने शाहिद अंसारी नामक दवा दुकानदार से लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है। इससे उक्त मार्ग से गुजरने वालों के बीच भय का माहौल है। उधर, घटना की सूचना पाकर पुलिस पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। इस संबंध में भुक्तभोगी शाहिद ने अज्ञात लूटेरों के खिलाफ झरिया थाना में शिकायत दर्ज करायी है। उसने बताया कि उसकी मेमको मोड़ में दवा की दुकान है। शनिवार की रात वह दुकान बंद कर अपने घर शिमलाबहाल लौट रहा था। जैसे ही एना कोलियरी और दो नंबर भूली क्वार्टर से पास से गुजर रहा था, तभी एक दर्जन से अधिक युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया। सभी की उम्र 17 से 18 साल के बीच थी। उसने लड़कों के किनारे से बाइक लेकर निकालने की कोशिश की, तो दो लड़कों ने पीछे से उसकी बाइक पकड़ ली। इसके बाद उससे 12 हजार रुपया नकद, बाइक और करीब 15 हजार रुपये मूल्य के दवा की पेटी लूट ली। इसके बाद झाड़ियों में पटक कर उसके साथ मारपीट की। जिससे उसे चोट भी आयी है। किसी तरह उसने उनलोगों के चंगुल से भागकर अपनी जान बचाई। इसके बाद उसने 100 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दी। खबर पाते ही झरिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंय गयी। उधर, स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग में चार साल पहले लूटपाट होती थी। लेकिन पिछले तीन साल से ऐसी घटना बंद हो गयी थी। अब फिर से ऐसी घटना होने लगी है, जिससे भय का माहौल बन रहा है। लोगों ने बताया कि इस मार्ग में कुछ किशोर व युवक नशे का सेवन करते है। ऐसे युवाओं को देर रात तक क्षेत्र मं लावारिस घूमते देखा जाता है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से इस मार्ग पर नियमित गश्ती करने कर संदिग्ध लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# बेटियों को मिल रहा लाभ मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच का नजीता : योगेंद्र प्रसाद



**मंत्री ने उन्नति का पहिया योजनांतर्गत स्कूली छात्राओं के बीच किया का साइकिल वितरण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**आइइएल।** पेयजल, स्वच्छता व उत्पाद और मद्द निषेध विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद रविवार को गोमिया प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। जहां बीडीओ महादेव कुमार महतो और सीओ आफताब आलम ने मंत्री योगेन्द्र प्रसाद को बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान मंत्री ने झारखंड सरकार की उन्नति का पहिया योजनांतर्गत स्कूली छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की दूरदर्शी सोच का नतीजा है कि आज बेटियों के जन्म बाद से पढ़ाई लिखाई से लेकर शादी होने तक विभिन्न योजनाओं के जरिए मदद और लाभ दिया जा रहा है। इस मौके पर खम्हरा पंचायत के मुखिया बंटी उरांव, ससबेडा पूर्वी पंचायत के मुखिया अंशु कुमारी, ससबेड़ा पश्चिमी पंचायत के मुखिया शांति देवी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष लुदु मांझी, झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष अमित पासवान, पूर्व मुखिया धनंजय सिंह, मुखिया प्रतिनिधि पिंटू पासवान, झामुमो नेता कृष्ण दयाल सिंह, समाजसेवी पिंटू पासवान, दुर्गा प्रसाद नायक, राजू शाही, नसीम अंसारी, राजू पासवान, गुलाम सरवर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# 10 दिन से लापता अधेड़ का मिला शव

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** थाना क्षेत्र के झरिया टेंपो स्टैंड धर्मशाला सड़क के समीप रविवार की सुबह एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। उसकी पहचान अर्जुन राउत के रूप में हुई है। वह लोदना का रहने वाला था। उधर, वहीं से गुजर रहे समाजसेवी सौरव शर्मा की नजर शव पर पड़ी, तो उससकी सूचना झरिया पुलिस को दी। खबर पाते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी और शव का पंचनाम कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सौरभ शर्मा ने बताया कि मृतक व्यक्ति को दो-तीन दिन पहले ही झरिया में देखा गया। ऐसा प्रतीत होता है कि ठंड की वजह से उसकी मौत हुई होगी। जिला प्रशासन से मांग है कि झरिया में रह रहे राहगीरों के लिए जलावन की व्यवस्था अविलंब की जाए। दूसरी ओर, पिता की मौत की खबर पाकर उसका बेटा सूरज भी झरिया थाना पहुंच गया। उसने पत्रकारों से बातें करते हुए बताया कि उसके पिता बाघमारा में ट्रांसपोटिंग का काम करते थे। 10 दिन पहले घर छोड़कर चले गये थे। उन लोगों ने काफी तलाश की, लेकिन कहीं से कोई खबर नहीं मिली। इस बीच लापता होने की सूचना लोदना ओपी पुलिस को भी दी थी। इस बीच रविवार को एक व्यक्ति से पता चला कि उसके पिता चार नंबर के पास मृत अवस्था में पड़े हैं। वहीं, पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा।

# तोपचांची अंचल कार्यालय में अलग-अलग 10 हल्का कर्मचारी स्थापित करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**तोपचांची।** अंचल अंतर्गत आने वाले 111 राजस्व गांव के भूराजस्व समस्याओं का निष्पादन, जाति, आय और आवासीय प्रमाण पत्र समय पर निर्गत नहीं होने से रैयत और जरूरतमंद विद्यार्थी इन दिनों काफी परेशान है। उनके विभिन्न सरकारी विभागों में जरूरी प्रमाणपत्र जमा नहीं हो पते है, जिससे जरूरतमंद सरकारी लाभ से वंचित हो रहे हैं। बताते चलें कि तोपचांची अंचल के 111 राजस्व गांव के 10 हल्का के लिए एकमात्र हल्का कर्मचारी जगदीश बैठा कार्यरत हैं। जबकि इसके लिए 10 हल्का कर्मचारी कार्यरत रहना चाहिए। तोपचांची क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता सह युवा नेता सदानंद महतो एवं शंकर रवानी ने जनहित में 10 हल्का के लिए अलग-अलग कर्मचारी नियुक्त करने की मांग संबंधित पदाधिकारी से की है, ताकि तोपचांची अंचल कार्यालय से भूमि-राजस्व समस्याओं का निदान और जाति आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र समय पर निर्गत हो सके।

# फुसरो में ज्वेलरी दुकान में चोरी, दो संदिग्ध हिरासत में

**डॉग स्क्वार्ड की मदद से जांच में जुटी बेरमो पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददाता



**फुसरो/बेरमो।** बेरमो थाना क्षेत्र के नया रोड स्थित आभूषण दुकान में शनिवार की रात दुकान का शटर तोड़कर चोरों ने वहां से करीब 65 हजार रुपए के आभूषण चोरी कर ली। ज्वेलर्स दुकान के संचालक वीरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि चोरी की जानकारी उन्हें रविवार की सुबह स्थानीय लोगों से मिली। जिसके बाद उन्होंने तुरंत इसकी सूचना बेरमो पुलिस को दी। बताया कि चोरों ने सोने व चांदी के आभूषणों की चोरी की है। जिसकी कीमत करीब 65 हजार रुपए है। उधर, चोरी की सूचना मिलते ही बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने डॉग स्क्वार्ड की मदद ली। घटना स्थल पर मिले एक तौलिया (चोरों के होने के शक) को कुत्ते को सुंघाया गया। जिसे सुंघते हुए कुत्ता फुसरो के गोरांगो कॉलोनी होते हुए फुसरो स्टेशन पहुंच गया। स्टेशन के पास एक जूता मिला। उसे भी सुंघाया गया। जिसके बाद डॉग एक घर में गया और एक युवक को देखकर भौंकने लगा। इसके बाद पुलिस ने संदेह के आधार पर उसे पकड़ लिया। इसी बीच एक अन्य युवक को भी संदेह के आधार पर पकड़ा गया। पुलिस दोनों युवकों को थाना लाकर पूछताछ कर रही है।

### फुसरो से बाइक चोरी

**बेरमो थाना अंतर्गत रिवर साइड कॉलोनी करगली निवासी अनिल कुमार की बाइक चोरी हो गई। अनिल ने बेरमो थाना में लिखित आवेदन दी है। बताया कि अपने सहकर्मी के साथ दामोदर नगर नया रोड से बाइक लेकर फुसरो के नया रोड मे अपनी कंपनी आया था। वहीं से बाइक चोरी हो गयी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।**

# बीडीओ ने बेरमो में किया पोलियो टीकाकरण अभियान का शुभारंभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**जैनामोड़/बेरमो।** पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का रविवार से शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जरीडीह सीएचसी बेरमों में बीडीओ मुकेश कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनीष, डॉ वंदना, डॉ नीलू, डॉ कुमार मनीष, मुखिया प्रतिनिधि नरेश कुमार महतो ने अपने हाथों से बच्चों को पोलियो खुराक पिलाकर टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि सभी अस्पतालों, आंगनबाड़ी केंद्र में पोलियो की खुराक पिलायी जा रही है। कहा कि पोलियो खुराक पीने से एक भी बच्चा छूटना नहीं चाहिए। यदि एक भी बच्चा छूटा, तो सुरक्षा चक्र टूट जायेगा। साथ ही पोलियो बूथ का निरीक्षण कर बच्चों को अपने हाथों से पोलियो की खुराक पिलाई और पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान की प्रगति का जायजा लिया। पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाया जा रहा है। वहीं सोमवार और मंगलवार को टीकाकरण दल के कर्मचारी घर-घर जाकर पोलियो खुराक से वंचित बच्चों को चिन्हित कर उन्हें पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

# रैयती जमीन पर थाने का कब्जा




**झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव, बोकारो डीसी, डीजीपी, सीओ व चतरोचट्टी थाना प्रभारी को 13 जनवरी 2025 को हाजिरर होने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरोचट्टी।** चतरोचट्टी थाना की ओर से रैयती जमीन पर जबरन कब्जा करने के मामले में रैयतों द्वारा झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। इस मामले में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश संजय कुमार द्विवेदी ने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव, डीजीपी, बोकारो डीसी, गोमिया अंचल अधिकारी और चतरोचट्टी थाना प्रभारी को 13 जनवरी 2025 को हाजिर होने का आदेश दिया है। रैयत मोहम्मद वकील अहमद, मोहम्मद नसीम, मोहम्मद फहीम, मोहम्मद अकबर हुसनैन, मोहम्मद अब्दुल जब्बार आदि ने जबरन जमीन कब्जाये जाने के मामले को लेकर आठ सितंबर 2023 को झारखंड उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर इंसाफ की गुहार लगाया था। उनकी याचिका 29 सितंबर को स्वीकृत हुई थी। उक्त रैयतों का कहना था कि वर्ष 2018 मे चतरोचट्टी थाना की ओर से 4.92 एकड जमीन पर जबरन कब्जा कर कंटीले बाड़ा लगाकर घेराबंदी कर दी गयी है। रैयतों द्वारा इस कृत का विरोध किये जाने पर उन्हें बल प्रयोग कर भगा दिया गया था। जिसकी गोमिया अंचलाधिकारी, बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी, बोकारो, पुलिस अधीक्षक बोकारो से डीसी को रैयतो ने मौखिक और लिखित जानकारी देकर अपनी जमीन वापस दिलाने की गुहार भी लगाई थी। पर रैयतों को हर जगह से निराशा हाथ लगी थी। बाध्य होकर सभी रैयतों ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और एक रिट पीटिशन दायर किया। इस पीटिशन के स्वीकृत होने के बाद झारखंड उच्च न्यायालय ने 13 जनवरी 2025 को मुख्य सचिव, डीजीपी, उपायुक्त बोकारो, पुलिस अधीक्षक बोकारो, अंचलाधिकारी गोमिया एंव चतरोचट्टी थाना प्रभारी को हाजिर होने का आदेश दिया हैं। इस मामले को लेकर गोमिया अंचल कार्यालय के अधिकारियो सहित कामकाजी लोग में बैचेनी बढ़ गयी हैं।

### सांसद ढुल्लू महतो व पीएन सिंह ने किया संसदीय कार्यालय का उदघाटन

# जनता की समस्याओं का समाधान करना एवं धनबाद का विकास की उद्धेश्य : ढुल्लू महतो

## भाजपा का उद्देश्य समाज की हर जरूरतों को पूरा करना है : पीएन सिंह

**हम सभी को मिलकर धनबाद को तेजी से विकास की दिशा में आगे ले जाना होगा : बाघमारा विधायक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** जगजीवन नगर, (साइबर थाना के बगल में, बांग्ला नंबर दो) में धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो और पूर्व सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने रविवार को पार्टी के संसदीय कार्यालय का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि मेरी प्रारंभिक सोच हमेशा से यह रही है कि धनबाद के प्रत्येक वर्ग के लोगों को उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। आज धनबाद संसदीय कार्यालय का शुभारंभ इसी उद्देश्य के साथ किया गया गया है, ताकि पार्टी कार्यकर्ता एकजुट होकर जनता की सेवा कर सकें। सांसद ने कहा कि इस कार्यालय में मेरे सभी सक्रिय पदाधिकारी मौजूद रहेंगे, जो सेवा भाव और समर्पण के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में कार्य करेंगे। उन्होंने भाजपा को और भी मजबूत करने के प्रति अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि संगठन की ताकत से ही हम जनता के बीच अपने कार्यों का प्रचार-प्रसार कर सकते हैं। वहीं, पूर्व सांसद पीएन सिंह ने कहा कि यह कार्यालय सिर्फ एक भवन नहीं, बल्कि भाजपा के विचारों और हमारी मेहनत का प्रतीक है। कहा कि ढुल्लू महतो ने हमेशा जनता के बीच अपनी मजबूत पहचान बनाई है और इस कार्यालय के उद्घाटन से पार्टी को और भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का उद्देश्य केवल सत्ता पाना नहीं, बल्कि हमारे विचारों और सेवा भाव से समाज के हर जरूरत को पूरा करना है। हमें अपने कार्यकर्ताओं को और भी संजीदगी से एकजुट कर भाजपा के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। इस अवसर पर बाघमारा के नव निर्वाचित विधायक शत्रुघ्न महतो ने कहा कि सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर सम्मानपूर्वक पार्टी की विचारधारा के लिए कार्य करना होगा। हम सभी को मिलकर धनबाद को तेजी से विकास की दिशा में आगे ले जाना होगा। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ नेता संजय झा और धन्यवाद ज्ञापन नितिन भट्ट ने किया। इस मौके पर मिल्टन पार्थ सारथी, पंडित गुणानंद झा, पूर्व जिला अध्यक्ष हरिप्रकाश लाटा, सिंदरी से तारा देवी, चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष डब्ल्यू बाउरी, चिरकुंडा नगर परिषद के उपाध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, अखिलेश सिंह, संजीव अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# मजदूर की मौत के बाद मुआवजा देने में आनाकानी, लोंगों में आक्रोश, पुलिस तैनात

**निरसा (आजाद सिपाही)।** निरसा थाना क्षेत्र के तेतुलिया स्थित शुभ सेल्स भट्ठे के कर्मचारी संजय कुमार चौधरी की बरवाअड्डा में शनिवार को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को एम्बुलेंस से भठ्ठा लाया गया। इसकी सूचना भठ्ठा मालिक विनोद अग्रवाल को दी गई। लेकिन कर्मचारी की मौत को लेकर ईंटभट्ठा मालिक असंवेदनशील बना रहा। स्थानीय लोंगों ने बताया कि मृतक संजय उक्त भट्ठे में 25 वर्षों से कार्यरत था। भठ्ठा मालिक के ही निर्देश पर वह शनिवार को बरवाअड्डा किसी काम से गया था। काम कत्म करवापस लौट रहा था कि तभी वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। रविवार को शव का अंत्यपरीक्षण कराकर एम्बुलेंस से भठ्ठा लाया गया। मुआवजे के लिये भठ्ठा मालिक बिनोद अग्रवाल से संपर्क स्थापित किया गया। वह असंवेदनशील बना रहा। इससे ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। हालांकि इसकी सूचना ुाकर विधि व्यवस्था के लिये निरसा पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी थी। भठ्ठा मालिक के असंवेदनशील रवैये के देख कर लोगों ने नाराजगी जाहिर की। सूत्रों के अनुसार निरसा थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर मंजीत कुमार ने भठ्ठा मालिक बिनोद अग्रवाल से संपर्क स्थापित करने का प्रयास किया पर उसने फोन नहीं उठाया। समाचार लिखे जाने तक भठ्ठा गेट के बाहर लोंगों का जमावड़ा लगा हुआ है और मृतक का शव एम्बुलेंस में है। मृतक देवघर के कैरो का रहने वाला था। उसके छोटे छोटे बच्चे हैं ।

### राजस्थान के जोधपुर में बीएसएफ का 60वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया

# साहस, शौर्य और बलिदान के बल पर बीएसएफ ने देश के 'फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस' को मजबूत बनाया : अमित शाह

आजाद सिपाही संवाददाता





**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह रविवार को राजस्थान के जोधपुर में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 60वें स्थापना दिवस समारोह परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अपने संबोधन में गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के सिक्यूरिटी सिनोरियो में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है और इसमें हमारे बीएसएफ के जवानों का योगदान स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जायेगा। उन्होंने कहा कि छह दशकों से साहस, शौर्य और बलिदान के बल पर ही सीमा सुरक्षा बल ने देश की फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस को मजबूत करने का काम किया है। बीएसएफ ने सीमा पर आने वाली सभी चुनौतियों का मुकाबला कर देश की सुरक्षा की प्रथम पंक्ति को सशक्त किया है। श्री शाह ने कहा कि 1 दिसंबर, 1965 से लेकर आज तक निरंतर देश की पूर्वी और पश्चिमी सीमा को सुरक्षित रखने का बीएसएफ का रिकॉर्ड शानदार रहा है। गृह मंत्री ने कहा कि बीएसएफ के 1992 जवानों ने देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया है, जिसके लिए देश की जनता सदैव उनकी ऋणी रहेगी।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि छह दशकों से सीमा सुरक्षा बल ने हमारी सुरक्षा को चाक-चौबंद रखा है। देश की बढ़ती सुरक्षा जरूरतों को बीएसएफ के बिना पूरा करना असंभव है, इसीलिए 25 बटालियन से शुरू हुआ ये बल आज 193 बटालियन तक पहुंच गया है। श्री शाह ने कहा कि 2 लाख 70 हजार जवानों की संख्या वाला ये विश्व का सबसे बड़ा सीमारक्षक बल है। उन्होंने कहा कि बीएसएफ ने 2024 में भी जाली मुद्रा, नारकोटिक्स, घुसपैठ और वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ने का अपना रिकॉर्ड अनेक अभियानों के माध्यम से बरकरार रखा है।

उन्होंने कहा कि देश की प्रथम रक्षा पंक्ति के रूप में 1992 सीमा प्रहरियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है और अब तक उनमें से 1330 जवानों को पदक दिये गये हैं। इनमें 1 महावीर चक्र, 6 कीर्ति चक्र, 13 वीर चक्र, 13 शौर्य चक्र, 56 सेना मैडल और 1241 पुलिस पदक शामिल हैं।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि बांग्लादेश के साथ लगती 591 किलोमीटर सीमा पर बाड़ लगाने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि 1159 किलोमीटर सीमा पर फ्लड लाइट लगायी गयी हैं, 573 बॉर्डर आउटपोस्ट और 579 ऑब्जरवेशन पोस्ट बनाये गये हैं। इसके अलावा 685 स्थानों पर बिजली कनेक्शन, 575 पानी के कनेक्शन और 570 जगह पर सोलर प्लांट बनाकर बिजली की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि लगभग 1812 किलोमीटर के दुर्गम क्षेत्र में सीमा सड़क निर्माण और इनके माध्यम से गांवों के लिए कनेक्टिविटी बढ़ाने का काम नरेंद्र मोदी सरकार ने किया है।

अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि 4800 करोड़ रुपये के बड़े बजट के साथ प्रायोगिक स्तर पर शुरू किया गया वायब्रेंट विलेज प्रोग्राम है। इसके तहत देश की उत्तरी सीमा पर कई गांवों को वायब्रेंट विलेज बनाया गया है, विशेषकर उन गावों में जहां पर पलायन की समस्या थी। उन्होंने कहा कि ऐसे गांवों में हर प्रकार की कनेक्टिविटी, स्वास्थ्य सुविधाएं और वहां के नागरिकों को सम्मान, रोजगार और बेसिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए कई प्रकार के काम किए गए हैं। श्री शाह ने कहा कि लगभग 3000 गांवों में प्रायोगिक स्तर पर वायब्रेंट विलेज कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसे बाद में देश की सीमा के हर गांव तक पहुंचाया जायेगा।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल द्वारा ओखा में देश की पहली नेशनल कोस्टल पुलिस अकादमी की स्थापना की गयी है, जो हमारी जल सीमाओं की सुरक्षा में तैनात राज्यों की पुलिस और सीमा रक्षक बल की ट्रेनिंग का काम करती है। इसके साथ ही मोदी सरकार संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक व्यापक एकीकृत सीमा प्रबंधन प्रणाली लायी है। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल में कॉम्प्रिहेंसिव इंटीग्रेटेड बॉर्डर मैनेजमेंट सिस्टम को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में धुबरी में स्थापित किया गया है और इसके शुरुआती परिणाम बहुत उत्साहजनक हैं। उन्होंने कहा कि इसमें कुछ सुधार कर पाकिस्तान और बांग्लादेश की पूरी सीमा पर लागू किया जायेगा। श्री शाह ने कहा कि बॉर्डर फेंस को सुदृढ़ करने और भारत की ओर सीमा पर सड़कों के निर्माण के साथ-साथ कई और इंफ्रास्ट्रक्चर के काम किये गये हैं।

ड्रोन समस्या का उल्लेख करते हुए अमित शाह ने कहा कि आने वाले दिनों में यह और बड़ी हो जायेगी। उन्होंने कहा कि इसका आंकलन कर Whole of Government Approach के साथ देश की सभी सीमाओं की सुरक्षा कर रहे सभी सीमा सुरक्षा बलों, रक्षा मंत्रालय, डीआरडीओ और भारत सरकार के अनुसंधान में लगे सभी विभागों ने मिलकर एक लेजरयुक्त एंटी ड्रोन गन माउंट प्रणाली बनायी है। उन्होंने कहा कि पंजाब के साथ लगती अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर 55% ड्रोन हमलों को निरस्त कर ड्रोन को गिराया गया है, जो पहले तीन प्रतिशत के आसपास था। गृह मंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि कुछ ही वर्षों में एक संपूर्ण ड्रोन निरोधी यूनिट बनायी जायेगी, जो ड्रोन के कारण आने वाले खतरों से देश को सुरक्षित करेगी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि ये जवान देश की पहली रक्षा पंक्ति के रूप में खड़े होकर देश की सुरक्षा करते हैं और प्राकृतिक आपदा, आतंकवादी हमलों या फिर वामपंथी उग्रवाद, सबके खिलाफ मजबूती से लड़कर नागरिकों की सुरक्षा करते हैं। हमारे जवानों का हर कदम, संघर्ष और जीत पूरे देश को अहसास दिलाते हैं कि भारत अजेय है और इसे कोई पराजित नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ लोगों के मन में अजेय होने के इस विश्वास का पूरा श्रेय सीमा पर खड़े हमारे जवानों को जाता है। गृह मंत्री ने कहा कि इन जवानों के समर्पण और बहादुरी के बिना प्रधानमंत्री मोदी के 2047 तक एक पूर्ण विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना असंभव है और सिर्फ हमारे जवानों की वीरता, समर्पण, त्याग और बलिदान ही इसे संभव बना सकते हैं।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि हाउसिंग सेटिस्फेक्शन रेशियो बढ़ाने के लिए पिछले 5 साल में 13000 घरों को मंजूरी दी गयी है और गत 5 साल में मंजूर किये गये 11000 घरों को बनाने का काम पूरा कर दिया गया है। इसके साथ-साथ, 111 बैरक बनाये गये हैं और सीएपीएफ ई-आवास वेब पोर्टल के माध्यम से खाली पड़े घरों को आवंटित करने का काम भी किया गया है। श्री शाह ने कहा कि सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों ने पौधरोपण के लिए भी बहुत अच्छा काम किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार की सारी जनकल्याणकारी योजनाओं को गावों तक पहुंचाने के लिए भी सभी बलों ने भरपूर प्रयास किये हैं।

## मुख्यमंत्री को प्रयागराज महाकुंभ मेले का निमंत्रण



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रयागराज महाकुंभ के लिए मुख्यमंत्री मोहन माझी को निमंत्रण भेजे है। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अगले साल प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ के लिए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी को निमंत्रण भेजा है। उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से उत्तरप्रदेश के श्रम एवं नियोजन मंत्री अनिल राजभर और खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने मुख्यमंत्री आवास जाकर निमंत्रण पत्र दिया। प्रयागराज महाकुंभ 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक चलेगा।

आखिरी बार यह महाकुंभ मेला 2013 में लगा था। यह महाकुंभ मेला 13 जनवरी को प्रयागराज में लगेगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार महाकुंभ मेले के दौरान स्नान करने से पाप धुल जाते हैं। हर बार कुंभ मेले का आयोजन भारत में केवल चार पवित्र नदियों और चार तीर्थ स्थानों पर ही होता है। पौराणिक कथा के अनुसार जब देबासुरों के बीच अमृत कलश के लिए संघर्ष हुआ, तो उक्त कलश से चार बूंद अमृत चार स्थानों - प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में गिरा था। अब उन चार स्थानों पर महाकुंभ मेला लग रहा है।

## विश्वभूषण हरिचंदन को सीएनएमएस, नयी दिल्ली की सलाहकार परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया गया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के पूर्व कानून मंत्री और छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन को सीएनएमएस, नयी दिल्ली की सलाहकार परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नरेंद्र मोदी अध्ययन केंद्र (सीएनएमएस-नमो केंद्र) की कार्यकारी परिषद ने विश्वभूषण हरिचंदन को नियुक्त करने का फैसला किया है। वह एक दूरदर्शी नेता, एक निपुण शिक्षाविद, एक विपुल लेखक और एक प्रतिष्ठित वकील हैं। वह असाधारण बुद्धि, अनुभव और समर्पण के धनी नेता हैं, जिन्होंने सार्वजनिक सेवा और हमारे राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।







## सीबीआइ ने भुवनेश्वर में सिलसिलेवार छापेमारी कर 3 लोगों को किया गिरफ्तार

- भुवनेश्वर, कटक और छत्रपुर (गंजम), नयी दिल्ली और कोलकाता में पांच स्थानों पर एक साथ छापेमारी
- रिश्वत की रकम के साथ 4 करोड़ रुपये की आलीशान मर्सिडीज-मेबैक कार भी जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ), नयी दिल्ली ने भुवनेश्वर में छापेमारी की अपनी श्रृंखला जारी रखते हुए आज भुवनेश्वर में राम मंदिर के पास स्थित ब्रिज एंड रूफ कंपनी लिमिटेड पर छापा मारा और तीन लोगों को गिरफ्तार किया। भुवनेश्वर, कटक और छत्रपुर (गंजम), नयी दिल्ली और कोलकाता में पांच स्थानों पर एक साथ छापेमारी की जा रही है।

मूल्यांकन के बाद सीबीआइ ने बताया कि 1.5 करोड़ रुपये के सौदे को निपटाने के लिए 12 लाख रुपये की रिश्वत दी जानी थी। रिश्वत की रकम के साथ 4 करोड़ रुपये की आलीशान मर्सिडीज-मेबैक कार भी जब्त की गयी। इस संबंध में चार लोगों को हिरासत में लिया गया है।

सीबीआइ ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। इनकी पहचान ओड़िशा-पश्चिम बंगाल के ब्रिज एंड रूफ कंपनी लिमिटेड के प्रमुख चंचल मुखर्जी, आदित्य देव इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के एमडी देबदत्त महापात्रा और ठेकेदार प्रदीप महंत के रूप में हुई है। देबदत्त महापात्रा के घर से नकदी बरामद की गयी है।

गुप्त सूचना के आधार पर सीबीआइ टीम ने कमिश्नरेट पुलिस के साथ मिलकर भुवनेश्वर के मेफेयर होटल के पास छापा मारा और चार लोगों को हिरासत में लिया। उनके पास से भारी मात्रा में नकदी बरामद हुई।











## पुरी श्रीमंदिर के रत्नभंडार की मरम्मत 16 दिसंबर से शुरू होने की संभावना

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा के पुरी में स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर के खजाने रत्नभंडारा की मरम्मत और जीर्णोद्धार का काम 16 दिसंबर से शुरू होने की संभावना है। इस संबंध में एएसआइ अधीक्षक से जानकारी मिली है। इस पर चर्चा के लिए दो दिनों में बैठक होगी। बताया गया है कि मरम्मत कार्य के लिए प्रतिदिन 5 घंटे का समय चाहिए। एएसआइ अधीक्षक ने कहा कि पहले हम रत्नभंडार के बाहरी और फिर अंदरूनी हिस्से पर काम करेंगे। अगर किसी जगह पर पत्थरों को बदलने की जरूरत होगी तो हम उन्हें बदल देंगे। मंदिर के रत्नभंडार को पिछले साल जुलाई में निरीक्षण के लिए खोला गया था। सभी आभूषणों को एक संदूक में भरकर मंदिर में बने अस्थायी स्ट्रांग रूम में रख दिया गया है, लेकिन रत्नभंडार की मरम्मत का काम अभी तक शुरू नहीं हुआ है। पहले कहा गया था कि कार्तिक महीने के बाद रत्नभंडार की मरम्मत की जायेगी।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**